सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ


बुधवार, 01 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 87, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**युद्ध तय करेगा बाजार की दिशा**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच शेयर बाजार अनिश्चिताओं के बीच फंस गया, जिसकी दिशा अब युद्ध ही तय करेगा। } 10

**आठ सदियों तक ज्ञान का महान केन्द्र रहा है नालंदा विश्वविद्यालय**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय करीब आठ सदियों तक ज्ञान का महान केंद्र रहा और उसका पतन न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए बड़ी क्षति था। } 12



# निवेश, नवाचार व विनिर्माण का केंद्र बनेगा यूपी

## 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को सेक्टरवार रणनीति से हासिल करें : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह दस्तावेज केवल एक विजन नहीं, बल्कि प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और संरचनात्मक रूपांतरण का स्पष्ट रोडमैप है। उन्होंने निर्देश दिए कि इसे व्यापक और सहभागी बनाते हुए प्रदेशभर से प्राप्त 98 लाख से अधिक जन-सुझावों, विशेषज्ञों, उद्योग संगठनों तथा अन्य हितधारकों के विचारों का विश्लेषण करते हुए समाहित किया जाए और उसी आधार पर सेक्टरवार अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक कार्ययोजना शीघ्र जारी की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट व्यवहारिक, परिणामोन्मुख और समयबद्ध होना चाहिए, जो प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाने का ठोस आधार प्रस्तुत करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसे केवल सैद्धांतिक दस्तावेज न रखकर सेक्टरवार मिशनों, 2030, 2036 और 2047 के स्पष्ट लक्ष्यों तथा क्रियान्वयन योग्य कार्ययोजनाओं में विभाजित किया जाए। साथ ही सभी विभाग त्रैमासिक एवं वार्षिक लक्ष्यों के अनुरूप विभागवार और अंतर-क्षेत्रीय कार्ययोजना तैयार करें, जिसमें जिम्मेदारियों, अपेक्षित परिणामों और समन्वय की व्यवस्था स्पष्ट रूप से निर्धारित हो। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य स्तर पर तैयार विजन को जिला, शहर और पंचायत स्तर तक प्रभावी रूप से लागू किया जाए। इसके लिए जिला विजन 2047 तैयार कर स्थानीय आवश्यकताओं और संसाधनों के अनुरूप योजनाएं बनाई जाएं। साथ ही प्रमुख परियोजनाओं की सुव्यवस्थित पाइपलाइन तैयार कर उनकी सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि विकास कार्यों का प्रभाव जमीनी स्तर पर ...शेष पृष्ठ 10 पर



### हर जनपद में होगी मुख्यमंत्री फेलो की तैनाती : सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को गति देने के लिए प्रत्येक जनपद में मुख्यमंत्री फेलो की तैनाती के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आकांक्षात्मक विकास खंडों और आकांक्षी नगर निकाय कार्यक्रम की तर्ज पर जिला स्तर पर आर्थिक विकास को साक्ष्य-आधारित एवं परिणामोन्मुख बनाया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिला ओटीडी (वन ट्रिलियन डॉलर) सेल की आर्थिक एवं डेटा विश्लेषण क्षमता को सुदृढ़ किया जाए। इसके लिए प्रत्येक जनपद में दो विशेषज्ञ; एक आर्थिक विकास विशेषज्ञ तथा एक डेटा विश्लेषक को ओटीडी मुख्यमंत्री फेलो के रूप में तैनात किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन विशेषज्ञों के माध्यम से स्थानीय संसाधनों, निवेश के अवसरों एवं आर्थिक संभावनाओं का साक्ष्य-आधारित विश्लेषण कराया जाए तथा जनपद-केन्द्रित विकास रणनीतियों के निर्माण में जिला ओटीडी सेल को सशक्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि ओटीडी मुख्यमंत्री फेलो के जरिए जनपद स्तर पर संचालित आर्थिक गतिविधियों की मासिक प्रगति रिपोर्ट ऑनलाइन डैशबोर्ड पर अपलोड की जानी चाहिए। साथ ही प्रमुख सचिव/सचिव स्तर पर त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट एवं प्रस्तुतिकरण सुनिश्चित किया जाए। जनपद की आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि के लिए सुझावात्मक रिपोर्ट तैयार कर जिला ओटीडी सेल के संज्ञान में लाई जाए तथा स्थानीय आंकड़ों का विश्लेषण कर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कानपुर में किडनी रैकेट का भंडाफोड़, छह लोग गिरफ्तार

जिला संवाददाता

कानपुर (उप्र)। कानपुर पुलिस ने मंगलवार को कई निजी अस्पतालों के जरिए कथित तौर पर अवैध गुर्दा प्रतिरोपण कराने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए उसके सरगना तथा पांच चिकित्सकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि ये गिरफ्तारियां सोमवार देर रात कल्याणपुर इलाके में निजी चिकित्सालयों-मेड-लाइफ अस्पताल, आहूजा अस्पताल और प्रिया अस्पताल में एक साथ की गई छापेमारी के बाद हुईं।

**❍ कल्याणपुर में मेड-लाइफ, आहूजा व प्रिया अस्पताल में एक साथ की गयी छापेमारी**

उन्होंने बताया कि यह छापेमारी स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर की गई थी जिसका नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरिदत्त नेमी कर रहे थे। लाल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में डॉक्टर प्रीति आहूजा (50), उसके पति डॉक्टर सुरजीत सिंह आहूजा (54) तथा अर्धचिकित्साकर्मियों-- राजेश कुमार (44), राम प्रकाश (40) और नरेंद्र सिंह शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन लोगों पर अवैध अंग प्रतिरोपण में मदद करने का आरोप है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि इस रैकेट के कथित मास्टरमाइंड शिवम अग्रवाल (32) को भी गिरफ्तार किया गया है जिसने कथित तौर पर खुद को डॉक्टर बताया था।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक शुरुआती जांच से पता चला है कि बिहार के एमबीए छात्र आयुष से 10 लाख रुपये में एक गुर्दा लेकर उसे मेरठ की मरीज पारुल तोमर को 60 लाख रुपये में बेच दिया गया था। उन्होंने बताया कि कथित तौर पर सर्जरी के बाद पारुल और आयुष की हालत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें आगे के इलाज के लिए लाला लाजपत राय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस आयुक्त ने बताया कि आयुष मेड-लाइफ ...शेष पृष्ठ 10 पर

**संक्षेप**

### टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस भाजपा में शामिल



नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले मंगलवार को यहां भाजपा में शामिल हुए टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने कहा कि यह महज औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है और राष्ट्र की सेवा करने का एक बड़ा अवसर भी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में उनका स्वागत करते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने उम्मीद जताई कि पार्टी की ओर से पेस अब अब राजनीति में बड़ी पारी खेलेंगे। पेस (52) रीजीजू और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी सहित वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। टेनिस खिलाड़ी ने हाल में कोलकाता में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की थी, जिसके बाद उनके पार्टी में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई थीं।

## सेमीकंडक्टर आपूर्ति का हब बन रहा भारत : मोदी

एजेंसी

साणंद (गुजरात)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 21वीं सदी अपने साथ कई चुनौतियां लेकर आई है और संघर्षों के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित हुई हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सरकार आने वाले दशकों के लिए प्रौद्योगिकी और ऊर्जा सुरक्षा की एक मज़बूत नींव रख रही है। मोदी ने साणंद में केन्स सेमीकॉन के आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन किया, और इसके साथ ही वहां उत्पादन शुरू हो गया।

उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक बाज़ार में एक भरोसेमंद विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के तौर पर अपनी भूमिका को मज़बूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरह से आज साणंद और सिलिकॉन वैली के बीच एक नया सेतु बन गया है। मोदी ने इस अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सक्रिय रूप से एक मज़बूत सेमीकंडक्टर तंत्र का निर्माण कर रहा है और साथ ही कच्चे माल के लिए एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। उन्होंने रेखांकित किया कि जब कोविड महामारी ने आपूर्ति ...शेष पृष्ठ 10 पर




## बिहार के मंदिर में भगदड़, आठ की मौत

एजेंसी

बिहार शरीफ। बिहार के नालंदा जिले में दीपनगर थानाक्षेत्र के मघड़ा गांव में प्राचीन शीतला माता मंदिर में मंगलवार को भगदड़ मचने से कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल नजर आया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। भगदड़ के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। बिहारशरीफ के ...शेष पृष्ठ 10 पर



## पेट्रोल-डीजल व एलपीजी पर सरकार की सख्त निगरानी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने और कालाबाजारी तथा अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए 12 मार्च से अब तक 17,581 छापे मारे गए और निरीक्षण किए गए हैं। सरकार ने सोमवार देर रात एक बयान में यह जानकारी दी।

**❍ प्रदेश के 17 हजार से ज्यादा ठिकानों पर छापे**


बयान में कहा गया कि इस अवधि के दौरान, एलपीजी वितरकों के खिलाफ 33 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं, जबकि अन्य मामलों में 189 प्राथमिकियां दर्ज की गईं और 17 व्यक्तियों की गिरफ्तार किया गया। साथ ही, 224 लोगों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई शुरू की गई है। बयान में बताया गया कि मुख्य सचिव स्तर से जारी निर्देशों के बाद सभी जिलों में प्रशासन सक्रिय है और लगातार निगरानी की जा रही है। इसमें कहा गया है कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति फिलहाल ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ईरान के परमाणु केंद्र पर अमेरिकी हमला

एजेंसी

दुबई। अमेरिका-ईरान संघर्ष के बीच मंगलवार तड़के अमेरिकी हमले में ईरान के इस्फहान शहर में स्थित एक परमाणु ठिकाने को निशाना बनाया गया, जबकि तेहरान ने जवाबी कार्वाई में दुबई तट के पास एक कुवैती तेल टैंकर पर हमला किया।

इन घटनाओं ने क्षेत्रीय तनाव और वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अस्थिरता को और बढ़ा दिया है। खबर के अनुसार, इस्फहान में हुए हमले के बाद आसमान में काफी ऊंचाई तक आग फैलती हुई दिखी। यह वही क्षेत्र है जहां पिछले साल जून में भी अमेरिकी सेना ने कार्वाई की थी। अमेरिकी कार्वाई के बाद भी इस्फहान में ईरान का संवर्धित यूरेनियम संग्रहित होने की आशंका जताई जाती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमले का वीडियो साझा करते हुए कहा कि संघर्ष विराम ...शेष पृष्ठ 10 पर



## विविध सांस्कृतिक विरासत में भारत की शक्ति निहित : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तर-पूर्वी राज्यों से आए युवा दल के साथ संवाद करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी विविध सांस्कृतिक विरासत में निहित है। विभिन्न भाषाएं, परंपराएं और जीवनशैलियां देश को एक सूत्र में बांधकर मजबूत राष्ट्र का निर्माण करती हैं। एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के अंतर्गत उत्तराखंड पहुंचे इन विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री आवास में आयोजित संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान युवाओं ने शिक्षा, सुरक्षा, सांस्कृतिक आदान...शेष पृष्ठ 10 पर




**विशेष खबर**

**बीबीडी ग्रुप के संस्थापक, डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की जयंती पर शहर भर में भंडारे, फल वितरण व बीबीडी विश्वविद्यालय में स्टार नाइट समेत हुए विविध आयोजन**

# सेवा, संकल्प के रूप में मनी डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 65वीं जयन्ती

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के संस्थापक, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लखनऊ के मेयर रहे डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 65 वीं जयन्ती मंगलवार को राजधानी लखनऊ में सेवा, संकल्प के रूप में मनाई गई। जयन्ती पर बीबीडी विश्वविद्यालय में स्टार नाइट सहित शहर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विराज टावर व पुराना किला स्थित पुश्तैनी आवास पर परिवारजनों, समर्थकों और शहर के गणमान्य लोगों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रेसिडेंट विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती देवांशी दास एवं सुश्री सोनाक्षी दास सहित बीबीडी परिवार के तमाम सदस्यों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

बीबीडी ग्रुप के फाउंडेशन डे के अवसर पर शाम बीबीडी परिसर में स्टार नाइट का आयोजन हुआ, जिसमें प्रसिद्ध गायिका कनिका कपूर ने अपनी प्रस्तुति दी। यह सांस्कृतिक संध्या डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के जीवन और उनके योगदान को समर्पित रही। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की जयन्ती के अवसर पर सायं अपने पुश्तैनी आवास पुराना किला में डॉ. अखिलेश दास फाउण्डेशन द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से विराज सागर दास ने डॉ. अखिलेश दास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। विराज सागर दास ने कहा कि उनके पिता बीबीडी ग्रुप के संस्थापक, पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व महापौर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता का जीवन समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित था। उनकी विरासत को आगे बढ़ाना ही हमारे लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी और उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि डॉ. अखिलेश दास जी द्वारा शिक्षा और खेल के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य किये गये हैं। बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप को विश्वस्तरीय बनाने, निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, समाज सेवा के क्षेत्र में उनका जो सपना था वह आज साकार हो रहा है। उनकी प्रेरणा से बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट ...शेष पृष्ठ 10 पर




डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की जयंती पर बच्चों को उपहार देते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास



बीबीडी यूनिवर्सिटी परिसर स्थित डॉ. अखिलेश दास गुप्ता स्टेडियम में प्रस्तुति देतीं गायिका कनिका कपूर



गायिका कनिका कपूर को मोमेंटो देकर सम्मानित करते विराज सागर दास, श्रीमती अलका दास, देवांशी दास व सोनाक्षी दास

- ❍ बीबीडी यूनिवर्सिटी में मशहूर गायिका कनिका कपूर ने दी प्रस्तुति
- ❍ बीबीडी की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता ने कनिका कपूर का किया स्वागत
- ❍ कनिका के गानों पर जमकर झूमे बीबीडियन्स
- ❍ बीस हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने कनिका के गानों का लिया आनंद



कनिका कपूर के गानों पर थिरकते बीबीडियन्स फोटो : अमित वर्मा




डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की जयंती पर बच्चों को उपहार देते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास

# अलीगढ़ में बनेगा देश का पहला लॉक म्यूजियम

## 10 हजार करोड़ रुपये सालाना के पार जायेगा ताला उद्योग

- शिक्षा, शोध व तकनीकी जागरूकता के लिए स्थायी ज्ञान केंद्र होगा विकसित
- नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 50 किमी दूर होगा म्यूजियम, अमेरिका और यूरोप से आ सकेंगे विदेशी पर्यटक

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** अलीगढ़ का ऐतिहासिक ताला उद्योग अब वैश्विक पहचान बनने जा रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अलीगढ़ में देश का पहला लॉक म्यूजियम स्थापित करने का निर्णय लिया गया है, जो इस पारंपरिक उद्योग को संरक्षित करने के साथ-साथ आधुनिक तकनीक और नवाचार से जोड़ने का काम करेगा। इस पहल से ताला उद्योग का सालाना कारोबार 10 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंचने की संभावनाएं भी मजबूत हो गई हैं। सबसे खास बात यह है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से महज 50 किलोमीटर दूर होने के कारण बड़ी संख्या में अमेरिका और यूरोप से विदेशी पर्यटक यहां आ सकेंगे।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर तैयार की जा रही इस योजना का उद्देश्य अलीगढ़ के ताला उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। यह म्यूजियम न केवल एक प्रदर्शनी स्थल होगा, बल्कि एक व्यापक औद्योगिक और शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां पारंपरिक हस्तनिर्मित तालों से लेकर आधुनिक हाई-टेक सुरक्षा प्रणालियों तक की विकास यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे आने वाली पीढ़ियां इस उद्योग की तकनीकी, सामाजिक और आर्थिक यात्रा को समझ सकेंगी।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह पहल अलीगढ़ को उत्तर प्रदेश की वैश्विक औद्योगिक पहचान दिलाने में मील का पत्थर साबित होगी। म्यूजियम के माध्यम से युवाओं में कौशल विकास, डिजाइन, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा, जिससे उद्योग को नई दिशा प्राप्त होगी। साथ ही शिक्षा, शोध एवं तकनीकी जागरूकता के जरिए यह क्षेत्र नई आर्थिक ऊंचाइयों को छुएगा। सीएम योगी के निर्देश पर म्यूजियम को एक स्थायी ज्ञान केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाएगा, जहां प्रशिक्षण, शोध और तकनीकी विकास से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। म्यूजियम बनने से पारंपरिक कारीगरों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के साथ-साथ उनकी उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार होगा। वहीं ताला बनाने वाली एमएसएमई इकाइयों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा, जिससे निर्यात और बाजार विस्तार को नई गति मिलेगी।

यह परियोजना पर्यटन, अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। लॉक म्यूजियम के विकसित होने से देश-विदेश के पर्यटकों का आकर्षण बढ़ेगा, जिससे स्थानीय व्यापार और सेवाओं को मजबूती मिलेगी। साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिससे युवाओं को नई संभावनाएं मिलेंगी। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह पहल अलीगढ़ के ताला उद्योग को पारंपरिक पहचान से आगे बढ़ाकर आधुनिक और वैश्विक स्वरूप प्रदान करेगी। यह न केवल एक ऐतिहासिक उद्योग को संरक्षित करेगी, बल्कि उत्तर प्रदेश की औद्योगिक छवि को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्त बनाएगी।

# 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन से 2.31 लाख से अधिक बच्चों को मिली सहायता

- प्रदेश में मजबूत हुआ बाल सुरक्षा नेटवर्क, हर जिले में हेल्पलाइन यूनिट सक्रिय
- रेलवे स्टेशनों व बस अड्डों पर बच्चों की मदद करेगी हेल्पलाइन यूनिट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण को लेकर योगी सरकार का तंत्र अत्यंत सुदृढ़ हो चुका है। महिला कल्याण विभाग की 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को 24 घंटे त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य सरकार की इस पहल के तहत अब तक प्रदेश में 2.31 लाख से अधिक बच्चों को सहायता प्रदान की जा चुकी है। इनमें संकटग्रस्त, लावारिस, बाल श्रम और उत्पीड़न के शिकार बच्चे शामिल हैं।

यह आंकड़ा स्पष्ट करता है कि प्रदेश में बाल सुरक्षा के लिए एक मजबूत और संवेदनशील तंत्र विकसित किया गया है, जो जरूरतमंदों तक समयबद्ध सहायता पहुंचा रहा है।

महिला कल्याण विभाग की निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने बताया कि यह सेवा अब जमीनी स्तर पर प्रभावी नेटवर्क के रूप में कार्य कर रही है, जहां हर जिले में हेल्पलाइन यूनिट सक्रिय रूप से संचालित है और संकट में फंसे बच्चों तक तुरंत पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में ही 77 हजार से अधिक बच्चों को हेल्पलाइन के माध्यम से मदद मिली है, जो इसकी बढ़ती पहुंच और प्रभावशीलता को दर्शाता है।

1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के तहत त्वरित बचाव व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिसमें कॉल प्राप्त होते ही टीम 60 मिनट के भीतर आपात स्थिति में फंसे बच्चों तक पहुंचकर उन्हें सुरक्षित निकालती है। यह सेवा 24 घंटे पुलिस सहायता, चिकित्सा सुविधा, आश्रय और कानूनी परामर्श उपलब्ध कराती है, जिससे बच्चों को हर स्तर पर संरक्षण मिलता है। साथ ही, मुसीबत में फंसे बच्चों का बाल कल्याण समिति के माध्यम से पुनर्वास कर उन्हें उनके परिवार से मिलाने की व्यवस्था भी की गई है। 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा को रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों तक विस्तारित किया गया है, जिससे ऐसे स्थानों पर भटकने वाले या जोखिम में पड़े बच्चों तक तत्काल पहुंच बनाई जा सके।

इसके अंतर्गत राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम, समस्त जनपदों में चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट, 28 रेलवे स्टेशन यूनिट व 11 बस स्टैंड यूनिट की स्थापना की गई है। यह व्यवस्था बाल तस्करी और बाल शोषण जैसे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में भी सहायक बन रही है। योगी सरकार का यह मॉडल बाल सुरक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त, जवाबदेह और सक्रिय व्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आया है।

# अटल आवासीय विद्यालयों में लागू होगा प्रोजेक्ट प्रवीण

- 18 विद्यालयों के 3447 विद्यार्थियों को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में शिक्षा और कौशल विकास को एकीकृत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा अब प्रदेश के 18 अटल आवासीय विद्यालयों में प्रोजेक्ट प्रवीण लागू किया जाएगा, जिसके तहत 3447 विद्यार्थियों को आधुनिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

यह कदम प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में आगे बढ़ाई जा रही है। प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत विद्यार्थियों को आईटी, आईटीईएस, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। अब तक यह कार्यक्रम केवल सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में संचालित था, लेकिन अटल आवासीय विद्यालयों को जोड़ने से इसका दायरा और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे। मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल पर कराए गए सर्वे के आधार पर विद्यालयों को चयनित किया गया है।

सर्वे के अनुसार आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बस्ती, बांदा, गोंडा, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, बुलंदशहर, मिर्जापुर, प्रयागराज, गोरखपुर, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, बरेली और मुरादाबाद स्थित 18 अटल आवासीय विद्यालयों के कुल 3447 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण के लिए पात्र पाया गया है। विद्यार्थियों की विशेष रुचि आईटी, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स और एपरेल सेक्टर में देखी गई है। अटल आवासीय विद्यालय प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत संचालित हो रहे हैं, जिनका उद्देश्य श्रमिकों, प्रवासी कामगारों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभावान बच्चों को निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान करना है। कक्षा 6 से 12 तक संचालित इन विद्यालयों में अब आधुनिक कौशल प्रशिक्षण भी जोड़ा जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बल मिलेगा।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि प्रोजेक्ट प्रवीण एक 210 घंटे का निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें आईटी, ब्यूटी, हेल्थकेयर और इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स और इंडस्ट्रियल विजिट भी शामिल हैं। अब इसमें ।ᵖ वित ।सस मॉड्यूल को भी जोड़ा गया है, जिससे विद्यार्थी तकनीकी रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने कहा कि अटल आवासीय विद्यालयों को इस परियोजना से जोड़ने से वंचित एवं दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करने में मदद मिलेगी और स्कूल से स्किल मॉडल को मजबूती मिलेगी। इससे विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा और रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

# एमएसपी से किसानों को मिलेगा लाभ, पारदर्शी व्यवस्था हमारी प्राथमिकता : शाही

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने व्यापक रणनीति तैयार की है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को लोक भवन में पत्रकारवार्ता में बताया कि चना, मसूर और सरसों की खरीद 7 अप्रैल से 30 जून तक की जाएगी। खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी डिजिटल व्यवस्था और डीबीटी भुगतान प्रणाली के माध्यम से संचालित किया जाएगा, जिससे किसानों को सीधे लाभ मिल सके।

कृषि मंत्री ने बताया कि चने का एमएसपी 5875 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर का 7000 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों का 6200 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर का 8000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में चने पर 225 रुपये, मसूर पर 300 रुपये और सरसों पर 250 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। राज्य सरकार ने रबी सीजन के लिए खरीद लक्ष्य भी तय किए हैं। चने के लिए 2.24 लाख मीट्रिक टन, मसूर के लिए 6.77 लाख मीट्रिक टन तथा सरसों के लिए 5.30 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि सभी क्रय केंद्रों पर आधार-सक्षम पीओएस मशीनें स्थापित की गई हैं और भुगतान डीबीटी के माध्यम से किसानों के आधार-लिंक्ड बैंक खातों में भेजा जाएगा। खरीद व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए केंद्र की एजेंसियों के साथ राज्य की एजेंसियों का समन्वय किया गया है, जिससे अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके।

मंत्री ने बताया कि वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग ने विभिन्न योजनाओं पर 5700 करोड़ रुपये से अधिक व्यय किया, जबकि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सुधार से राज्य को 303 करोड़ रुपये की बचत हुई। बीज वितरण के तहत 11.25 लाख किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया गया और 12.73 लाख किसानों को मुफ्त बीज वितरित किए गए। जायद फसलों के लिए 31,950 क्विंटल बीज उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में वर्तमान में 25.41 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है और सभी 75 जनपदों में इसकी आपूर्ति सुचारु है।

उर्वरकों का वितरण डिजिटल प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता बनी हुई है। कृषि मंत्री ने किसानों से 15 मई तक फॉर्मर रजिस्ट्री कराने की अपील करते हुए कहा कि लगभग दो करोड़ किसान पंजीकरण करा चुके हैं, जबकि करीब 50 लाख किसान अभी शेष हैं। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री कराने से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

## खाद आपूर्ति में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं

**लखनऊ।** प्रदेश में उर्वरक की कम आपूर्ति और डायवर्जन को लेकर कृषि मंत्री ने कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों और कंपनियों को सख्त चेतावनी दी है। विधानसभा स्थित सभागार में सोमवार को उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों की जरूरतों के अनुरूप समय पर पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कुछ कंपनियों की ओर से आवंटन के बावजूद अपेक्षित मात्रा में आपूर्ति न करने को गंभीर लापरवाही बताया और चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने उर्वरक आपूर्ति की मॉनिटरिंग ठीक से न होने पर संबंधित अधिकारियों को भी फटकार लगाई। कृषि मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खराब प्रदर्शन करने वाली कंपनियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसमें ब्लैकलिस्टिंग, वित्तीय दंड और अन्य दंडात्मक प्रावधान शामिल हैं। उन्होंने कंपनियों को आगाह किया कि भविष्य में प्रतिबद्धताओं का पालन न करने पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उर्वरकों की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ऐसी रणनीति बनाई जाए जिससे आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा न आए और किसानों को समय पर उर्वरक मिल सके। बैठक में उर्वरक आपूर्ति एवं वितरण की प्रभावी निगरानी के लिए सुदृढ़ प्रणाली विकसित करने पर भी जोर दिया गया। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कंपनियों से उनकी आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े सभी विवरण स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने को कहा गया है तथा किसी भी प्रकार के विचलन पर तत्काल स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रदेश में निर्यात को मिली रफ्तार

## 1.31 लाख करोड़ पार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश निर्यात के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन नीतियों के प्रभाव से प्रदेश का निर्यात दोगुना होने के साथ वैश्विक बाजार में मेड इन यूपी की पहचान मजबूत हुई है। राज्य सरकार की निवेश-अनुकूल नीतियों, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और निर्यातकों को दी जा रही सुविधाओं से प्रदेश देश के अग्रणी निर्यातक राज्यों में तेजी से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। ह्लोकल टू ग्लोबल अवधारणा के तहत प्रदेश के उत्पादों की वैश्विक बाजार में मांग बढ़ी है।

आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर तक प्रदेश का कुल निर्यात 1,31,328 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 1,18,223.91 करोड़ रुपये की तुलना में 11.08 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016-17 में 86 हजार करोड़ रुपये का निर्यात 2024-25 में बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा रफ्तार को देखते हुए 2025-26 में नया रिकॉर्ड बनने के संकेत हैं। आईटी/आईटीईएस निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2015 में 15 हजार करोड़ रुपये का निर्यात बढ़कर 2024-25 में 82 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

प्रदेश के 77 उत्पादों को जीआई पंजीकरण मिल चुका है, जबकि 152 उत्पाद प्रक्रिया में हैं। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ और ग्रेटर नोएडा में स्थापित एक्सपो मार्ट अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से संपर्क का माध्यम बन रहे हैं। वहीं भदोही में विकसित कार्पेट एक्सपो मार्ट कालीन उद्योग को नई गति दे रहा है। इन पहलों से स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक मंच मिल रहा है और प्रदेश का हस्तशिल्प अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल कर रहा है।

# डिप्टी सीएम ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

- बृजेश पाठक ने कहा पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचार और सिद्धांत कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर की ओर चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कैंट मंडल दो प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन सत्र में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाए एवं उपलब्धियां, सांसद एवं विधायक द्वारा क्षेत्र के विकास कार्य, पार्टी के इतिहास और विचारधारा पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और सिद्धांत आज भी संगठन के कार्यकताओं के लिए प्रेरणादायक हैं उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यप्रणाली और जनसेवा के उद्देश्य से जोड़ना ही इस अभियान का मुख्य लक्ष्य है। एक सक्षम कार्यकर्ता ही सशक्त संगठन की नींव होता है। अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कि इस महाअभियान का मुख्य उद्देश्य संगठन को सशक्त बनाना है।

उन्होंने बताया कि इसका लक्ष्य पार्टी कार्यकताओं को वैचारिक, संगठनात्मक और व्यवहारिक रूप से सक्षम बनाना है, ताकि वे पार्टी की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें।

मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि महामंत्री धनश्याम दास अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनायक पांडेय, राकेश श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, सतीश आडवाणी, हरशरण लाल गुप्ता, मान सिंह, नामित पार्षद संतोष बलखंडी जी, अध्यक्ष कैंट मंडल दो महेंद्र राजपूत, मंडल महामंत्री कुलदीप मिश्रा, पवन लोधी, वार्ड अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता, बूथ अध्यक्ष राजेश सैनी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## ग्राम चौपालों से हो रहा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान

**लखनऊ।** प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। डबल इन्जन सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।

# भाजपा सरकार की गलत नीतियों से आम जनता संकट में

- रसोई गैस सिलेंडर लिए देश में जगह-जगह दिख रही है लाइन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि गिरने के मामले में रुपये और भाजपा की छवि के बीच जबरदस्त मुकाबला चल रहा है। जैसे-जैसे भाजपाई लोगों के कांड-कुकर्मों और भ्रष्टाचार का पदार्फाश हो रहा है वैसे-वैसे भाजपाई छवि और भी नीचे गिरती जा रही है। भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के खुलासे तो हो रहे हैं लेकिन इस्तीफे नहीं। भाजपा में हमेशा नैतिक दिवालियापन रहा है, अब तो वो पराकाष्ठा पर है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता संकट में फंस गई है। रुपए की कीमत लगातार गिरती जा रही है। महंगाई बढ़ती जा रही है। रसोई गैस सिलेंडर लिए देश में जगह-जगह लाइन दिख रही है। युद्ध के कारण आए ऊर्जा संकट को लेकर इस सरकार में कोई तैयारी नहीं की। भाजपा सरकार देश की जनता को गुमराह करती रही।

भाजपा सरकार में देश की विदेश नीति विदेशी तय कर रहे हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है लेकिन युद्ध से पैदा हुए वैश्विक संकट में सरकार तमाशाई बनी रही। इस विनाशकारी लड़ाई का असर हमारी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ आम जनता पर पड़ रहा है।

# जिला मुख्यालयों से जुडेंगी ग्राम पंचायतें

- सीधे परिवहन सुविधा होगी उपलब्ध
- 20 क्षेत्रों से 1010 औश्र लखनऊ क्षेत्र से आये 42 आवेदन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश के हजारों गांवों को सार्वजनिक परिवहन की सुविधा शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत ग्रामीण मार्गों पर मिनी बसें चलाने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से संचालित सभी 20 क्षेत्रों से आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च तक लगभग 1010 आवेदन प्राप्त हुए है।

यह जानकारी देते हुए परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि अप्रैल में चयन प्रक्रियां पूरी कर ली जाएगी, ताकि मई से ग्रामीण क्षेत्रों में बसों का संचालन शुरू कराया जा सके। उन्होंने बताया कि लखनऊ क्षेत्र से 42, अयोध्या से 20, अलीगढ़ से 87, आगरा से 38, आजमगढ़ से 43, इटावा से 27, कानपुर से 24, गाजियाबाद से 37, गोरखपुर से 40, चित्रकूट बांदा से 39, झांसी से 59, देवीपाटन से 25, नोएडा से 12, प्रयागराज से 118, बरेली से 41, मुरादाबाद से 78 ,मेरठ से 36, वाराणसी से 90, सहारनपुर से 144 एवं हरदोई क्षेत्र से 10 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि इस योजना से जुड़े मामलों में गंभीरता से काम किया जाए और प्रक्रिया समय पर पूरी की जाए। उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से प्रदेश की 59,163 ग्राम पंचायतों को परिवहन सुविधा से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। करीब 12,200 गांवों में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निजी मिनी बसों के संचालन की व्यवस्था की जा रही है।

प्रदेश सरकार की मंशा ग्रामीण मार्गों पर 15 से 28 सीट क्षमता वाली निजी मिनी बसों के संचालन की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायत को सुगम एवं सस्ती परिवहन सेवा से जुड़े हेतु प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों को विकास खण्डों, तहसील एवं जनपद मुख्यालय से सीधे परिवहन सुविधा से शत-प्रतिशत जोड़ा जा रहा है। प्रदेश के दूरस्थ एवं असंबद्ध ग्राम पंचायत को मुख्य धारा से जोड़ने और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक परिवहन सेवा पहुंचाना इस योजना का मुख्य आधार है।

ग्रामीण जनता को ब्लॉक तहसील और जिला मुख्यालय तक सीधी और सुरक्षित पहुंच प्रदान करना साथ ही निजी क्षेत्र के बस संचालकों के माध्यम से उन ग्रामीण मार्गों पर सेवा प्रदान करना, जहां परिवहन निगम की कम बसें संचालित है, इस योजना का मुख्य उद्देश्य है।

# कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का शुभारंभ

- तीन दिवसीय आयोजन में देश-विदेश से आए बौद्ध भिक्षु, संत, विद्वान जुटेंगे

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कुशीनगर के महापरिनिर्वाण स्थल से विश्व शांति का संदेश देने वाला अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन मंगलवार से शुरू हो गया। 2 अप्रैल तक चलने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में देश-विदेश से आए बौद्ध भिक्षु, संत, विद्वान, नीति-निमार्ता और युवा एक मंच पर जुटेंगे। सम्मेलन में भगवान बुद्ध की करुणा, शांति और शिक्षाप्रद संदेशों की वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में प्रासंगिकता पर गहन मंथन किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में जब दुनिया के अनेक हिस्सों में संघर्ष और अनिश्चितता का माहौल है, ऐसे समय में भगवान बुद्ध के जीवन संदेश सकारात्मक मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने बताया कि कुशीनगर में आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन वैश्विक स्तर पर शांति, सहअस्तित्व और आपसी समझ को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल है। कुशीनगर के महापरिनिर्वाण मंदिर में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का शुभारंभ मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसके बाद बुद्धा लाइफ गैलरी का उद्घाटन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर कुशीनगर के जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने अतिथियों का स्वागत किया।

आरआईएस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पंकज वशिष्ठ ने बौद्ध दर्शन की आज के दौर में प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। सम्मेलन में बुद्धाज कुशीनगर विषय पर एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। वहीं, स्थानीय विधायक और सांसद ने भी सम्मेलन की अहमियत को रेखांकित करते हुए अपने विचार साझा किए। औपचारिक उद्घाटन समारोह के बाद शांति उपवन में धम्म, संवाद और विकास विषय पर छात्र चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने कलाकृतियों के माध्यम से बौद्ध शिक्षा एवं मूल्यों को सृजनात्मक ढंग से अभिव्यक्त किया। उद्घाटन सत्र के पश्चात सम्मेलन के शैक्षणिक सत्रों का शुभारंभ हुआ। प्रथम सत्र भिक्षुओं के दृष्टिकोण से बौद्ध धर्म विषय पर केंद्रित रहा, जिसमें बौद्ध दर्शन के व्यावहारिक एवं आध्यात्मिक पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके बाद बौद्ध-जैन समागम विषय पर आयोजित सत्र में दोनों धर्मों की समानताओं, ऐतिहासिक संबंधों एवं समकालीन प्रासंगिकता पर चर्चा हुई।

सम्मेलन के तीसरे सत्र में उस वक्त माहौल खास हो गया, जब उप्र सरकार के पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने मुख्य वक्तव्य दिया। अपने संबोधन में उन्होंने प्रदेश के समृद्ध बौद्ध स्थलों, पर्यटन आकर्षणों, पारंपरिक कला-शिल्प और सांस्कृतिक विरासत की व्यापक तस्वीर प्रस्तुत की। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन के पहले दिन बौद्ध धर्म-धम्म, संवाद और विकास विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। दूसरे दिन (01 अप्रैल), विकसित कुशीनगर 2047 आगे की राह, कुशीनगर, फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री हब की संभावनाएं तथा निवेश के अवसर एवं इन्वेस्ट यूपी व राज्य नीतियों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन के तीसरे दिन (02 अप्रैल) बौद्ध धर्म अंतरराज्यीय समन्वय, कुशीनगर के लिए पांच वर्षीय धम्म आधारित विजन-2030 तक की रूपरेखा तथा युद्ध के समय में बुद्ध की प्रासंगिकता-विश्व को आत्ममंथन जैसे विषयों पर सत्र आयोजित होंगे।

संक्षेप

## पुलिस की तहरीर पर उन्नीस के खिलाफ दर्ज हुआ केस

प्रतापगढ़। जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस की तहरीर पर दोनों पक्ष के उन्नीस आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के सिपाही ऋषिकांत इन्दौलिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीस मार्च को अगई गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गयी। जांच में पता चला कि गांव के राम सुमेर गुप्ता के पुत्रगण जीतलाल गुप्ता, विजय गुप्ता, रोशन गुप्ता, तथा राम सुमेर की पत्नी कमला व निशा पत्नी विजय गुप्ता छः अज्ञात के साथ पिलर लगाकर बाउण्ड्री बना रहे थे। इसी विवाद को लेकर द्वितीय पक्ष के राधेश्याम पटेल के पुत्र मोतीलाल, अंकित, वंशीलाल व पुत्री निधि तथा पुष्पा पत्नी राजेश पटेल निवासीगण चोप सिंह का पुरवा अगई व आठ अज्ञात के साथ वहां पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों के उन्नीस लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया है।

## सोलर पैनल चोरी प्राथमिकी दर्ज

प्रतापगढ़। सोलर पैनल चोरी हो जाने की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे पौलहा गांव निवासी दयाराम वर्मा पुत्र स्व0 मोहनलाल वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसने अपने खेत में लगाए गए सबमर्सिबल को चलाने हेतु सोलर पैनल लगवाया है। आरोप है कि बीती उन्तीस मार्च की रात दो सोलर पैनल अज्ञात चोर उठा ले गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पति पर दर्ज हुआ उत्पीड़न का केस

प्रतापगढ़। पति की प्रताड़ना से आजिज आकर पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अर्जुनपुर रानीगंज कैथौला गांव की सुशीला सरोज पत्नी विजय कुमार उर्फ अर्जुन कुमार सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके पति आये दिन उसके साथ मारपीट करते हैं। आरोप है कि बीती उन्तीस मार्च की रात पति ने गालीगलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी और भगा दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद पति विजय कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बिदुहनी गांव में खेतों में लगी आग, फसल जलकर राख

कटरा, श्रावस्ती। ग्राम पंचायत बिदुहनी में मंगलवार को अज्ञात कारणों से खेतों में अचानक आग लग गई। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे राम चन्दर पाण्डेय के गन्ने के खेत में आग लगी, जो तेजी से फैल गई। देखते ही देखते आग ने आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आकर नानक शरण और नाथू राम के गेहूं के खेत का कुछ हिस्सा जलकर राख हो गया। आग की लपटें देख गांव के लोग मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने पानी और हरी झाड़ियों की मदद से करीब डेढ़ घंटे में आग पर काबू पा लिया। हालांकि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## पत्नी और दो बच्चों की हत्या कर युवक ने की खुदकुशी

मुजफ्फरनगर। जिले के सिविल लाइंस थानाक्षेत्र में मंगलवार को कथित रूप से घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने अपनी पत्नी और दो बच्चों की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के सरवत इलाके में इरशाद (32) नामक एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी नौरीन (30), बेटे अहिल (2) और दो माह की बेटी अक्सा को जहर खिला दिया, जिससे उनकी मौत हो गयी। उसके बाद इरशाद ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। पुलिस चारों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए ले गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शुरुआती जांच और रिश्तेदारों से पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि इरशाद की बहन शाहीन को ईद का तोहफा देने को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था और इसी बात को लेकर यह घटना हुई। मामले की जांच की जा रही है।

# हज यात्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

## मुख्य प्रशिक्षक शारिक अल्वी ने दी हज प्रक्रिया की पूरी जानकारी



इटावा। अंजुमन ए हुसैनिया कमेटी के बैनर तले स्वयंवर मेरिज होम में हज पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हाफि ज हुसैन वारिस वारसी ने कुरान पाक की तिलावत से किया। कारी शाहबाज अनवर व हाफि ज कैफ ने नात शरीफ पेश की। मौलाना जाहिद रजा हज की प्रक्रिया को बारीकी से समझाया। मौलाना फुरकान रजा व मौलाना जाहिद रजा ने मस्जिद ए नबवी और मदीना शरीफ की ज़ियारत की जानकारी विस्तार से दी। शिविर में कानपुर से आये मुख्य हज प्रशिक्षक अल्हाज शारिक अल्वी ने प्रशिक्षण प्राप्त करने आये हज यात्रियों को उमरे से लेकर हज तक की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से समझाया ताकि उन्हें हज के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत न हो। हज ट्रेनर अल्हाज शारिक अल्वी ने कहा कि टूटे हुए दिलों को जोड़ने वाले को अल्लाह सीधे जन्नत में भेज देगा और जो लोग इंसानों का दिल दुखाएं उनका क्या हश्र होगा इस बात को भी जानना होगा। शिविर में इटावा, मैनपुरी, एटा, फीरोजाबाद, अलीगढ़, फरुर्खाबाद, औरैया, कन्नौज, उरई, जालौन, भिण्ड, ग्वालियर, मुरैना आदि जनपदों से हज यात्रियों ने प्रशिक्षण में भाग लेकर हज की पूरी प्रक्रिया को समझा। हाजी यात्रियों के हज उमराह के सम्बंध में सवाल जवाब का सेशन हुआ। अंजुमन ए हुसैनिया कमेटी ने कानपुर से आये हज प्रशिक्षक अल्हाज शारिक अल्वी सहित उलेमाओं सहित हज पर जाने वाले यात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। हज प्रशिक्षण शिविर का संचालन नदीम अहमद एड. ने किया। कमेटी की ओर से हज यात्रियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। शिविर की सफलता में अंजुमने हुसैनिया कमेटी के संरक्षक हाजी अब्दुल वहाब अशरफी, हाजी सरफराज मुस्तफा, अध्यक्ष हाजी सकलैन खलील, उपाध्यक्ष साबिर हुसैन राइन, सेकेट्री असरार अहमद टिंकू, मीडिया प्रभारी शोएब खान रूमी, प्रवक्ता कासिम फारूकी, कोषाध्यक्ष अमान उल्ला खां, जिला हज ट्रेनर हाजी वसीम अहमद, खुर्शीद अहमद, मौजुद्दीन वारसी, हाजी इलियास, हाजी दिलशाद, मो. सलीम, जैनुल आबेदीन, शाकिर, ताबिश, शकील अहमद, गुड्डू अब्बासी सहित समस्त कमेटी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब छात्रा अनमता को दिया गया

इटावा। साबित गंज स्थित इकबाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। ?कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की घोषणा की गई। ?नर्सरी में अनाबिया निसार ने 89 प्रतिशत, केजी 1 में अराविया ने 97 प्रतिशत, केजी सेकेंड में आहिल दिलशाद ने 85 प्रतिशत, कक्षा एक मे मेहर ने 85 प्रतिशत, कक्षा 2 हुसैन अहमद ने 91 प्रतिशत, ?कक्षा 3 में असमारा 88 प्रतिशत, कक्षा 4 में खुश्बू ने 76 प्रतिशत, कक्षा 5 में लारेब ने 90 प्रतिशत, कक्षा 6 में हिलाल अहमद ने 91 प्रतिशत, कक्षा 7 में अनमता ने 93 प्रतिशत, कक्षा 8 में जोया फातिमा ने 86 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। ?इस वर्ष की 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' का खिताब अनमता कक्षा 7 को दिया गया। साथ ही स्कूल के चर्तुथ श्रेणी कर्मचारियों अली हसन, फरजाना और शाहबेज को भी उनके सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। स्कूल प्रबंधन कमेटी फिरदौस फातिमा, शाहिद खान, नौमान अहमद खां, जरीन और अलीजा फातिमा द्वारा विद्यालय के समस्त शिक्षण स्टाफ सबीहा नाज, शहाना परवीन, सलविया, नाज़िश शकील, रूबीना अख्तर, अर्शी नाज, शहनाज बानो, निशात, अवीजा और मोहम्मद नईम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक मोहम्मद फैसल खां ने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षकों के समर्पण की सराहना की। इस मौके पर बच्चों के माता पिता व अभिभावक और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# ईमानदार सेवा के बाद पुलिस कर्मी को भावभीनी विदाई



श्रावस्ती। जनपद में सेवानिवृत्त हुए एक पुलिस कर्मी के सम्मान में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा एवं क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप निरीक्षक नागरिक पुलिस रमाशंकर प्रसाद को उनके लंबे, अनुशासित एवं निष्ठापूर्ण सेवाकाल के लिए सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, जनसेवा और विभागीय अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि प्रसाद की कार्यशैली और समर्पण नई पीढ़ी के पुलिस कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। विभाग उनके योगदान पर गर्व करता है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी को स्मृति चिह्न भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना की गई। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार, पेशकार पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# हरिहरपुररानी विद्यालय में अपराजिता कार्यक्रम, छात्राओं को सशक्त होने का संदेश



श्रावस्ती। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरिहरपुररानी में मंगलवार को अमर उजाला फाउंडेशन द्वारा ह्यअपराजिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में छात्राओं ने अधिकारियों से सवाल पूछे और उनके जवाब भी दिए। छात्राओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने छात्राओं को बाढ़, भूकंप और आग जैसी आपदाओं से बचने के तरीके बताए। साथ ही सांप के काटने पर क्या करना चाहिए, इसकी जानकारी भी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि आज के समय में लड़कियों को मजबूत और आत्मनिर्भर बनना जरूरी है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब नौकरी और खुद का काम करके आगे बढ़ रही हैं। अगर वे अपने हुनर को पहचानें, तो जीवन में आगे बढ़ सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार महिलाओं के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनसे उन्हें रोजगार और आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलती है। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी, वार्डेन कैशर जहां, डीसी बालिका नीलम सहित अन्य लोग मौजूद

## महिला एवं बाल चिकित्सालय का आज मोना करेंगी लोकार्पण

प्रतापगढ़। स्थानीय सीएचसी परिसर में नवनिर्मित पचास बेड के महिला एवं बाल चिकित्सालय का आज क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा समारोहपूर्वक पूर्वान्ह ग्यारह बजे लोकार्पण किया जाएगा। वहीं विधायक मोना दिन में बारह बजे नगर के कमला नेहरू बालिका इण्टर कालेज में नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के आयोजन में भी शामिल होंगी। इसके बाद वह दिन में सवा तीन बजे लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगी। सायं सवा पांच बजे लंगड़ा का पुरवा अमावां में हो रही श्रीमदभागवत कथा में भी विधायक मोना शामिल होंगी। बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करने के बाद वह क्षेत्र के सांगीपुर, दलापटटी, अठेहा, उदयपुर, मंगापुर, ननौती में भी लोगों से मुलाकात करेंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# समर्पण, कर्मठता के साथ बाली शरण चौधरी ने किया नवाचार

- जिला उद्यान अधिकारी बाली शरण चौधरी को भावभीनी विदाई



**श्रावस्ती।** जनपद श्रावस्ती में जिला उद्यान अधिकारी बाली शरण चौधरी के सेवानिवृत्ति अवसर पर एक गरिमामय एवं भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह अवसर उनके 37 वर्ष 9 माह के उत्कृष्ट और समर्पित सेवाकाल के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और गौरव का प्रतीक बन गया। सरकारी सेवा को उन्होंने केवल रोजगार न मानकर जनहित और दायित्व की साधना के रूप में निभाया। उन्होंने अपनी सेवा यात्रा राम की नगरी अयोध्या से प्रारंभ की और उसे महात्मा गौतम बुद्ध की तपोस्थली तथा प्रभु श्रीराम के लव-कुश की नगरी श्रावस्ती में पूर्ण किया, जो अपने आप में एक गौरवपूर्ण संयोग माना जा रहा है।

02 जुलाई 1988 को सहायक उद्यान निरीक्षक के रूप में सेवा शुरू करने वाले चौधरी ने अपने कार्यकाल में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। अयोध्या में रहते हुए उन्होंने राजघाट उद्यान एवं गुप्तार पार्क/कम्पनी बाग के सौंदर्यीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे इन स्थलों की पहचान और आकर्षण बढ़ा। वर्ष 2003 में पदोन्नति के बाद उन्होंने जिला उद्यान निरीक्षक के रूप में विभिन्न जनपदों में अपनी दक्षता का परिचय दिया। 2005 से 2010 तक लखनऊ में रहते हुए उन्होंने कई योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया। वर्ष 2010 में जिला उद्यान अधिकारी, लखनऊ के रूप में कार्यभार संभालते हुए उन्होंने विभागीय कार्यों में नई ऊर्जा का संचार किया। वर्ष 2012 में सीतापुर में उन्होंने प्रदेश में पहली बार पॉलीहाउस निर्माण की पहल की, जो आधुनिक कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। उनके प्रयासों से किसान नई तकनीकों से जुड़े और उत्पादन में वृद्धि हुई। अम्बेडकर नगर, सहारनपुर, पीलीभीत और उन्नाव सहित कई जनपदों में कार्य करते हुए उन्होंने उद्यानिकी क्षेत्र को नई दिशा दी।

राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत उन्होंने औषधीय खेती को बढ़ावा देने के लिए सीमैप लखनऊ में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया। जून 2025 में श्रावस्ती में कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने स्ट्रॉबेरी और पॉलीहाउस खेती के प्रति किसानों में जागरूकता बढ़ाई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए। 31 मार्च 2026 को सेवा निवृत्त हो रहे चौधरी अपने पीछे समर्पण, कर्मठता और नवाचार की अमिट छाप छोड़ गए हैं। उनके पारिवारिक जीवन में भी सफलता परिलक्षित होती है—पुत्र ग्राम्य विकास विभाग में वित्त विशेषज्ञ हैं, जबकि पुत्री उच्च न्यायालय लखनऊ में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं।

विदाई समारोह में एडीएम अशोक कुमार, जिला कृषि अधिकारी बलजीत वर्मा, केवीके के डॉ. रामभरोसे, वरिष्ठ सहायक जितेन्द्र सिंह (कार्यालय उपनिदेशक उद्यान देवीपाटन मण्डल गोण्डा), योजना प्रभारी मंजीत सिंह, कनिष्ठ सहायक चुमचुम सिंह, बृजेश कुमार राजभर, बाबू राम यादव चौधरी प्रधान, रामकुमार सिंह, संतोष कुमार, आशीष कुमार, सत्यनारायण एवं दीपक कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने उनके योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं समृद्ध जीवन की कामना की।

# दूसरे धर्म की महिला से शादी करने वाले व्यक्ति की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद जिले में दूसरे धर्म की महिला से शादी करने वाले 32 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर उसके ससुराल वालों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। सहायक पुलिस आयुक्त अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब सवा सात बजे पुलिस को भनेड़ा गांव में एक पुलिया के पास एक बेहोश व्यक्ति पड़ा होने की सूचना मिली थी। उसे तुरंत पास के अस्पताल ले जाने के बाद दिल्ली के अस्पताल में रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान लोनी के गीतांजलि विहार निवासी नितिन कुमार जयंत के रूप में हुई। सिंह ने बताया कि नितिन ने करीब एक साल पहले बागपत जिले के मेहरुद्दीन की बेटी मुस्कान से आपसी सहमति से शादी की थी। जांच में पता चला है कि पिछले कुछ दिनों से दम्पति के बीच घरेलू कलह चल रही थी जिसके बाद मुस्कान अपने मायके लौट गई थी। सोमवार को नितिन के ससुराल के लोग उसके घर आये और विवाद सुलझाने के बहाने उसे अपने साथ ले गये। उन्होंने बताया कि गांव जाते समय कथित तौर पर उनके बीच बहस छिड़ गई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। आरोपियों ने कथित तौर पर नितिन को बुरी तरह पीटा और उसका गला दबाकर उसे बेहोशी की हालत में पुलिया के पास छोड़कर भाग गये। सूत्रों के अनुसार सुलह कराने के लिये नितिन के साथ गये उसके छोटे भाई अमित कुमार की शिकायत पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। अमित ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि मुस्कान के पिता मेहरुद्दीन, आसिफ अली और कुछ अज्ञात लोग इस हमले में शामिल थे। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है जबकि बाकी आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

# प्रदर्शनी में नौनिहालों का चमका हुनर



प्रतापगढ़। अझारा स्थित पं0 नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में विज्ञान व शिल्पकला तथा गणित प्रदर्शनी में नन्हें मुन्हों का हुनर चमका दिखा। नौनिहालों ने अत्याधुनिक मॉडलों, एआई तकनीक द्वारा तैयार किये गये आटोमैटिक पेसेंट व्हील चेयर, थ्रीडी प्रिंटिग, आटोमैटिक स्ट्रीट लाईट कंट्रोल, रिमोट कंट्रोल कार, कलर टैर्जकिंग रोबोट आदि की सराहनीय प्रस्तुति दी गयी। विद्यालय के संस्थापक रमेशचंद्र मिश्र तथा प्रबंधक सुनीता मिश्रा, संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र, एचआर हेड गौरव मिश्र, एकेडमिक कंट्रोलर रीमा मिश्रा ने प्रदर्शनी में सराहनीय प्रस्तुति के लिए मेधावियों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इस मौके पर हिमांशु शुक्ल, अनीता द्विवेदी, मीनू तिवारी, श्यामशंकर मिश्र, मनोज शुक्ल, प्रदीप शुक्ल, शरद मिश्र, राजीव रत्न त्रिपाठी, रवीन्द्र शुक्ल, विवेक पाण्डेय, श्रुति शुक्ला, प्रतिज्ञा श्रीवास्तव, अनिल द्विवेदी आदि रहे।

## परीक्षा में अव्वल आने पर मेधावियों का शील्ड देकर हुआ सम्मान



प्रतापगढ़। सगरा बाजार स्थित संजीवनी कान्वेंट स्कूल में मंगलवार को परीक्षा में अव्वल आने वाले मेधावियों को स्मृति चिन्ह, शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।बतौर मुख्य अतिथि संस्थान के प्रबन्धक डा. एसआर यादव ने प्ले ग्रुप से आठवीं तक के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल, ट्राफी, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही छात्रों के उज्जवल भविष्य का शिल्पकार है। संस्थान के डायरेक्टर राजेन्द्र मिश्र ने शिक्षकों आह्वान करते हुए कहा कि छात्रों को उत्तम शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों, गुणवत्तापरक शिक्षण, सर्वांगीण विकास और अनुशासन पर जोर दिया।प्रधानाचार्य संध्या तिवारी ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इस मौके पर ज्ञान प्रकाश मिश्र, संतोष मिश्र, फकरुल हसन, कृतांश पांडेय, नईम खान, स्मृति त्रिपाठी, स्नेहा शुक्ला, भूमिका सिंह, सुधा सिंह, शची तिवारी, जिकरा बानो, काजल मिश्रा, कोमल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा कर रही झूठे वादे और जनता से विश्वासघातः प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने अर्थव्यवस्था के क्षेत्र मे मोदी सरकार की लगातार असफलता को देश के लिए नुकसानदायक करार दिया है। उन्होने कामर्शियल पीएनजी की दरों में पन्द्रह प्रतिशत तक की बढोत्तरी को सार्वजनिक क्षेत्र के लिए मंहगाई की वृद्धि में एक और पीड़ाजनक कदम कहा है। वही सांसद प्रमोद तिवारी ने रुपए की लगातार गिरती कीमत को भारतीय अर्थव्यवस्था के बुनियादी ढांचे को भी बर्बाद करने वाला काला अध्याय करार दिया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने नक्सलवाद को लेकर भाजपा के दावों की घेराबंदी करते हुए कहा कि देश के सामने तो सच्चाई यही है कि नक्सलवाद के खात्मे को लेकर कांग्रेस ने अपने कई शीर्ष नेताओं का बलिदान दिया था। बतौर उदाहरण सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सर्वोच्च नेतृत्व रहे स्व0 विद्याचरण शुक्ल सहित कांग्रेस के कई शीर्ष नेताओं का नक्सलवाद के खिलाफ संघर्ष में शहीद होना इसका जीता जागता प्रमाण है। उन्होने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कड़वी सच्चाई यह है कि जितना खतरनाक जहर देश के लिए नक्सलवाद है उतना ही खतरनाक जहर सांप्रदायिकता भी है। उन्होने कहा कि नक्सलवाद को समूल रूप से नष्ट होना चाहिए। सांसद प्रमोद तिवारी ने तंज कसा कि नक्सली जंगलों में रहकर नक्सलवाद को अंजाम देते हैं पर भाजपा शहरों, गांवों और घर घर में सांप्रदायिकता का जहर घोल रही है। उन्होने कहा कि कांग्रेस संसद से लेकर सड़क तक भाजपा की थोपी सांप्रदायिकता को जड़ से समाप्त करने के लिए संघर्ष जारी रखेगी। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा पं0 जवाहर लाल नेहरू और बीजू पटनायक से जुडे ताजा बयान को लेकर सांसद प्रमोद तिवारी ने उनके बयान को पूरी तरह स्तरहीन, आधारहीन और घटिया बयानबाजी करार दिया। उन्होने कहा कि यदि आज दो तिहाई काश्मीर बचा है तो उसमें बीजू पटनायक का अहम योगदान है।

## पुलिस मुठभेड़ के बाद 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

गोंडा। जिले की पुलिस ने झटपमारी के एक मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान तरबगंज निवासी अमित तिवारी उर्फ घुरले के रूप में हुई है और 19 फरवरी को कर्नलगंज थाना क्षेत्र के चकरौत बाजार के पास महिला के साथ हुई झपटमारी की घटना में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इस मामले में 27 मार्च को पुलिस एक अन्य आरोपी विवेक पांडेय उर्फ विक्कू को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि तिवारी फरार था। इसके बाद उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि सोमवार रात नरायनपुर क्षेत्र में तिवारी की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिली, जिसके बाद कर्नलगंज कोतवाली पुलिस, विशेष ऑपरेशन समूह (एसओजी) और सर्विलांस टीम ने उसे घेर लिया। खुद को घिरता देख तिवारी ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के पास से एक तमंचा, एक कारतूस, एक खोखा, एक मोटरसाइकिल और 22 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। उसके खिलाफ गोंडा और बस्ती जिलों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## चित्रकूट में बागै नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत

बांदा। जिले के पहाड़ी थाना क्षेत्र के सकरौली गांव के दो बच्चे मंगलवार को बागै नदी में नहाने के दौरान डूब गए, जिससे दोनों की मौत हो गई। पहाड़ी थाने की पुलिस ने बताया कि सकरौली गांव के मजरा क्योटन पुरवा के रहने वाले नवल राजपूत का बेटा शिवम (9) और गोविंद राजपूत का बेटा आशीष (10) मंगलवार सुबह करीब नौ बजे बागै नदी के चकरेही घाट में नहाने गए थे, जहां अनजाने में पानी की गहराई में चले गए और दोनों की डूबने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पर पहुंचे राजापुर पुलिस उपाधीक्षक राजकमल ने ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चों के शव पानी से बाहर निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। पुलिस ने बताया कि हादसे की जानकारी प्रशासनिक और राजस्व अधिकारियों को दे दी गई है, ताकि पीड़ित परिवारों को सरकारी आर्थिक मदद मिल सके।

## भंडारे में गूंजा हर हर महादेव, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

प्रतापगढ़। नगर पंचायत के घुइसरनाथ रोड पर श्रीशिवमहापुराण कथा को लेकर मंगलवार को भण्डारे का आयोजन हुआ। भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। व्यापारियों तथा राहगीरों ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण करते हुए देवाधिदेव महादेव की झांकी का दर्शन पूजन भी किया। वहीं शिव भजन की प्रस्तुतियों पर भी महादेव का जयघोष गूंजता दिखायी पड़ा। कार्यक्रम का संयोजन समाजसेवी रामलखन जायसवाल व मीरा देवी जायसवाल तथा राजू जायसवाल ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, रामजी जायसवाल, सर्वजीत गुप्ता, ओंकारनाथ वैश्य आदि रहे।

# स्वीकृत सड़क विकास परियोजनाओं से रामपुरखास को मिलेगी नयी चमक : मोना

- विधायक के प्रयास से लालगंज टाउन एरिया को भी करोड़ों के उत्सव भवन की मिली सौगात



**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने मंगलवार को क्षेत्रीय दौरे में रामपुरखास के विकास से जुडी करोडो की परियोजनाओं की मंजूरी की लोगों को जानकारियां दी। सड़क परियोजनाओं के साथ नगर पंचायत में करोड़ों के उत्सव भवन की भी शासन से मंजूरी होने की जानकारी पर लोगों के चेहरे खिल उठे। नरायनपुर गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने बताया क्षेत्र के रामपुर-भटनी मार्ग से कंवरा दो किमी0 सम्पर्क मार्ग के लिए शासन द्वारा एक करोड़ नौ लाख चौहत्तर हजार स्वीकृत हुआ है। वहीं क्षेत्र के सांगीपुर-राहाटीकर मार्ग से महावीरन राजमतीपुर होते हुए सांगीपुर अठेहा तक एक किमी0 के लिए इक्सठ लाख अड़तालिस हजार तथा लालगंज से पूरे नोती नहर मार्ग में छः सौ मीटर के लिए चौवालिस लाख इक्यासी हजार की मंजूरी मिली है। विधायक मोना ने कार्यक्रम में लोगों को बताया मंगापुर-रेवली मार्ग में आठ किमी0 के लिए चौड़ीकरण हेतु उन्नीस करोड़ छिहत्तर लाख उन्तीस हजार की मंजूरी मिली है। विधायक मोना ने बताया कि सांसद प्रमोद तिवारी के विशेष प्रयास से जहानाबाद, लवाना, रामपुर दाबी, रतनपुर महेशपुर, कस्बा, वनगढ़ौता से बिजलीपुर वनगड़वा मार्ग से रजैसा चौराहे तक साढ़े दस किमी0 से अधिक लम्बे मार्ग के लिए उन्नीस करोड़ बान्नवे लाख तैंतीस हजार की मंजूरी मिली है। विधायक मोना ने लोगों को नई विकास परियोजनाओं की उपलब्धियों से रूबरू कराते हुए बताया कि राज्य सड़क निधि से भी मंगापुर-मुस्तफाबाद रांकी-ननौती परानीपुर मार्ग में पूरे राज रांकी सम्पर्क मार्ग के लिए अस्सी लाख सोलह हजार की धनराशि से तेरह सौ मीटर लम्बी सड़क बनेगी। वहीं सांगीपुर विकासखण्ड के ढकवा से शिव का तारा के लिए डेढ़ किमी0 से अधिक लम्बे पिच मार्ग के लिए एक करोड़ चौसठ लाख सोलह हजार की धनराशि स्वीकृत कराए जाने में उनके प्रयास को बड़ी सफलता मिली है। विधायक मोना ने दौरे में लालगंज नगर पंचायत के अन्तर्गत सलेम भदारी वार्ड में उत्सव भवन की मंजूरी की भी जानकारी दी है। विधायक मोना के मुताबिक उत्सव भवन के लिए दो करोड़ छियासी लाख रुपए शासन द्वारा मंजूर हो चुका है। विधायक मोना ने जय तड़ैला हनुमानगढ़ी धाम में आयोजित श्रीराम कथा के धार्मिक आयोजन में भी शामिल हुई। यहां संयोजक धर्मदास जी ने विधायक मोना का क्षेत्रीय लोगों की ओर से सम्मान किया। पूरे चौबे बीजूमऊ में भी विधायक मोना मोहनलाल चतुर्वेदी के संयोजन में आयोजित धार्मिक आयोजन में शामिल हुई। इसके पहले क्षेत्र के नरायनपुर सीमा पर कार्यकताओं तथा ग्रामीणों ने विधायक मोना एवं उनके पुत्र राघव मिश्र का गर्मजोशी से स्वागत किया।

# चेयरमैन ने सड़क के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

## चेयरमैन ने तहसील रोड के मरम्मत कार्य को तेजी से पूरा करने का दिया निर्देश



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा रेलवे स्टेशन चौराहे से तहसील मुख्यालय जाने वाली सड़क मरम्मत के दौरान आवागमन में लोगों को आने वाली दिक्कतों पर नगर अध्यक्ष चौरीचौरा के चेयरमैन सन्नी जायसवाल ने खेद प्रकट करते हुए तेजी से कार्य पूर्ण कराने का लोगों को आश्वासन दिया। तथा मजदूरों को कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी। बताते चलें कि रेलवे बस स्टेशन से तहसील मुख्यालय जाने वाले सड़क दयनीय अवस्था में होने के कारण, जनता की मांग पर सड़क मरम्मत का कार्य नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा शुरू कराया गया। मरम्मत कार्य के समय सड़क पर बड़े बड़े पत्थर ईंट आदि बिखरने से इस रोड से तहसील मुख्यालय आने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि तहसील मुख्यालय जाने के लिए भोपा बाजार चौराहे से होकर दूसरा रास्ता भी है। लेकिन इसी रोड से ज्यादातर लोगों का आवागमन होता है। इस रोड से आने जाने वाले लोगों की कठिनाईयों को देखते हुए नगर अध्यक्ष सन्नी जायसवाल ने खेद प्रकट करते हुए कहा कि सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण तथा लोगों की आवश्यकता को देखते हुए सड़क का बनना जरूरी था। किसी भी निर्माण कार्य के समय कुछ कठिनाइयां होती हैं। जिसके लिए मुझे खेद है। सड़क बन जाने के बाद लोगों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने तहसील मुख्यालय जाने वाले लोगों से भोपा बाजार चौराहे से होकर तहसील के पश्चिमी गेट से होकर जाने की अपील किया। उन्होंने मजदूरों को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश भी दिया।

## हाईटेंशन तार से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में भीषण आग, 2.4 हेक्टेयर खेत जला



गोला, गोरखपुर। गोला तहसील क्षेत्र के उनौली ग्राम पंचायत में मंगलवार को हाईटेंशन विद्युत तार के फ्यूज से निकली चिंगारी के कारण गेहूं की खड़ी फसल में भीषण आग लग गई। आग लगने की घटना लगभग शाम पौने चार बजे की बताई जा रही है, जिससे देखते ही देखते कई किसानों की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के अनुसार खेत के ऊपर से हाईटेंशन तार गुजर रहा है, जहां से आसपास के कई गांवों में विद्युत आपूर्ति के लिए तारों का वितरण किया गया है। इसी लाइन में लगे फ्यूज से शॉर्ट सर्किट के दौरान चिंगारी निकली, जिससे आग लग गई। सबसे पहले उनौली में बबलू राय के खेत के पास आग भड़की और तेजी से फैलते हुए सहडौली निवासी हेमंत कुमार राय पुत्र हृदय नारायण राय तथा डेडडीहा निवासी शारदा प्रसाद राय पुत्र राम हजूर राय के खेतों तक पहुंच गई। तकरीबन 2.4 हेक्टेयर गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में बड़े क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और लाठी-डंडा, झाड़ू आदि के सहारे घंटों प्रयास कर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों की सूझबूझ और मेहनत से आग को आगे फैलने से रोका जा सका, जिससे अन्य खेत सुरक्षित बच गए। सूचना मिलने पर तहसील कर्मी मौके पर पहुंचे और आग से हुए नुकसान का जायजा लिया। वहीं, ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बावजूद समय पर कोई मदद नहीं पहुंच सकी, जिससे नुकसान बढ़ गया।

## महावीर जयंती पर भव्य शोभायात्रा



इटावा। 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर शहर के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, सरायशेख से इस वर्ष भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आचार्य श्री 108 विराग सागर महाराज जी के शिष्य, मेडिटेशन गुरु मुनि श्री 108 विहसंत सागर महाराज जी ससंघ के सानिध्य में आयोजित इस शोभायात्रा को सदर विधायक सरिता भदौरिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा प्राचीन रथ पर विराजमान भगवान श्रीजी की प्रथम आरती उतारी शोभायात्रा कोतवाली चौराहा, सीओ सिटी चौराहा, पचराहा, राजागंज चौराहा, रंगलाल चौराहा तहसील चौराहा, बजाज लाइन, नगरपालिका चौराहा, पक्की सराये, तिकोनिया, नौरंगाबाद, सबित गंज चौराहा, सहित विभिन्न मार्गों से होती हुई माया मैरिज होम पहुंचकर संपन्न हुई। इसी बीच श्रीजी की आरती उतारने का सौभाग्य पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता संटू, व सभासद शरद बाजपेयी को प्राप्त हुआ। यात्रा में दर्जनों आकर्षक झांकियां शामिल रहीं, जिनमें भगवान महावीर स्वामी, सोलह स्वप्न एवं पद्मावती माता की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा शरबत, आइसक्रीम एवं शीतल पेय का वितरण किया गया। विभिन्न स्थानों पर भगवान की आरती उतारकर भव्य स्वागत किया गया, जिससे पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अभयनारायण राय, कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह, एसआई मुकेश कुमार, एसआई कासिफ हानिफ पुलिस बल के साथ व्यवस्था संभाले रहे। वहीं श्री महावीर जयंती महोत्सव समिति एवं सकल दिगंबर जैन समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

## गोड़धोईया नाले पर बन रहे एसटीपी कार्य का निरीक्षण

गोरखपुर। मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने जिलाधिकारी दीपक मीणा के साथ गोरखपुर में अमृत 2.0 कार्यक्रम के तहत गोड़धोईया नाले पर बन रहे एस०टी०पी० एवं अन्य कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि मजदूरों की संख्या बढ़ाकर कार्य शीघ्र पूर्ण करें। एस०टी०पी० के चारों तरफ नालों में मौजूद जलकुम्भी हटाने का निर्देश दिया। वर्तमान में एस०टी०पी० परिसर में फिनीशिंग एवं सीवर कार्य अवशेष है, उसे शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। कार्य समय से पूर्ण न करने पर सम्बन्धित कार्यदायी फर्म एवं संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। इसके उपरान्त पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को देखने के लिये प्रज्ञा गैस सर्विस शाहपुर एवं महेन्द्रा गैस सर्विस पादरी बाजार गोरखपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि गैस की सप्लाई व्यस्थित तरीके से की जाये। पहले बुकिंग कराने वालों को सिलेंडर प्रदान की जाये। किसी भी दशा में गैस की कालाबाजारी न की जाये। नोडल अधिकारी की देखरेख में गैस सिलेन्डरों का वितरण किया जाये। यदि वितरण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। निरीक्षण के दौरान गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें। इसके उपरान्त नौतनवा गोरखपुर मार्ग से ग्रीन सिटी कालोनी तक सड़क का चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लो०नि०वि० के अधीक्षण अभियन्ता को नाला निर्माण का कार्य अतिरिक्त मजदूर एवं मशीन लगाकर शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही सड़क चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान लो०नि०वि०, विद्युत विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के आरोपितों को 16 कार्यदिवस में आजीवन कारावास

लखनऊ। नाबालिग से दुष्कर्म के अभियोग में जनपद गोरखपुर पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय ने 16 कार्य दिवस में 02 अभियुक्तों को आजीवन कारावास, 55 हजार रुपये व 04 वर्ष का कठोर कारावास, 05 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत हुई है। बता दें कि 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत चिन्हित अभियोगों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध अधिकतम/त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वैज्ञानिक विवेचना, अचूक साक्ष्य संकलन एवं पुलिस व लोक अभियोजक की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप दोषियों को सजा मिली है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा प्रदेश में चलाये जा रहे "ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के अंतर्गत चिन्हित जघन्य अपराधों में न्यायालयों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाए जाने के लिए निरंतर उच्च स्तरीय मॉनिटरिंग की जा रही है, जिसके फलस्वरूप मंगलवार को एक मामले में नाबालिग से दुष्कर्म के अभियोग में थाना पीपीगंज पर पाक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में 16 कार्य दिवस में बहस पूरी करते हुए अभियुक्त अशोक निषाद पुत्र टुनटुन निषाद निवासी साखी उर्फ मेंहदरिया थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर को अपराध का दोषी पाये जाने पर आजीवन कारावास व 55,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। साक्ष्य छिपाने के आरोप में अभियुक्ता सुनीता देवी पत्नी टुनटुन निषाद उर्फ बृज बिहारी निषाद निवासी ग्राम साखी उर्फ मेंहदरिया थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर को अपराध का दोषी पाये जाने पर 4 वर्ष का कठोर कारावास व 5000 रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। विदित हो कि 20/21 फरवरी 2026 की रात्रि में शादी समारोह के दौरान वादी की 06 वर्षीय नतिनी के साथ अभियुक्त अशोक निषाद ने दुष्कर्म करने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पर मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त अशोक निषाद व उसकी मां सुनीता देवी को साक्ष्य छिपाने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## बनौड़ा की बेटी का भव्य स्वागत

## ऐतिहासिक उपलब्धि पर गूंजा पूरा क्षेत्र

- 17560 फीट की कठिन यात्रा पूरी कर दिव्या सिंह बनीं देश की पहली और दुनिया की दूसरी महिला

पिपरौली, गोरखपुर। क्षेत्र के बनौड़ा गांव की होनहार बेटी दिव्या सिंह (28) पुत्री संतराज सिंह के ऐतिहासिक कीर्तिमान के बाद पहली बार घर पहुंचने पर ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। गाजे-बाजे, फूल-मालाओं और उत्साह से भरे जुलूस के साथ पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला। बताया जाता है कि दिव्या सिंह ने काठमांडू से माउंट एवरेस्ट बेस कैंप तक की 17, 560 फीट ऊंची और कठिन यात्रा महज 14 दिनों में पूरी कर एक नया इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि के साथ वह भारत की पहली तथा विश्व की दूसरी महिला बन गई हैं, जिन्होंने यह साहसिक कारनामा किया है। उनकी इस सफलता से न केवल बनौड़ा गांव बल्कि पूरे क्षेत्र का मान-सम्मान बढ़ा है और युवाओं में नया उत्साह जागा है। अपने इस कीर्तिमान के बाद जब दिव्या सिंह पहली बार अपने गांव लौटीं, तो जैतपुर बाजार में बसपा नेता समरपाल सिंह एवं अमटौरा गांव में स्व. राजा सिंह चिल्ड्रेन स्कूल के प्रबंधक आनंद प्रकाश सिंह समेत क्षेत्रवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद भव्य जुलूस के रूप में उन्हें बनौड़ा गांव स्थित उनके घर तक लाया गया, जहां सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उनका अभिनंदन किया।

दिव्या सिंह वर्तमान में नौसढ़, गोरखपुर में रहकर अपनी छोटी बहन दीप्ती सिंह के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं। परास्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने माउंट आबू और उत्तराखंड में साइक्लिंग का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसी मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने 24 मार्च को अपनी 14 दिनों की कठिन



यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की।

उनकी इस उपलब्धि पर चारों ओर से बधाइयों का तांता लगा हुआ है। दिव्या की मां उर्मिला सिंह गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र हैं, जबकि पिता संतराज सिंह किसान हैं। उनकी छोटी बहन दीपशिखा सिंह भी परास्नातक की छात्रा हैं। इस अवसर पर पंकज सिंह (लड्डू), रामचरन, चंद्रशेखर, बलिराम शर्मा, रोशन, दुर्गा शंकर यादव, विजय मौर्य, विशाल, अनूप सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी बिटिया की इस उपलब्धि पर गर्व जताया।

## भाजपा के स्थापना दिवस की तैयारियां तेज, 6 से 12 अप्रैल तक होंगे विविध कार्यक्रम

उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर मंगलवार को भाजपा कार्यालय में जिला पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने की, जबकि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा मुख्य अतिथि रहे। बैठक में 6 अप्रैल से शुरू होने वाले स्थापना दिवस कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। मुख्य अतिथि राजीव मिश्रा ने नवगठित जिला कार्यकारिणी को बधाई देते हुए बताया कि 6 से 12 अप्रैल तक पूरे जिले में स्थापना दिवस सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि 5, 6 और 7 अप्रैल को जिला एवं मंडल कार्यालयों को रंगोली, फूलों और इलेक्ट्रिनिक स्वदेशी झालरों से सजाया जाएगा। इसके साथ ही, 6 और 7 अप्रैल को सभी बूथों पर महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी और भाजपा की विचारधारा पर आधारित कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यकर्ता अपने घरों पर पार्टी का ध्वज लगाकर सेल्फी अभियान चलाएंगे और इसे सोशल मीडिया पर साझा करेंगे। कार्यक्रम के तहत 8 और 9 अप्रैल को जिला स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 7 से 12 अप्रैल तक स्वच्छता अभियान, बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य व्यक्तियों से संपर्क, सम्मान कार्यक्रम तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी। लाभार्थियों से जनसंपर्क भी किया जाएगा। मन की बात अभियान में पूरे उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के प्रथम आने पर जिले के संगठन को बधाई दी।

## आलू से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर, एक किसान की मौत



सैफई, इटावा! इटावा-मैनपुरी मार्ग पर नगला बरी गांव के पास मंगलवार तड़के भीषण सड़क हादसे में एक किसान की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब आलू लेकर मंडी जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना बैदपुरा क्षेत्र की है। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे शैलेन्द्र कुमार शाक्य ट्रैक्टर चला रहे थे, जबकि जोगेंद्र सिंह ठाकुर ट्रैक्टर पर बैठे हुए थे। दोनों किसान आलू लेकर मंडी जा रहे थे। नगला बरी के पास सैफई की ओर से पीछे आ रहे ट्रक चालक को अचानक नींद की झपकी आ गई, जिससे उसने ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर काफी दूर तक घिसटती चली गई और पलटकर चारों पहिए ऊपर हो गए। ट्रैक्टर-ट्रॉली ट्रक के अगले हिस्से में बुरी तरह फंस गई थी। हादसे में दोनों किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत कर दोनों को बाहर निकाला और उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के इमरजेंसी ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जोगेंद्र सिंह ठाकुर 42 वर्षीय पुत्र पहलाद सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं शैलेन्द्र कुमार शाक्य 28 वर्षीय पुत्र गिरीश चंद्र निवासी ग्राम लछबाई, थाना सैफई का उपचार चल रहा है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौका पाकर फरार हो गया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र राठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## एकेडमिक एक्सीलेंस एण्ड ऑनर सेरेमनी का आयोजन

भरथना, इटावा! होली प्वाइण्ट एकेडमी में ह्यएकेडमिक एक्सीलेंस एण्ड ऑनर सेरेमनीह्न का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम सुन्दरकाण्ड पाठ से हुई। इसके पश्चात माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित किये गये और आगन्तुक अतिथियों का पट्टिका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पागल बाबा मन्दिर के मुख्य न्यासी श्याम सुन्दर चौरसिया, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह राजावत, सेवानिवृत्त शिक्षक दिनेश भूषण दीक्षित, जयप्रकाश गुप्ता आदि ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के मूल मंत्र दिये। वहीं कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों द्वारा संबलपुरी नृत्य, पंजाबी गिद्धा एवं ह्यविविधता में एकताह्न विषय पर समूह नृत्य प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया तथा कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों का रिपोर्ट कार्ड वितरण के साथ कक्षा 9 एवं 11 के मेधावी छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्था निदेशक डा0 प्रदीप चन्द्र पाण्डेय, नीरजा पाण्डेय, प्रधानाचार्य मनोज मिश्रा, हिमांशु सिंह, अरूण मोटवानी, अमित श्रीवास्तव, दीपक सिंह चौहान, मनोज त्रिपाठी, आनन्द तिवारी, गौरव वर्मा, गौरव शाक्य, रीना शर्मा, मो0 इमरान, आर्यन दीक्षित, आशुतोष मिश्रा, वन्दना मिश्रा, शिल्पी पोरवाल, वरूण शाक्य, आकाश गुप्ता, राहुल भदौरिया, शिवम यादव, सौरभ यादव आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।


### सूचना

मैंने अपना नाम SYYAD MOHAMMAD IZHAR नि. 529A/1490A KHURRAM NAGAR, LUCKNOW से बदल कर MOHAMMAD IZHAR S/O MOHD ISHTIYAQ कर लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम अंशिका सोनी है। जब कि अभिलेखों में उसका नाम भूलवश अविका सोनी दर्ज हो गया है। भविष्य में उसे अंशिका सोनी नाम से जाना व पहचाना जाए। प्रदीप कुमार सोनी पुत्र रबिश चंद्र सोनी निवासी 491 ए बी नगर तहसील व जिला उन्नाव।

### सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र अरबाज खान को उसके गलत चाल-चलन एवं हम परिवार को परेशान करने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करके पुत्र से सभी प्रकार के सम्बन्ध समाप्त कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा व परिवार के अन्य सदस्यों का कोई सरोकार नहीं होगा। शेर खां पुत्र इस्तियाक निवासी-ग्राम भुड़वारा, पर. पैला पोस्ट-जलालपुर, थाना-गोला, तहसील-गोला, जिला-खीरी


## बहला-फुसलाकर लड़की भगाने का आरोपी गिरफ्तार

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। थाना पुरवा पुलिस ने बहला-फुसलाकर लड़की को भगा ले जाने के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार थाना पुरवा में मुकदमा अपराध संख्या 21/26, धारा 137(2), 87 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम लगातार अभियुक्त की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में मंगलवार को उपनिरीक्षक सियाराम चौरसिया पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मंगत खेड़ा-काथा चैराहा पुरवा से वांछित अभियुक्त देवेन्द्र मौर्या पुत्र राजेश, निवासी नौगवाँ ठाकुरन थाना ओनला, जनपद बरेली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्यवाही पूरी करते हुए न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सियाराम चैरसिया, कांस्टेबल रामपाल एवं महिला कांस्टेबल दीक्षित यादव शामिल रहीं।

## दोस्ती नगर में मार्ग निर्माण के विरोध में विवाद

उन्नाव। ग्राम दोस्ती नगर में आर आर सी सेंटर कि सफाई हेतु वैकल्पिक मार्ग के निर्माण को लेकर गत रात सोमवार को विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। जानकारी के अनुसार गांव के ही निवासी राधाकृष्ण नामक व्यक्ति सरकारी आर आर सी सेंटर की सफाई हेतु सरकारी जमीन/तालाब से गुजरने वाले वैकल्पिक मार्ग के बनने का विरोध कर रहे थे। इसी बात को लेकर उनका मोहल्ले के रहने वाले अमरेन्द्र सिंह उर्फ सत्यम सिंह से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि राधाकृष्ण ने अपने बेटे संजय व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर अमरेंद्र सिंह उर्फ सत्यम सिंह पर हमला कर दिया जिसे बचाने उनके भाई योगेंद्र सिंह और प्रमेन्द्र सिंह दौड़े पर लाठी-डंडों और लोहे की कुल्हाड़ी लिए राधाकृष्ण व उनके परिवार वालो ने उन पर भी हमला कर दिया, हमले का प्रहार योगेंद्र सिंह के सर पर होने से मौके पर ही योगेंद्र सिंह मूर्छित होकर गिर गया।

## हारा हूं बाबा, मुझे तुझ पे भरोसा है : कन्हैया मित्तल

भरथना, इटावा! हारा हूँ बाबा, मुझे तुझ पे भरोसा है की संगीतमयी ध्वनियों के बीच श्याम जगत के मशहूर भजन सम्राट कन्हैया मित्तल के हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच आगमन पर समूचा पाण्डाल श्रद्धा और भक्ति के रस में सरावोर हो गया। भजन सम्राट के गीतों की धुनों पर श्यामप्रेमी मंत्रमुग्ध होकर मध्य रात्रि के उपरान्त भी जमकर थिरकते रहे और सम्पूर्ण माहौल हारे के सहारे के उद्घोषों से गुंजायमान कर दिया। सोमवार की रात्रि श्री श्याम मित्रमण्डल भरथना के तत्वाधान कस्बा के मुहल्ला जवाहर रोड स्थित एस0एम0वी0 इण्टर कालेज के सामने भैरोंमल सिन्धी मिल में विशालकाय प्राणण में भव्य व ऐतिहासिक साज-सज्जा के बीच आयोजित द्वितीय श्री खाटूश्याम संकीर्तन महोत्सव सम्पन्न हुआ। जहाँ साँय शीश के दानी बाबा खाटूनरेश के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ज्योति प्रज्जवलित हुई। जिसमें नगर व क्षेत्र के हजारों की संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालुओं ने पहुँचकर बाबा के दर्शन पूजन किये। तदुपरान्त सर्वप्रथम भरथना की बेटी गायिका खुशी शाक्य ने अपने भजनों के माध्यम से उपस्थितजनों का बाबा खाटूश्याम की ओर ध्यान आकर्षित करवाया। साथ ही आशू वर्मा ने भी अपने भजनों से धार्मिक यात्रा करवायी। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं से भरे पाण्डाल में रात्रि करीब 10:30 बजे श्याम जगत के मशहूर भजन सम्राट कन्हैया मित्तल के आगमन पर श्यामप्रेमियों ने खाटूनरेश के गगनभेदी उद्घोषों से उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके बाद कन्हैया मित्तल ने ह्यहारा हूँ बाबा मुझे तुझ पे भरोसा है, जलवा है मेरे श्याम का खाटू में आके देख, पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जायेंगे, तेरे दर पे बाबा चमत्कार हो जाये, मेरी अँखियों करें इन्तजार सांवरे मेरी पलकों का घर तैयार सांवरे, दिल दीवाना सांवरिया का हो गया, हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं, हे सांवरे मुझे तेरी जरूरत है, मैं बाबा ले आया मैं श्याम ले आया, कारोबार मेरो बालाजी चलावैह्न्ह सहित दर्जनों भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति के रस में ऐसा सरावोर किया, कि सभी मध्य रात्रि के बाद भी एक ही स्थान पर बैठने को मजबूर बने रहे। संकीर्तन के दौरान विधायक प्रदीप यादव, पूर्व मंत्री अशोक यादव, पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू, पूर्व चैयरमैन मनोज पोरवाल, पूर्व चैयरमैन नीता पोरवाल, विधायक/ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ध्रुव यादव चीनी, पूर्व जि0प0स0 मनोज यादव बण्टी आदि ने भी बाबा के दरबार में पूजन अर्चन किया। इस मौके पर श्याम सुन्दर चौरसिया, अतुल पोरवाल, अभिनव दीक्षित, राहुल यादव, राजीव पोरवाल, विनोद यादव, रोहित भंसाली, अरविन्द चौरसिया, सुनील शारदा, राजेश चौहान, आशू चौरसिया, रवि सिद्धार्थ, राजू माहेश्वरी, विशाल चौबे, रामजी तोमर, मनीष गुप्ता, अनुराग पोरवाल, पम्मी यादव सहित सैकड़ों श्याम मित्रमण्डल के पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

अनियंत्रित भीड को काबू करने के लिए पूरे कार्यक्रम तक पुलिस के पसीने छूटते रहे। बार-बार समझाने के बाबजूद भी बेकाबू युवाओं की धक्का-मुक्की में पुलिस भी अपने को कम सुरक्षित महसूस कर रही थी। मंच के नजदीक पहुँचने की होड़ में युवाओं ने बैरीकेटिंग भी फांदना शुरू कर दिया। बमुश्किल भीड़ का जोश देखकर पुलिस के जवानों को मंच पर चढ़कर भीड़ को नियंत्रित करने पर मजबूर होना पड़ा।


## कार्यालय कलेक्टर/लाइसेन्स प्राधिकारी, बाराबंकी

विज्ञप्ति संख्या-1187/व्यवस्थापन/सी. एल.-5सी.सी. /2026-27/बाराबंकी / दिनांक : 30.03.2026

### विज्ञप्ति

आबकारी नीति वर्ष 2026-27 विषयक निर्गत शासनादेश के क्रम में देशी मदिरा की निम्नलिखित दुकानें, जिनके 03 कि.मी. के परिधि में कोई कम्पोजिट शॉप अथवा मॉडल शॉप दुकान स्थित नहीं है, के अनुज्ञापियों को सूचित किया जाता है कि बीयर की बिक्री करने हेतु सी. एल.-5सी.सी. अनुज्ञापन प्राप्त कर सकते है।

1. चक चौराहा, 2. मोहम्मदपुर चौराहा, 3. ग्रामसभा सादुल्लापुर, 4. सुनौली, 5. इमलिहा, 6. न्योछना, 7. नवाबपुर पुलिया, 8. कैसरगंज चौराहा, 9. बीबीपुर, 10. उदयनगर, 11. कान्हीपुर, 12. सेमरावां, 13. परीवां, 14. नैपुरा, 15. गौरा करौदीं, 16. जमुआ, 17. जमोलिया, 18. कसियापुर, 19. ग्रामसभा अकम्वाघाट, 20. पिपरिया चौराहा, 21. भरथीपुर, 22. मरौंचा, 23. मोहद्दीनपुर, 24. करौनी बन्धा, 25. भवानीगंज, 26. कड़ाकापुर, 27. दुगार्पुर, 28. ददौरा, 29. सेमरायां।

इच्छुक अनुज्ञापी अपनी उक्त देशी मदिरा दुकान से बीयर की बिक्री करने हेतु आज दिनांक 31.03.2026 से कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी में आवेदन-पत्र प्रस्तुत कर सकते है। विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी एवं क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों से प्राप्त की जा सकती है। जनपद की उपरोक्त समस्त दुकानों के लिये एम.जी.आर. रू. 405000/- (रू० चार लाख पाँच हजार मात्र), लाइसेंस फीस रू. 21000/- (रू. इक्कीस हजार मात्र) तथा नियमानुसार प्रतिभूति धनराशि निर्धारित है। दुकानों का विवरण जनपद की वेबसाइट www.barabanki.nic.in पर देखा जा सकता है।

(कुलदीप दिनकर)
जिला आबकारी अधिकारी
बाराबंकी

(शशांक त्रिपाठी)
कलेक्टर/लाइसेन्स प्राधिकारी
बाराबंकी

# वजीरनगर व गुरुसंडा में खाद गोदाम का होगा निर्माण



जिला संवाददाता(vol)

**• 50 करोड़ के लाभ में है समिति किसान भवन का होगा निर्माण**

महोली/सीतापुर। सहकारी गन्ना विकास समिति की सामान्य निकाय बैठक प्रांगण परिसर में संपन्न हुई। बैठक में डेलीगेट व संचालको ने अपने-अपने विचार रखे।

कार्यक्रम के अतिथि विधायक शशांक त्रिवेदी का अध्यक्ष प्रतिनिधि धीरेंद्र सिंह चौहान ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि जो मौजूदा में प्रतिनिधि हैं वहीं मंच पर स्थान लिया करें अगली बैठक में इसका विशेष ध्यान रखा जाए।समिति के द्वारा वाटर कूलर व किसानों को बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था कर दी गई है शीघ्र ही किसान भवन का निर्माण कराया जाएगा। किसानों के लिए खाद की व्यवस्था को देखते हुए उरुदौली में खाद गोदाम का निर्माण कराया जाएगा वहीं वजीरनगर व गुरुसंडा में खाद गोदाम बनाने के लिए धनराशि स्वीकृत हो गई है। समिति का वर्ष 2020 में आय 18 करोड़ 42 लाख रुपए था वही 2024-25 में यह बढ़कर 36 करोड़ 77 लाख रूपया हो गया है। समित 53 करोड रुपए के लाभ में चल रही है।

महोली समिति द्वारा चीनी मिलों को 121 लाख कुंतल गन्ने की आपूर्ति की गई है। वही जवाहरपुर, हरियावां व अजबापुर द्वारा समस्त गन्ने का भुगतान किया गया है। प्रतिनिधि धीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि चीनी मिलों द्वारा गन्ना उतरवायी के रेट बढ़ाए गए हैं भविष्य में कोई किसान बड़ी हुई उतरवायी नहीं देगा। इस वर्ष गन्ना किसानों का हित देखते हुए सरकार को गन्ने का मूल ?450 कुंतल करना चाहिए। इससे पूर्व योगेंद्र सिंह, रोहित सिंह, संजय सिंह, संतोष सिंह ने भी सभा को संबोधित किया वही कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सत्य कुमार मिश्रा, विपिन बाजपेई, मिथिलेश यादव, अवधेश सिंह, रामनरेश पांडे, मुतू वर्मा, संजय वर्मा, जगदीश प्रसाद, राजेश सिंह, भीम मिश्रा, समर सिंह राणा सहित किसान मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान ने रचा इतिहास

### लक्ष्य से अधिक लाभार्थियों को मिला लाभ

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जनपद के समस्त बैंकों द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत जिले को दिए गए 2300 लाभार्थियों के लक्ष्य को न केवल पूरा किया गया, बल्कि उसे पार भी कर लिया गया।

अग्रणी जिला प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि इस सफलता के पीछे जिलाधिकारी सीतापुर के प्रभावी नेतृत्व, नियमित मॉनिटरिंग और समय-समय पर दिए गए दिशा-निर्देशों की अहम भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन से जनपद के सभी बैंकों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रेरणा और सहयोग मिलता रहा। इस अभियान के तहत जिले में 2300 से अधिक नए उद्यमियों को स्थापित किया गया। जिससे स्वरोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी हुई है और स्थानीय स्तर पर आर्थिक सशक्तिकरण को नई गति मिली है। इस उपलब्धि में जिले के अग्रणी बैंक इंडियन बैंक का सर्वाधिक योगदान रहा। जिसने 550 ऋणों का वितरण सुनिश्चित किया। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि 2300 के लक्ष्य के सापेक्ष 30 मार्च 2026 तक 2311 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा चुका है। जो सभी बैंकों के संयुक्त प्रयासों का एक उल्लेखनीय परिणाम है।

# रास्ते पर मिट्टी डालने के विवाद में दो पक्षों में चले ईंटा पत्थर



धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के गुलरिया तालुके अमेठी गांव में पुराने रास्ते पर मिट्टी पाटकर रास्ता अवरूद्ध करने के विरोध में दो पक्षों में जमकर ईट पत्थर चलने से एक पक्ष के अवध राम, सोनासर, आरती, तारा देवी, सुमन और अनारकली (70) घायल हो गई। जिन्हें सीएचसी रमियाबेहड़ भेजा गया। रास्ते में अनारकली की मौत हो गई। पीड़ित अवध राम की तहरीर पर पुलिस ने राजकुमार मिश्रा, विजय कुमार, इन्द्र कुमार, कृष्ण कुमार के विरूद्ध मारपीट, हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी राजकुमार, विजय कुमार, और इन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि चौथे आरोपी कृष्ण कुमार की पुलिस तलाश कर रही है। थानाध्यक्ष रविन्द्र सोनकर ने बताया मामले में रिपोर्ट दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर विवेचना की जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## तीस फर्जी फर्म बनायी, हड़पी करोड़ों की आईटीसी

लखीमपुर खीरी। जीएसटी चोरी का बड़ा भंडाफोड़ हुआ है। साइबर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों ने 30 से ज्यादा फर्जी फर्म बनाई। बिल बेचे, फर्जी ईवे बिल बनाए और फर्जी आईटीसी क्लेम करवाया और करोड़ों का मुनाफा कमाया। पकड़े गए गैंग के आरोपियों की पहचान दीपक सिंह टिहुकी रामनगर बाराबंकी, अंकित त्रिवेदी निवासी बेहटा तंबौर सीतापुर, धर्मेंद्र गौरिया कला कोतवाली देहात सीतापुर और राजू मिजार्पुर ईसानगर जिला खीरी के रूप में हुई है। इस गैंग में कुछ और लोग भी शामिल है। पुलिस उन लोगों की भी तलाश कर रही है। जिन्होंने बिल खरीद कर लाभ कमाया है। साइबर थाना प्रभारी हेमंत राय के नेतृत्व में उप निरीक्षक आशीष सहरावत एवं उप निरीक्षक तनवीर अहमद के नेतृत्व में साइबर पुलिस टीम को मिली सफलता... सहायक पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी ने पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता के दौरान किया खुलासा।

## वार्षिकोत्सव में प्रतिभाओं का सम्मान 50 हजार की सहायता भी मिली

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। क्षेत्र के एक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं परीक्षाफल वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धियों के साथ उनकी सांस्कृतिक प्रतिभाओं को भी मंच मिला। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें गीत, नृत्य व नाटक शामिल रहे। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों व अभिभावकों को आकर्षित किया और तालियों की गूंज से पूरा परिसर गूंज उठा। मुख्य अतिथि डॉ. रवि शंकर वर्मा ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यालय के विकास के लिए 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की, जिस पर विद्यालय परिवार ने आभार जताया। विशिष्ट अतिथि हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान परीक्षाफल घोषित करते हुए मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्र शेखर वर्मा ने अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनसमूह का स्वागत करते हुए विद्यालय की प्रगति और उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शिखा ने किया, जबकि आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों व स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सहायक अध्यापक अरविंद कुमार, बेबी वर्मा, बलदेव राना, जितेंद्र कुमार रस्तोगी, उपासना व उमाशंकर त्रिवेदी सहित समस्त स्टाफ सक्रिय रूप से उपस्थित रहा। समारोह में प्रधान प्रतिनिधि संदीप वर्मा, एसएमसी अध्यक्ष पंकज कुमार समेत अनेक अभिभावक/अखिलेश कुमार, पुत्तू लाल, हरीश कुमार, विनोद कुमार, गोवर्धन लाल, बसंत कुमार आदिकृकी गरिमामयी उपस्थिति रही।

संक्षेप

## गर्मी शुरू होते बिजली आपूर्ति 6 से 8 घंटा

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में गर्मी की शुरूआत होते ही बिजली ने आंख मिचौली करना शुरू कर दिया है। किसानों को सर्वाधिक जरूरत के समय हवा चलने का बहाना देकर बिजली कटौती शुरू कर दी गई है जिससे किसानों की गन्ना की फसल सूखने लगी है। बिजली आपूर्ति को लेकर संकट मंडराने लगा है पूरा दिन ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के दर्शन नहीं होते लोग बूंद बूंद पानी पीने के लिए हैंड पंप का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटा विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का सरकारी दावा हवा हवाई साबित हो रहा है। विद्युत कटौती की लेकर जिम्मेदार अधिकारियों का सीयूजी नंबर स्थाई रूप से बंद कर लिया है प्राइवेट नंबर से चुनिंदा लोगों से बात करने पर किसानों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि को समस्या का शिकायती पत्र देकर अवगत कराया है। अधिकारियों से जवाब मांगने पर उन्होंने कटौती की लंबी फेहरिस्त बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं। जिसके चलते किसानों को महज 6 से 8 घंटा बिजली मिल पाना सुनिश्चित हो पा रहा है।

## तालाब से मछली शिकार 33 पर मुकदमा दर्ज

सीतापुर। तालगांव कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पट्टी सेवई में सरकारी तालाब से अवैध रूप से मछली पकड़ने का बड़ा मामला सामने आया है। न्यायालय के स्पष्ट स्थगन आदेश (स्टे) के बावजूद दबंगों द्वारा तालाब से मछलियों का शिकार किए जाने पर कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने 33 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम पंचायत तालगांव की प्रधान ईरम कौसर ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि गाटा संख्या 1531क राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है। वर्ष 2025 में मत्स्य पालन के लिए पट्टा आवंटन प्रक्रिया में गौरीशंकर और मुन्नालाल की समितियों ने आवेदन किया था, जिसमें 26 सितंबर 2025 को गौरीशंकर की समिति को पट्टा दे दिया गया। इस फैसले से असंतुष्ट मुन्नालाल ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सीतापुर के न्यायालय में अपील की, जिसे 4 दिसंबर 2025 को खारिज कर दिया गया। इसके बाद मामला अपर आयुक्त द्वितीय, लखनऊ मंडल पहुंचा, जहां से 16 मार्च 2026 तक पूर्व आदेशों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी गई थी। आरोप है कि 5 फरवरी 2026 की शाम करीब 6 बजे विपक्षीगणों ने स्टे ऑर्डर को दरकिनार करते हुए तालाब में पाली गई मछलियों का शिकार शुरू कर दिया। सूचना पर प्रधान पक्ष मौके पर पहुंचा तो देखा कि करीब 10-12 क्विंटल मछलियां पकड़ी जा चुकी थीं। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार, आरोपियों द्वारा अब तक करीब 20 लाख रुपये से अधिक की मछलियां निकाली जा चुकी हैं। थाना स्तर पर सुनवाई न होने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। कोतवाली प्रभारी दिनेश प्रकाश पांडेय ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों में गौरीशंकर, रजनीश कुमार, देशराज, अरुण कुमार, पूजा, सुनील कश्यप, अजय कुमार, सुधीर कुमार, करन कुमार, पवन कुमार, रेनू, अंदल कुमार, अर्चना देवी, शिवनन्दन, अमन, राजकुमार, मोहित कुमार, सुनीता देवी, रामनरेश, रामसहारे, उदयराज, मुन्नी देवी, जगमोहन, सावित्री, श्रीकेशन, बदी प्रसाद, रंजीत कुमार, उर्मिला देवी, मोहम्मद सलीम, आकिब, शिवरतन सिंह, फरहान सहित कुल 33 लोग हैं।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच परीक्षा फल वितरित



मोहम्मदी खीरी। कस्बा के अस्तल शिशु मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं के साथ परीक्षा फल वितरण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि गुलशन कुमार भसीन, नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया मौजूद रहे संचालन राधिका बहन ने किया है। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को बहन राधिका ने रोली अक्षत का तिलक लगाया और बैज अलंकरण कर सम्मानित किया सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया है। कार्यक्रम में सुलेख , मेहंदी , वेश और संस्कृत ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें काव्यांश और श्रेयश को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर विशिष्ट सम्मान देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के भैया और बहनों को अतिथियों द्वारा परीक्षा फल वितरित किया गया है। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के प्रबंधक गुलशन कुमार भसीन, अतुल रस्तोगी वरिष्ठ सदस्य नरेंद्र मेहरोत्रा, और आयोजन के व्यवस्थापक गोपाल मोहन रस्तोगी समेत तमाम प्रबुद्ध जनों के साथ अभिभावक और भैया और बहनों को संबोधित करते हुए कहा प्रथम पंक्ति में बैठे लोगों के सानिध्य में रहकर इस सफलता के आयाम तक पहुंचा हूं इन सभी का आशीर्वाद हमेशा साथ रहा है।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह संपन्न



सीतापुर। शहर के तरीनपुर स्थित गुप्ता कॉलोनी में संचालित आधारशिला कान्वेंट पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीकेजी से लेकर कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय के प्रबंधक चंद्रकांत त्रिपाठी ने बच्चों को परीक्षा परिणाम वितरित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ह्लकार्य में विश्वास रखने से ही सफलता मिलती हैह्व। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और मेहनत को जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। साथ ही अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण उत्सव जैसा बना रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने भी बच्चों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। इस अवसर पर संध्या त्रिपाठी, अंकित पांडे, अनीता मिश्रा, सुशील राठौर, श्वेता भारद्वाज, पारुल तिवारी, रिंकी, शिवानी मिश्रा और छाया पंडित सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। समारोह का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

## ताला तोड़कर लाखों की चोरी, घर-दुकान खंगाल ले गये चोर

सीतापुर। थाना अटरिया क्षेत्र के मनवा इलाके में चोरों ने बंद पड़े घर और दुकान को निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोर लाखों रुपये के जेवर और करीब 5 लाख की नकदी समेट ले गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित सलमान ने बताया कि वह सोमवार सुबह करीब 9 बजे अपने साले की शादी में शामिल होने के लिए परिवार सहित घर में ताला लगाकर बाहर गए थे। अगले दिन सुबह लौटने पर जब दुकान खोलने पहुंचे तो मुख्य गेट के दोनों ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो घर और दुकान पूरी तरह खंगाले जा चुके थे।

# धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बांकेगंज ब्लाक के पी.एम. श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय, लक्ष्मीपुर खुटार में सोमवार को वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की शैक्षिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट उपलब्धियों पर उन्हें सम्मानित किया गया, जिससे पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, नाटक व कविताएं शामिल रहीं। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया और दर्शकों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह के दौरान विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, प्रमाणपत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पुस्तक वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को शैक्षिक सामग्री प्रदान की गई।

मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी श्रवणकांत अहिरवार ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उनकी छिपी प्रतिभा को सामने लाने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल व सांस्कृतिक गतिविधियां भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विपिन कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में अभिभावकों व क्षेत्रीय लोगों की अच्छी खासी उपस्थिति रही, जिससे आयोजन को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन व व्यवस्था बनाए रखने में विद्यालय के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। समारोह के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार ने संतोष जताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को जारी रखने की बात कही।

## ट्रैक्टर-बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

सीतापुर। बिसवां कोतवाली क्षेत्र के बिसवां-सदरपुर मार्ग पर सोमवार देर रात रामाभारी मोड़ के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ट्रैक्टर और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिसवां पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने ग्राम भिनैनी थाना सदरपुर निवासी शिवम पाल (19) पुत्र अमरनाथ का इलाज शुरू किया, जबकि दूसरे युवक सगीर पुत्र कल्लू शाह निवासी ग्राम रामाभारी थाना बिसवां को मृत घोषित कर दिया। युवक सगीर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# चैती मेले में झांकियों ने बांधा समां, सांस्कृतिक मंच पर उमड़ी भीड़




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेले के तृतीय दिवस सांस्कृतिक मंच पर मनोहारी कला केन्द्र एवं पल्लवी आर्ट ग्रुप द्वारा प्रस्तुत भव्य झांकियों और रंगारंग कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चले कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ठाकुर प्रसाद गंगवार, कार्यक्रम अध्यक्ष दीपेन्द्र गुप्ता व नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू समेत अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह व पुष्पमालाएं भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ठाकुर प्रसाद गंगवार ने कहा कि ऐतिहासिक चैती मेले को इस बार नई भव्यता मिली है और नगर की सजावट सराहनीय है। वहीं कार्यक्रम अध्यक्ष दीपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि मेले के मंच से पुराने कार्यकताओं को सम्मानित करना सराहनीय पहल है।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत मनोहारी कला केन्द्र के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर व पल्लवी आर्ट ग्रुप के अध्यक्ष सोनू पागल के निर्देशन में गणेश वंदना से हुई। इसके बाद कलाकारों ने हनुमान जी, राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती सहित विभिन्न धार्मिक झांकियों की आकर्षक प्रस्तुति दी। हनुमान चालीसा, शिव बारात, महिषासुर वध, काली अखाड़ा और बृज की होली जैसे मंचनों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। शिव बारात में विशाल नंदी पर सवार शिव का स्वरूप और भूत-प्रेतों का अभिनय विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं पुष्प वर्षा के साथ बृज की होली और श्रीकृष्ण नृत्य पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। कार्यक्रम में अन्नू कोहली, विनीत नटराज, शिवा अग्निहोत्री, हिमांशु बाजपेयी समेत कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों व नृत्य ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर संजय तिवारी, डॉ. शिवेंद्र अवस्थी, रवि सक्सेना, ओम प्रकाश गुप्ता, राम किशोर भोजवाल, कौशल जायसवाल, अरविंद श्रीवास्तव, राजेन्द्र सोनी, कुलदीप वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**मेला में आज**

चैती मेले के सांस्कृतिक मंच पर 1 अप्रैल को सायं 7 बजे से बाल कवि सम्मेलन आयोजित होगा।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

**पत्रांक : 2199/कान्हा गौ./प.शे.हो. /नि.कार्य /ई-टेण्डर/2025-26** **दिनाँक : 28 मार्च, 2026**

**ई-निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक-2198/कान्हा गौ./प.शे.हो./नि.कार्य /ई-टेण्डर /2025-26 दिनांक 28 मार्च, 2026 द्वारा कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत कान्हा गौशाला/पशु शेल्टर होम्स के निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर पालिका परिषद, बहराइच के स्वीकृत 01 निर्माण कार्य हेतु जी.एस.टी. रहित आनलाइन निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 31 मार्च, 2026 को अपरान्ह 02.36 बजे से दिनांक 30 अप्रैल, 2026 को अपरान्ह 3.30 बजे तक निर्माण कार्यों के लिए वर्ष 2025-26 में समस्त सराकारी विभागों में 'ए' एवं 'बी' श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों /फर्मों (जिन्हे गौशाला/पशु शेल्टर होम्स के कार्यों का सममूल्य अथवा अधिक का संयुक्त अनुभव कम से कम तीन वर्ष का हो) से प्रतिशत दर के आधार पर निर्धारित नियम एंव शर्तों के अधीन आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। कार्य की जमानत धनराशि आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से नगर पालिका परिषद बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा स्थित खाता संख्या-50383894033 IFSC Code- IDIB000C601 में अनलाइन जमा की जायेगी अथवा एफ.डी.आर./टी.डी.आर./एन.एस.सी./ सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बहराइच के पक्ष में बन्धक हो, भी स्वीकार किये जायेंगे। निविदा मूल्य आनलाइन ही जमा करना होगा। आनलाइन अपलोड की गयी निविदा से सम्बन्धित अभिलेखों (जैसे जमानत धनराशि/निविदा मूल्य जमा रसीद (बैंक स्टेटमेन्ट), हैसियत/चरित्र प्रमाण-पत्र/पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि) को ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। कार्य की स्वीकृत लागत के सापेक्ष रु. 40.00 लाख तक 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एवं रु. 40.00 लाख के पश्चात कार्य की लागत की अवशेष धनराशि के सापेक्ष 05 प्रतिशत जमानत धनराशि आनलाइन अथवा एफ.डी.आर./ टी.डी.आर./एन.एस.सी./ सी.डी.आर. के रूप में जमा करना होगा। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 30 अप्रैल, 2026 को अपरान्ह 04.00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। अपलोड की गयी ई-निविदाओं में से किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। तकनीकी बिड में अर्ह पायी गयी निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। सम्बन्धित निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है।

**(प्रमिता सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बहराइच**

**(सुधा देवी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बहराइच**

संक्षेप

## अवकाश के दिनों में नहीं कटेगी बिजली

जौनपुर। जिले के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। अब बिजली बिल बकाया होने पर अवकाश के दिनों में उनकी बिजली नहीं काटी जाएगी। यह जानकारी अधीक्षण अभियंता (प्रथम) मनोज कुमार गुप्ता और अधीक्षण अभियंता अनिल पाठक ने संयुक्त रूप से मीडिया को दी। विभाग ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एक विशेष समय-सीमा निर्धारित की है। इसके अनुसार, बैलेंस खत्म होने के बावजूद रविवार, महीने के दूसरे शनिवार और अन्य सार्वजनिक अवकाश के दिनों में बिजली आपूर्ति बाधित नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त, प्रतिदिन शाम 6 बजे से सुबह 8 बजे तक हैप्पी आवर्स लागू रहेंगे, जिनमें बिजली कटौती पर रोक रहेगी। जिले में अब तक 1,71,528 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। इन उपभोक्ताओं को समय पर बिल भुगतान करने पर दो प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जा रही है। अधीक्षण अभियंताओं ने यह भी बताया कि इमरजेंसी क्रेडिट बैलेंस समाप्त होने के बाद भी उपभोक्ताओं को तीन दिन का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। यदि रिचार्ज के बाद भी दो घंटे के भीतर बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होती है, तो विभाग इस पर तत्काल कार्रवाई करेगा।

## लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करें

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने अभियोजन से जुड़े मामलों की गहन समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों में समयबद्ध एवं प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए, ताकि दोषियों को शीघ्र दंड दिलाया जा सके। उन्होंने लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उनकी शीघ्र निस्तारण की कार्यवाही तेज करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गंभीर अपराधों से संबंधित मामलों में विशेष सतर्कता बरती जाए तथा साक्ष्यों को सुदृढ़ तरीके से न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने अभियोजन अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर बल दिया। जिलाधिकारी द्वारा लंबित वादों की प्रगति, दोषसिद्धि दर, गवाही की स्थिति एवं न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने वाले अभिलेखों की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी। उपस्थित रहे।

## सुंदरीकरण का स्थलीय निरीक्षण

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा शाही पुल स्थित मंदिरों में आवास एवं विकास परिषद द्वारा प्रस्तावित सौंदर्यीकरण के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सौंदर्यीकरण के प्रस्तावित कार्यों के संबंध में उपस्थित अधिशासी अभियंता प्रीति विश्वकर्मा से जानकारी ली गई तथा दिशा निर्देश दिए गए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जौनपुर पवन कुमार को नगर क्षेत्र सहित शाही पुल, गोमती घाट पर नियमित साफ-सफाई आदि के संबंध में निर्देशित किया गया। मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# युवाओं को ऋण वितरण कर बनायें आत्मनिर्भर

जिला संवाददाता(vol)



आजमगढ़। मण्डलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार में देर सायं सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न विभागों के ग्रेडिंग एवं रैंकिंग के आधार पर मण्डल के विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि तीनों जनपदों में कैंप का आयोजन कर योजना अंतर्गत अधिक से अधिक आवेदन करायें तथा लक्ष्य के सापेक्ष बैंकों से समन्वय कर अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित कर रैंकिंग एवं ग्रेडिंग में सुधार लाएं। जल जीवन मिशन ग्रामीण की समीक्षा में जनपद मऊ की प्रगति कम पाई गई, जिस पर आयुक्त ने निर्देश दिया कि एफएचटीसी की प्रगति बढ़ाते हुए रैंकिंग एवं ग्रेडिंग में सुधार लाएं। उन्होंने कहा कि योजना अंतर्गत हर घर को नल से जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। पीएम पोषण योजना अंतर्गत विद्यालयों के निरीक्षण की प्रगति की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि अधिक से अधिक विद्यालयों का निरीक्षण करें एवं भौतिक स्थिति की जांच करते हुए आवश्यक कार्यवाई करें तथा निरीक्षण की रिपोर्ट तत्काल पोर्टल पर फीड करायें। सेतुओं के निर्माण की समीक्षा में जनपद बलिया की प्रगति कम पाई गई, जिस पर मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि सेतुओं के निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करते हुए निर्धारित अवधि में कार्य को पूर्ण करें एवं कार्य के डाटा को पोर्टल पर भी फीड कर रैंकिंग में सुधार लाएं। ओडीओपी टूल किट वितरण योजना अंतर्गत जनपद बलिया की प्रगति कम पाई गई, जिस पर मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष लाभार्थियों की ट्रेनिंग कराते हुए लक्ष्य को पूरा करें एवं रैंकिंग में सुधार करें। मुख्यमंत्री युवा

- प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनान्तर्गत कैंप का आयोजन कर अधिक से अधिक करायें आवेदन
- मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न विभागों के ग्रेडिंग एवं रैंकिंग के आधार पर मण्डल के विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी आयोजित

उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने मंडल के तीनों जनपदों को निर्देश दिया कि योजनान्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक आवेदन करायें एवं बैंकों से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक युवाओं को ऋण वितरण कर उनको आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करें।

अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति की समीक्षा में आजमगढ़ की प्रगति सबसे कम पाए जाने पर मंडलायुक्त ने समाज कल्याण अधिकारी से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्धारित समय से छात्रवृत्ति के आवेदनों को अग्रसारित कर रैंकिंग में सुधार लाएं तथा स्कूलों स्तर पर लंबित आवेदनों को निर्धारित समय से फॉरवर्ड करायें तथा इसकी नियमित मॉनीटरिंग भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति के प्रकरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, कार्यों को पूरी गंभीरता के साथ करें एवं रैंकिंग में सुधार लाएं।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को प्रोत्साहित कर आवेदन करायें। उन्होंने पीओ डूडा को निर्देश दिया कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना अंतर्गत यथाशीघ्र सत्यापन कराते हुए अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें। पर ड्रॉप मोर क्राप माइक्रोइरिगेशन की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि योजना अंतर्गत अधिक से अधिक आवेदन कराते हुए प्रगति बढ़ाएं। बैठक में उपनिदेशक उद्यान बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर मंडलायुक्त ने वेतन रोकने एवं स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि ट्रांसफार्मर के खराब होने की शिकायत प्राप्त होते ही यथाशीघ्र ट्रांसफार्मर को बदलने की कार्यवाई की जाए एवं आवश्यकतानुसार ट्रांसफार्मरों के क्षमता में वृद्धि भी की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार दैनिक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में नियमित रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होती रहे। उन्होंने मुख्य अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि स्कूलों के ऊपर से गए हाईटेंशन तारों को हटाने की कार्य योजना बनाई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन-जिन विभागों द्वारा विद्युत से संबंधित कार्य के लिए पैसे का भुगतान विद्युत विभाग को कर दिया गया है, उनका कार्य तत्काल करना सुनिश्चित करें।

## 240 मोबाइल साइबर क्राइम सेल ने किया बरामद



जौनपुर। साइबर क्राइम सेल व थानों की साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से 240 गायब मोबाइल कीमत करीब पैंतालीस लाख रुपए के मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामियों को किया गया सुपुर्द किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ( नोडल साइबर थाना ने पत्रकारों को बताया कि सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से 240 गुमशुदा मोबाइल पैंतालीस लाख रूपय को बरामद कर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किया गया। अब तक कुल 1400 मोबाइल फोन स्वामियों को सुपुर्द किया जा चुका है। गुम मोबाइलों के प्रार्थना पत्रों/सीईआईआर पोर्टल के आधार पर साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम द्वारा पीड़ितों के गुम हुए 240 मोबाइलो में जनपद के भिन्न-भिन्न थाना क्षेत्र से व थानो के साइबर सेल द्वारा बरामद किया गया। उत्तर प्रदेश के अन्य जनपद आजमगढ, वाराणसी, सुल्तानुर, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, बलिया, प्रतापगढ़, बलिया, भदोही से मोबाईल फोन बरामद किया गया। कुछ मोबाईल फोन अन्य प्रान्त जैसे-दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, झारखण्ड, बिहार,राजस्थान से बरामद किया गया। बरामद मोबाइलों में मुख्यतः वन प्लस, वीवो, रेडमी, ओप्पो, रियलमी, टेक्नो, पोको, नोकिया व सैमसंग कम्पनी की मोबाइल है। बरामद मोबाइल को अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा मोबाइल स्वामियों को वितरित किया गया। उन्होने बताया कि साइबर अपराध के शिकार होने पर तत्काल 1930 पर आनलाइन शिकायत करें या अपने नजदीकी थाने की साइबर हेल्पडेस्क पर पहुँच कर लिखित शिकायत करें। अपना खोया मोबाइल पाकर सभी मोबाइल धारक काफी सन्तुष्ठ व खुश दिखे ।बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में महेश पाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना , राजेश कुमार यादव, प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम सेल उपनिरीक्षक नीलम सिंह, आलोक कुमार सिंह, ज्योति श्रीवास्तव, जयप्रकाश सिंह, आकांक्षा सिंह आदि का सहयोग रहा।

## अंतिम संस्कार में आये डूबे व्यक्ति की मिली लाश

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के पास गोमती नदी में मंगलवार को मुरारपुर गांव के श्यामबहादुर चैहान की लाश मिली ।वह सोमवार को जफराबाद के नावघाट के पास अंतिम संस्कार बाद गोमती नदी में नहाते समय डूब गया था। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। गांव की एक वृध्द महिला के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने आए श्यामबहादुर चैहान गोमती नदी में नहाने गए ।वह पानी के गहरे स्थान पर जाकर डूब गए थे ।पुलिस तथा स्थानीय गोताखोरों ने उनकी बहुत खोजबीन किया। परन्तु उनका कही पता नही चल पाया। आखिरकार मंगलवार की सुबह ऊक्त गांव के पास श्यामबहादुर की लाश मिल गयी।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार मासूम सहित तीन लोगों की मौत

मीरजापुर। जिले से दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना का दृश्य सामने आया है। जिसे देख लोगों का दिल दहल जा रहा है, लेकिन नहीं दहला है तो उन वाहन चालकों का दिल जो बेखौफ रफ़्तार भरते हुए शवों को रौंदते हुए वाहन लेकर दौड़ते रहे हैं। पूरा मामला मीरजापुर जिले के अहरौरा थाना क्षेत्र के अहरौरा-जमुई मार्ग का का है। जहां सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत होने के बाद उनकी लाशों के ऊपर से वाहन दौड़ते रहे हैं।

इस दौरान लाशों का दूर दूर तक बिखराव हुआ था जिसे देख हर किसी दिल दहल उठा है। पुलिस के मुताबिक सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य रहे हैं। सभी अहिरूपुर सोनपुर गांव के निवासी बताएं गए हैं। सूचना होने पर मौके पर पहुंची पुलिस जहां छानबीन में जुटी रही है वहीं मौके पर काफी भीड़ इकठ्ठा हो गई थी। वहीं दूसरी ओर दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो लिया था ?जिसे कब्जे में लेकर पुलिस चालक की तलाश में जुटी हुई है। उधर इस हादसे की खबर होते ही अहिरूपुर सोनपुर गांव सहित संबंधित के परिजनों मे मातम मचा हुआ है। लोगों की चीख पुकार से पूरे गांव सहित घटना-स्थल पर मातम छाया हुआ है। दुर्घटना मंगलवार को तड़के तकरीबन 6.30 की बताई जा रही है। जब अहरौरा थाना क्षेत्र के अहरौरा-जमुई मार्ग पर नहर के समीप तेज रफ़्तार हाईवा संख्या यूपी 65एलटी 8115 ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। परिणामस्वरूप बाइक सवार वेदवंती पत्नी अशोक कुमार बिंद 28 वर्ष, अनुराग पुत्र चन्द्रवती बिंद 19, अनमोल पुत्र अशोक कुमार बिंद 5 वर्ष सभी निवासी सोनपुर ( अहिरुपुर ) अहरौरा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद हाईवा चालक बाइक सवारों को बुरी तरह से कुचलते हुए भागने लगा था, लेकिन कुछ दूर जाने के बाद वह वाहन को छोड़कर भाग निकला था। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र सैकड़ों की संख्या में हाईवा, ट्रेलर से लगाए ट्रकें बालू गिट्टी, बोल्डर लादकर दौड़ रहे हैं जिनपर कोई नियंत्रण न होने से आसपास के रहवासियों सहित सड़क पर चलने वालों की सांसें थम जाती हैं। ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम किए जाने की सूचना होने के बाद मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया है।

## ट्रेन यात्रियों के मोबाइल छीनने वाले गैंग का पर्दाफाश, 2 गिरफ्तार

मीरजापुर। नगर की कटरा कोतवाली पुलिस टीम ने रेलवे लाइन के किनारे खड़े होकर ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से विभिन्न कंपनियों के कुल 13 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। 29 मार्च की रात कटरा पुलिस टीम ने चिमनी रोड के पास घेराबंदी कर राजाराम सोनकर (55 वर्ष) निवासी काजी तालाब जंगी रोड तथा दिलीप कुमार केवट (20 वर्ष) निवासी ककरहवां को गिरफ्तार किया ।पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे रेलवे लाइन के किनारे खड़े होकर ट्रेनों की खिड़की या गेट के पास मोबाइल चला रहे यात्रियों को निशाना बनाते थे। डंडे से मोबाइल गिराकर उसे उठा लेते और बाद में राहगीरों को सस्ते दामों में बेच देते थे। इससे प्राप्त रकम को आपस में बांट लेते थे। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ थाना कटरा में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है। गौरतलब है कि गिरफ्तार शातिरों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह, उपनिरीक्षक चंद्रभान सिंह, विनोद शास्त्री समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## हरे पेड़ों की चोरी करने वाले मशीन और बाइक छेड़ भागे

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र में पेड़ों की चोरी से कटाई वाले एक गैंग के नाम से जाना जा रहा है। यह गैंग रात में एकांत और सुनसान जगह में पेड़ों को निशाना बना रहा है।

बीती रात थाना क्षेत्र के सखोई जंगल में गैंग पेड़ों को निशाना बनाए हुए थे। पेड़ काटने की मशीन की आवाज सुनकर गांव वालों को संदेह हुआ। रात को गांव वाले जंगल में घेरे बंदी किए। गैंग मौके से मोटरसाइकिल पेड़ काटने वाली मशीन तथा मोबाइल छोड़कर भाग गए। गांव वालों ने उक्त सामग्री जफराबाद पुलिस को सुपुर्द कर मामले की सूचना थाना अध्यक्ष को दे दिया है। शिवपुर गांव निवासी लल्ला सिंह ने बताया कि सखोई जंगल गोमती नदी के किनारे विशाल पेड़ों के जंगल से सजा हुआ है। उक्त जंगल में बीते कई दिनों से रात के समय में चुपके से उक्त पेड़ कटवा कीमती पेड़ों की कटाई कर रातों-रात उठा ले जाते थे। जंगल में पेड़ काटने की जानकारी होने पर हम सभी गांव वाले चैंकने हो गए। बीती रात करीब 12 बजे जंगल में पेड़ काटने वाले कटर मशीन के चलने की आवाज सुनाई दी। हम सभी गांव वाले आपस में प्लान करके रात में जंगल में घेरे बंदी किए। गैंग को गांव वालों के आने की भनक लग गई। मौके से अपनी मोटरसाइकिल मोबाइल तथा आरी मशीन छोड़कर भाग गए। गैंग ने लाला सिंह की जमीन से पांच कीमती सागौन के वृक्ष की कटाई कर उसे गिरा दिया था। इस तरीके से यह गैंग कई दिनों से ऐसी जगह में हरे पेड़ों पर डकैती डालने की घटना को अंजाम दे रहे हैं। उक्त मामला तथा इस गैंग के अपराध की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है। थाना अध्यक्ष श्री प्रकाश शुक्ला ने बताया कि मौके से मिले मोटरसाइकिल और मोबाइल से उक्त अपराधियों को चिन्हित कर तलाशने का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही उक्त गैंग का खुलासा किया जाएगा।

## जिला चिकित्सालय में मरीजों के लिए लिफ्ट सेवा शुरू

जौनपुर। जिला चिकित्सालय में मरीजों और उनके परिजनों के लिए लिफ्ट सेवा शुरू कर दी गई है। इस सुविधा से अस्पताल की पहली, दूसरी और तीसरी मंजिल तक पहुंचने में होने वाली परेशानी अब समाप्त हो गई है। लंबे समय से अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को बीमारी की स्थिति में सीढ़ियों से ऊपरी मंजिलों पर जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जनता द्वारा लगातार लिफ्ट लगाने की मांग की जा रही थी। अब कार्यदाई संस्था ने लिफ्ट को पूरी तरह से चालू कर जिला चिकित्सालय को सौंप दिया है। सीएमएस डॉ. संजय कनौजिया ने बताया कि लिफ्ट के पूरी तरह से क्रियाशील होने से मरीजों और उनके परिजनों को विभिन्न वार्डों में आने-जाने में काफी सुविधा मिली है।

# प्रथम पुरस्कार पाकर अधिवेशन से लौटे दल का स्वागत



जिला संवाददाता

जौनपुर। लायन्स क्लब इंटरनेशनल मंडल का वार्षिक अधिवेशन मंसूरी में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ अर्पण धर दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें आयोजित परेड में लायन्स क्लब जौनपुर को बेस्ट क्लब आफ परेड अवार्ड प्राप्त हुआ। तथा जौनपुर मेन द्वारा किए गए सेवा कार्यों को बैनर के माध्यम से आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने पर बैनर प्रस्तुतीकरण में प्रथम पुरस्कार मिला। ये दोनों अवार्ड जीत कर लायन्स क्लब जौनपुर मेन ने पूरे मंडल में अपना परचम लहराया है।

पूर्व अध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी के नेतृत्व में सदस्यों का दल मंसूरी अधिवेशन में भाग लेने गया था जिसमें डॉ क्षितिज शर्मा, सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, शत्रुघ्न मौर्य, राम कुमार साहू, मिदहत फात्मा, शैल मौर्य, गायत्री साहू व हुसैन मुस्तफा शामिल रहे। मंगलवार को दून एक्सप्रेस ट्रेन से उक्त दल के वापस जौनपुर पहुंचने पर लायन्स क्लब जौनपुर मेन के अध्यक्ष सीए राजेश राज गुप्ता के नेतृत्व में लायन्स सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। दिनेश टंडन पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ने बधाई देते हुए कहां कि लायन्स क्लब जौनपुर मेन की ये शानदार उपलब्धि, लायन्स परिवार के साथ ही साथ जनपद जौनपुर के लिए अत्यंत गौरव व खुशी की बात है और प्रेरणा का विषय है। संस्थाध्यक्ष सीए राजेश राज गुप्ता ने बताया कि परेड में उत्कृष्ट व आकर्षक प्रस्तुति, बेहतरीन थीम, ड्रेस, अनुशासन प्रभावशाली स्लोगन एवं जोशीले नारों के साथ सहभागिता करने का परिणाम रहा जो ये सम्मान प्राप्त हुआ। सचिव योगेश साहू पूर्व अध्यक्ष शकील अहमद, सुभाष चौरसिया, परेड चेयरमैन चैतन्य पाण्डया, राधे मारवाह, अधिवेशन चेयरमैन वीरेंद्र गोयल, दीपक अग्रवाल, अरुण त्रिपाठी, डॉ मदन मोहन वर्मा, अजीत कपूर डॉ संदीप मौर्य, डॉ विनोद कन्नौजिया, मनोज चतुर्वेदी, राजीव श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, संजय केडिया, संदीप गुप्ता आदि ने बधाई दी।

## स्मार्ट मीटर विरोधी मोर्चा का हुआ गठन

जौनपुर। कलेक्ट्रेट तिराहा स्थित एक रेस्टोरेंट पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने बिजली विभाग द्वारा लिए जा रहे अनेक निर्णयों द्वारा हो रही परेशानियों पर विस्तार से चर्चा की गई। स्मार्ट मीटर में बिल बहुत ज्यादा आ रहा है। बिना उचित सूचना के बिजली काट दी जा रही है। अचानक बिजली काटने से परेशान लोग जब किसी तरह से पैसे की व्यवस्था करके बिल जमा भी करते हैं तो फिर से बिजली चालू होने में बहुत अधिक समय लग रहा है। स्मार्ट मीटर को प्रीपेड में बदल कर उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। इन सब परेशानियों को देखते हुए इस पूरी प्रक्रिया का विरोध करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए स्मार्ट मीटर विरोधी मोर्चा का गठन किया गया। इस अवसर पर सर्व सम्मति से चंद्र मणि पांडेय को मोर्चा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया,साथ ही साथ योगेश कुमार द्विवेदी को महामंत्री,राम नगीना यादव को उपाध्यक्ष,प्रवीण कुमार शुक्ल को संगठन मंत्री,विपिन कुमार पांडे को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर सर्व सम्मति से स्मार्ट मीटर लगाने की पूरी प्रक्रिया को बंद करने की मांग का प्रस्ताव पारित किया गया।

## गौशालाओं में भूसा दान का सहयोग करें

जौनपुर। जनपद में गौवंश एवं अन्य निराश्रित पशुओं के संरक्षण एवं उनके समुचित भरण-पोषण के लिए संचालित गौशालाओं में वर्तमान समय में भूसे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनपद के समस्त कृषक बंधुओं, समाजसेवियों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक मात्रा में भूसा दान कर गौशालाओं में संरक्षित निराश्रित गोवंश के लिए सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी ने कहा कि पशुओं के लिए पर्याप्त चारा उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जनपद के किसान भाई यदि अपनी फसल से प्राप्त भूसे का कुछ भाग गो आश्रय स्थलों के लिए दान करते हैं तो इससे निराश्रित पशुओं के संरक्षण में बड़ी सहायता मिलेगी। उन्होंने उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भूसा संग्रहण के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा प्राप्त भूसे को गौशालाओं तक शीघ्र पहुंचाया जाए।

## गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण पर करें कार्रवाई

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई, जिनमें प्रचलित राशन कार्डों में आधार सीडिंग की प्रगति, पात्रता सूची में शामिल नए लाभार्थियों की स्थिति, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत माह जनवरी से मार्च तक खाद्यान्न वितरण की स्थिति, विभागीय अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्य, निलंबितध्रिक्त उचित दर दुकानों की स्थिति, आईजीआरएस जनसुनवाई की प्रगति तथा सिंगल स्टेज डिलीवरी प्रणाली के क्रियान्वयन की समीक्षा शामिल रही।इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री आवास योजना से आच्छादित लाभार्थियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत निःशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए जाने की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जनपद में रिक्त चल रही उचित दर दुकानों के चयन हेतु संबंधित उपजिलाधिकारियों को पत्र प्रेषित कर शीघ्र दुकान आवंटन की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

# छात्रा के अपहरण में आरोपी को तीन साल की सजा

जौनपुर। एक छात्रा के अपहरण से जुड़े मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अपर्णा देव ने मुख्य दोषी मनोज कुमार निषाद को तीन वर्ष कारावास और 5,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस मामले में पीड़िता को छिपाने के दोषी बाबूराम, श्यामदेई और इमरती को भी तीन वर्ष कारावास और 8,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया है कि अर्थदंड का भुगतान न करने पर दोषियों को दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसके अतिरिक्त, अर्थदंड की आधी राशि पीड़िता को बतौर मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है। यह मामला बक्सा थाने में आरोपियों के खिलाफ दर्ज अभियोग के आधार पर चला। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, घटना के समय पीड़िता की उम्र 17 वर्ष थी और वह टीडी कॉलेज में अध्ययनरत थी। आरोपी नवीन पीड़िता से शादी करना चाहता था। वह 4 मार्च 2008 को उस समय हुई थी, जब पीड़िता एक छप्पर में बैठकर सिलाई कर रही थी। आरोपी मनोज कुमार निषाद और नवीन निषाद मोटरसाइकिल से घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़िता का अपहरण कर लिया। पुलिस और परिवार के दबाव के बाद, आरोपियों ने 6 मार्च 2008 को पीड़िता को टीडी कॉलेज के गेट के सामने छोड़ दिया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, घटना के समय पीड़िता की उम्र 17 वर्ष थी और वह टीडी कॉलेज में अध्ययनरत थी। आरोपी नवीन पीड़िता से शादी करना चाहता था। यह घटना 4 मार्च 2008 को उस समय हुई थी, जब पीड़िता एक छप्पर में बैठकर सिलाई कर रही थी। आरोपी मनोज कुमार निषाद और नवीन निषाद मोटरसाइकिल से घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़िता का अपहरण कर लिया। पुलिस और परिवार के दबाव के बाद, आरोपियों ने 6 मार्च 2008 को पीड़िता को टीडी कॉलेज के गेट के सामने छोड़ दिया। पीड़िता अपने घर पहुंची थी और उसने बताया कि नवीन और मनोज उसे अपहरण कर बाबूराम निषाद के घर ले गए थे। बाबूराम, उसकी पत्नी श्यामदेई और दयाराम की पत्नी इमरती ने पीड़िता को मकान की ऊपरी मंजिल के एक कमरे में बंद कर रखा था। पीड़िता के बयान के अनुसार, इस दौरान नवीन ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

## बदलापुर की दो प्रतिभाओं ने लहराया परचम

जौनपुर। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के घोषित परिणाम में बदलापुर क्षेत्र की दो प्रतिभाओं ने शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतिभा यादव और हिमालय सिंह की उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। बदलापुर ब्लॉक के श्री गणेश राम इंटर कॉलेज बटाऊवीर शाहपुर के प्रिंसिपल अनिल कुमार की भतीजी प्रतिभा यादव, पुत्री शिवकुमार यादव (पूर्व जेल अधीक्षक), ने पीसीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर पंचायत राज अधिकारी का पद हासिल किया है। प्रतिभा की प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक पाठशाला अलाउद्दीनपुर से शुरू हुई। इसके बाद उन्होंने राजदेई बालिका इंटर कॉलेज से जूनियर हाईस्कूल तथा राजकीय इंटर कॉलेज इटावा से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की शिक्षा पूरी की। बीटेक की पढ़ाई लखनऊ से करने के बाद उन्होंने दिल्ली में रहकर पीसीएस की तैयारी की। तीसरे प्रयास में साक्षात्कार पास कर उन्होंने यह सफलता हासिल की। वर्तमान में वह पीसीएस 2025 की मुख्य परीक्षा भी दे रही हैं। बदलापुर विकासखंड के गजेन्द्रपुर गांव निवासी हिमालय सिंह ने 82 वीं रैंक प्राप्त कर नायब तहसीलदार का पद हासिल किया है। वह नोडल संकुल शिक्षक अजय कुमार सिंह के पुत्र हैं। हिमालय ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के प्राथमिक विद्यालय से प्राप्त की और हाईस्कूल व इंटरमीडिएट श्री बजरंग इंटर कॉलेज घनश्यामपुर से पास किया। इसके बाद प्रयागराज से बीए की पढ़ाई पूरी कर वहीं रहकर पीसीएस की तैयारी की। दूसरे प्रयास में ही उन्होंने सफलता हासिल कर यह मुकाम पाया। दोनों प्रतिभाओं ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और क्षेत्रवासियों के सहयोग को दिया है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और गणमान्य लोगों ने दोनों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है।

## महिला को बंधक बनाकर बदमाशों ने आभूषण किया पार

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के बसही कलां गांव में बीती सोमवार की रात फिल्मी स्टाइल में एक महिला को बंधक बनाकर नकाबपोश बदमाशों ने सात लाख रुपए मूल्य के आभूषण व नगदी लेकर चले गए। जिस समय यह वारदात हुई उस समय घर में कमलेश मौर्य की पत्नी करिश्मा अकेली थी बाकी घर के सदस्य शादी समारोह में शामिल होने गये हुए थे। घटना की सूचना थाने पर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं बसही गांव के पीड़ित अलगू प्रसाद ने बताया 3 महीने पहले लगभग 3500 रुपए नगद एवं 10 लाख के जेवरात की चोरी हुई थी। बता दें कि लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत और दुबार कलां पुलिस चौकी क्षेत्र में पिछले वर्ष कई घरों और आभूषणों की दुकानों में चोरी की घटनाएं हुई थी, लेकिन किसी भी चोरी की घटना का खुलासा नहीं होने पर बदमाशों का हौसला बुलंद हैं। लहंगपुर व दुबार कलां बाजार में पुलिस गश्त बंद होने से ग्रामीणों के साथ व्यवसायी भय के साए में है। लहंगपुर चौकी क्षेत्र के ग्रामीणों व बाजारवासियों ने बताया कि जब से नये चौकी प्रभारी आये है तब से कभी कभार लहंगपुर बाजार में आते हैं। जब चौकी प्रभारी ही नहीं आते हैं तब पुलिस कहां से आयेगी। ग्रामीणों ने बताया कि दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर देसी शराब की दुकान खुली हुई है शाम के समय शराबी रोड पर ही अपने वाहन खड़ा कर शराब का सेवन करते हैं। जिससे आये दिन कहासुनी के साथ मारपीट की घटनाएं होती है ।लालगंज थाना क्षेत्र के बसही कला गांव की दूरी लालगंज थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। जहां पर नकाबपोश बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में लालगंज के प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच पड़ताल कर घटना का खुलासा किया जाएगा। बताया की ग्रामीणों द्वारा कई तरह की बातें चर्चा में आ रही हैं।

## निखिलेंद्र ने यूपी पीसीएस परीक्षा में 15 वां स्थान किया अर्जित

मीरजापुर। जिले के विकास खंड छानबे के नीबी गहरवार गांव के किसान शिव श्याम सिंह के छोटे पुत्र निखिलेंद्र सिंह ने पीसीएस 2024 की परीक्षा में 15 वां रैंक लाकर जनपद क्षेत्र व गांव व परिवार का नाम रोशन किया है। जिनके गांव में उत्सव का माहौल है। निखिलेंद्र सिंह ने बताया कि हार न मानकर परिश्रम करने पर सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने सातवीं बार मे 15 वां स्थान हासिल कर ट्रेजरी आफिसर बने हैं। उन्होंने कहा कि सफलता के लिये माता निर्मला सिंह पिता शिव श्याम सिंह व भाई निलेंद्र सिंह का सहयोग योगदान रहा है। निखिलेंद्र सिंह दो भाई में छोटे हैं बड़े भाई निलेंद्र सिंह रीवा जनपद के हनुमान तहसील में कानूनगो है। निखिलेंद्र ने कक्षा 1 से 8 तक गांव की परिषदीय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने बाद मिजार्पुर व प्रयागराज में शिक्षा ग्रहण किया। वर्ष 2016 में बीबीएस प्रयागराज से बी टेक करने के बाद पीसीएस की तैयारी में लग गये और मेहनत करने में हार नहीं माने और सातवीं बार में सफलता हासिल हो गयी। परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद सोमवार को बाबा बदेवरा नाथ का दर्शन पूजन किया। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के समस्त पदाधिकारी उनके निवास स्थान जाकर मां विंध्यवासिनी, अष्टभुजी मां और महाकाली मां की संयुक्त चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में देखकर और मां का आशीर्वाद दुपट्टा देकर कौशलेंद्र सिंह का सम्मान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मानित करने वालों में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी से अभिषेक सिंह धवल, दिलीप सिंह गहरवार, शिवम सिंह, इंस्पेक्टर युवराज सिंह, विनीत सिंह, ऋषभदेव पांडे, यज्ञ नारायण पांडे, डॉक्टर अवनीश सिंह, राकेश सिंह, प्रमोद सिंह एडवोकेट और करणी सेना के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बच्चों के अधिकारों के बारे में जागरूकता शिविर आयोजित

आजमगढ़। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में सेन्ट्रल एकेडमी पब्लिक स्कूल, निजामाबाद, आजमगढ में बच्चों के अधिकारों के बारे में जागरूकता हेतु शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन माँ सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रजज्वलित करके किया गया ।सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ नितिका राजन द्वारा शिविर में उपस्थित छात्रों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद-24 में यह उल्लिखित है कि कारखानों, दुकानों, सार्वजनिक स्थलों पर 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से कार्य कराना दण्डनीय अपराध है। शिविर में बताया गया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 भारत में एक महत्वपूर्ण कानून है जो 6 से 14 वर्ष के बच्चों को मुक्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है इस अधिनियम का उद्देश्य देश के सभी बच्चों को समान शिक्षा के अवसर प्रदान करना है। इस अधिनियम के अन्तर्गत माता पिता या अभिभावक छह से चैदह वर्ष की आयु के बच्चों को शिक्षा का अवसर प्रदान करेंगे।

संक्षेप

## नौ जुआरी गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूंडला पुलिस ने सोमवार देर शाम चेकिंग के दौरान रेस्ट कैंप कॉलोनी रेलवे खाली पड़े क्वार्टरों से नौ युवकों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी पंकज निवासी अलीनगर कैंजरा राजा का ताल थान टूंडला, रघुराज रामप्रताप निवासी कूपा थाना लाइनपार फिरोजाबाद, शैलेंद्र उर्फ सनी निवासी टूंडला खाम धोबीघाट लाइनपार थाना टूंडला मोनू निवासी नगला तेजपाल थाना टूंडला सत्यवीर निवासी गांव दरिगपुर थाना टूंडला राज सोलंकी निवासी चुल्हावली थाना टूंडला, कुलदीप उर्फ कलुआ निवासी कठैला मोहल्ला चुल्हावली थाना टूंडला सुधीर कुमार निवासी बाजार मौहल्ला चुल्हावली थाना टूंडला हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से तलाशी के दौरान एक लाख चार हजार रुपये बरामद किए हैं। थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## गर्भगृह के सामने वीआईपी कटघरे में कपल ने की शादी

**मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर की मर्यादा के विरुद्ध वीआईपी कटघरे में एक इन्फ्लुएंसर कपल द्वारा वरमाला और अंगूठी पहनाने की रस्म निभाने का मामला गरमा गया है। वीडियो तीन दिन पहले का बताया जा रहा है जो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश है। जहां आम भक्त घंटों कतार में खड़े रहते हैं, वहीं कपल ने प्रतिबंधित क्षेत्र जगमोहन में निजी रस्में निभाई। मंदिर की सुरक्षा और कार्यप्रणाली कटघरे में है। वीडियो में दिख रहे सेवायत बच्चू गोस्वामी ने इससे अनभिज्ञता बताते हुए कहा कि उन्होंने केवल पैर छूने पर आशीर्वाद दिया था, उन्हें शादी की जानकारी नहीं थी। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की मिलीजुली प्रतिक्रिया आ रही है।

## मुठभेड़ के बाद वृंदावन पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर लुटेरा

**मथुरा।** वृंदावन पुलिस और स्वाट टीम के संयुक्त दल ने मंगलवार देर रात बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है, जिसके पैर में गोली लगी है। पकड़ा गया अभियुक्त पिछले दिनों मुंबई की एक महिला श्रद्धालु से हुई लूट की वारदात में वांछित चल रहा था। पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि लूट की घटना में शामिल बदमाश क्षेत्र में किसी अन्य वारदात की फिराक में है। इस पर थाना वृन्दावन पुलिस और स्वाट टीम ने घेराबंदी की। खुद को घिरा देख बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान छोटू, निवासी गांव बलोठी (भरतपुर, राजस्थान) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस, वारदात में इस्तेमाल अपाचे मोटरसाइकिल, लूटा गया आईफोन 16 प्रो और 2000 रुपये की नकदी बरामद की है। बीती 21 मार्च को मुंबई से आई एक महिला श्रद्धालु के साथ दो अज्ञात बाइक सवारों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाश महिला का कीमती एलवी ब्रांड का लेडीज पर्स छीनकर भाग गए थे। पर्स में आईफोन 16 प्रो, कीमती आभूषण, एक कैनन कैमरा और 10,000 रुपये की नकदी थी। पुलिस अब इस मामले में शामिल अन्य फरार साथियों की तलाश कर रही है।

# चौहद्दी विवाद में आबकारी विभाग घिरा, लाइसेंसी की डीएम से गुहार

## नियम तोड़कर दुकान शिफ्ट कराने की साजिश




**कुशीनगर।** जनपद में आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। पडरौना क्षेत्र में शराब की दुकान के स्थानांतरण को लेकर उठे विवाद ने अब तूल पकड़ लिया है। मामले में एक अनुज्ञापी ने जिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए न सिर्फ नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया है, बल्कि राजनीतिक दबाव में फैसले होने की आशंका भी जताई है।

पडरौना दुकान संख्या-2 (शॉप आईडी 4890) के अनुज्ञापी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि पडरौना दुकान संख्या- 1 (शॉप आईडी 4834) की दुकान को 1 अप्रैल 2026 से निर्धारित चौहद्दी को तोड़कर उनके क्षेत्र में शिफ्ट करने की कोशिश की जा रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने विभाग की नवनीकरण नीति के तहत सभी नियमों का पालन करते हुए लाइसेंस नवीनीकरण कराया, लेकिन अब उसी नियम को ताक पर रखकर दूसरे को लाभ पहुंचाने की तैयारी चल रही है। शिकायत में इस पूरे प्रकरण को सीधे उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1910 की धारा 60 का उल्लंघन बताया गया है इस धारा के तहत चौहद्दी का उल्लंघन न केवल अवैध है, बल्कि लाइसेंस निरस्तीकरण तक की कार्रवाई का प्रावधान है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या विभाग खुद ही अपने बनाए नियमों को धता बता रहा है?

मामले का सबसे संवेदनशील पहलू यह है कि जिस स्थान पर दुकान शिफ्ट की जा रही है, वहां से मात्र 48.5 मीटर दूरी पर मंदिर स्थित है, जबकि नियमानुसार कम से कम 75 मीटर दूरी अनिवार्य है। यानी न सिर्फ चौहद्दी, बल्कि धार्मिक स्थल से दूरी के नियमों को भी नजरअंदाज किया जा रहा है जो सामाजिक और प्रशासनिक दोनों दृष्टि से गंभीर मामला है।

लाइसेंसी अनुज्ञापी जितेंद्र का आरोप है कि आबकारी निरीक्षक ने स्वयं टेलिफोनिक बातचीत में ऊपर से दबाव की बात कही है। शिकायत में स्थानीय विधायक के भाई संतोष जायसवाल का नाम लेते हुए कहा गया है कि निजी जमीन पर दुकान शिफ्ट कर किराये का लाभ लेने के लिए पूरा खेल खेला जा रहा है। अगर यह आरोप सही हैं, तो यह मामला सिर्फ नियम उल्लंघन नहीं, बल्कि सत्ता के प्रभाव में सिस्टम झुकने का संकेत भी है।

## टीचर्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के बैनर तले धरने में दिल्ली जाने की तैयारी तेज

**गौरीगंज,अमेठी।** उपराज्य में शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009, लागू होने से पूर्व नियुक्त होने वाले वाले शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी ई टी)होना अनिवार्य किया गया है। जबकि अधिनियम के पूर्व में नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त रखा गया है। परन्तु माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 01 सितंबर 2025 के निर्णय द्वारा देश के सभी राज्यों में अधिनिमम लागू होने की तिथि से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी सेवा में बने रहने अथवा पदोन्नति हेतु टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। जो कि सरासर अन्याय है। जिसके फलस्वरूप देश भर के शिक्षक व अन्य मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठन टीचर्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के बैनर तले आन्दोलनरत रहकर आर. टी.ई. से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को अध्यादेश लाकर टी. ई. टी. से छूट की माँग कर रहे है।

शिक्षक संघ आगामी 4 अप्रैल को ळत्रक्षके नेतृत्व में रामलीला मैदान नई दिल्ली में देशव्यापी स्तर पर एक विशाल धरना प्रदर्शन प्रस्तावित है। जिसकी तैयारी हेतु समीक्षा बैठक आर0 एन0 पब्लिक स्कूल पूरब गांव, गौरीगंज मे पर्यवेक्षक के रूप में अमेठी जनपद में प्रांतीय मंत्री अशोक कुमार मिश्र एवं मांडलिक मंत्री प्रयागराज अनिल पांडे की देखरेख में संपन्न हुई जिसमें पर्यवेक्षक द्वारा भारी संख्या में दिल्ली



चलने हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया तथा शिक्षकों की संख्या और चलने वाले वाहनों की जानकारी ली गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष क्रमशः, अरविंद कुमार त्रिपाठी (उप्र जूनियर शिक्षक संघ), अरुण कुमार, शशांक शुक्ल, राजेश कुमार गुप्ता, राजेश कुमार तिवारी, गंगा घर शुक्ल, विवेक कुमार सिंह, रामललन द्विवेदी, कृष्ण कुमार पाठक, रामदेव पाण्डेय,, विनोद कुमार यादव, शिवकुश, रामबरन कन्नौजिया, दुर्गा प्रसाद, महेन्द्र प्रताप सिंह, अशोक सिंह, कामता प्रसाद दीक्षित, आशुतोष शुक्ल, डॉ. नागेन्द्र बहादुर सिंह, सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पीड़िताओं की सुरक्षा के प्रति लापरवाही अक्षम्य : शैलजा मिश्रा



**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार वन स्टाप सेण्टर में पीड़िताओं के सुरक्षा व उनके अधिकारों हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिविल जज सी0डी0 श्रीमती शैलजा मिश्रा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि पीड़िताओं के सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहिये। समाज को उनके सुरक्षा एवं अधिकारो के प्रति सजग रहना चाहिए। सचिव द्वारा केंद्र पर उपस्थित पीड़िताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके अधिकारों के बारें में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर सुरक्षा हेतु लगे सी0सी0 टी0वी0 कैमरों में फ्रंट कैमरा तथा साइड वाले कैमरा क्रियाशील न होने के कारण ने केंद्र प्रबंधक को सख्त दिशा निर्देश तथा सम्बन्धित को कमियों को दूर करने हेतु निर्देशित किया। न्यायाधीश द्वारा वन स्टाप सेण्टर के केन्द्र प्रबन्धक नीतु भारती को निर्देशित करते हुए कहा गया कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में संदर्भित करें।

## देवराचल में सरयू नदी से कटान को बचायें नहीं तो होगा जल सत्याग्रह : विजय रावत

**बरहज,देवरिया।** बरहज विधानसभा में में सपा नेता विजय रावत के नेतृत्व में सरयू नदी द्वारा हो रहे परसिया विशुनपुर देवार में कटान रोके जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों के साथ सरयू नदी प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा नेता विजय रावत उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार को आम जनता के विकास से कोई लेना देना नहीं हैं। सरयू नदी के कटान से परसिया व विशुनपुर देवार के किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन व फसल नदी में विलीन हो गई। बाढ़ विभाग और भाजपा सरकार जिला प्रशासन चुप्पी मार बैठा हुआ हैं। जल्द ही जिला प्रशासन व बाढ़ विभाग द्वारा कटान रोकने का प्रबंध नहीं किया गया तो समाजवादी यहां सभी ग्रामीणों व किसानों के धरना प्रदर्शन करने का काम करेंगे। जरूरत पड़ी तो नदी में खड़ा होकर जल सत्याग्रह भी करेंगे। जिस तरह से सरयू नदी कटान कर रही है अगर तत्काल प्रभाव से रोका नहीं गया तो जितना मोहन सेतु बना है उतना और बनाना पड़ेगा। धरने के माध्यम से बाढ़ विभाग व जिला प्रशासन व भाजपा सरकार को बताना चाहता हूं कि दस दिन में कटान रोकने की को उचित व्यवस्था नहीं की गयी तो जल सत्याग्रह होगा। इस दौरान मुख्य रूप से लंकेश कुमार, राजेश सिंह, अनिल प्रसाद, राहुल निषाद, संजय पांडेय, अखिलेश मिश्र, दुष्यन्त यादव, विकास कुमार, विजय सिंह, राकेश कुशवाहा उपस्थित रहे।

## कंपोजिट विद्यालय में नवारम्भ उत्सव और वार्षिकोत्सव मनाया गया




**देवरिया।** सदर विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय बगहा मठिया में नवारम्भ उत्सव वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाध्यापक रामप्रवेश सिंह थे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यालय की छात्रा खुशी और रिया द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान कक्षा 8 के बच्चों की भी विदाई की गई। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि मैं विदा का मतलब अंत नहीं बस नए रास्ते की शुरूआत मानता हूं आगे जहां भी जाओ ईमानदारी और मेहनत से अपने सपनों को पंख देते रहो यही मेरी शुभकामना है। मुख्य अतिथि द्वारा वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। नवारम्भ उत्सव के अंतर्गत विद्यालय / आंगनबाड़ी में सभी 3-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का चिन्हांकन किया गया। अभिभावकों को प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष, अभिभावक गण,विद्यालय परिवार के सभी सदस्य और बच्चे उपस्थित रहे।

# कुशीनगर में इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव का हुआ भव्य आगाज

जिला संवाददाता (vol)

- भारत युद्ध का नहीं, बुद्ध का देश : प्रभारी मंत्री

**कुशीनगर।** बुद्धनगरी में तीन दिवसीय इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव 2026 का शुभारंभ महापरिनिर्वाण मंदिर परिसर में पारंपरिक बौद्ध वंदना के साथ हुआ। देश-विदेश से आए भिक्षुओं, विद्वानों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इस आयोजन को वैश्विक स्वरूप दे दिया।

कार्यक्रम का श्रीगणेश प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन कुशीनगर को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध एवं पसांस्कृतिक केंद्र बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। ह्णभारत युद्ध का नहीं, बुद्ध का देश है,ह्व कहते हुए उन्होंने शांति मार्ग के संदेश को विश्व तक पहुंचाने पर जोर दिया। महावीर जयंती के अवसर पर बौद्ध और जैन दर्शन के संगम को उन्होंने भारतीय संस्कृति की विशेषता बताया। साथ ही कहा कि इस कॉन्क्लेव से न केवल आध्यात्मिक विमर्श होगा, बल्कि पर्यटन और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि बौद्ध दर्शन, शांति और वैश्विक सहयोग पर चर्चा करेंगे। यह आयोजन कुशीनगर को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## सरकारी अस्पताल बना प्राइवेट दलाली का अड्डा

**कुशीनगर।** जनपद के दुदही स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि रात्रि करीब दस बजे किसके शह पर यह प्राइवेट एम्बुलेंस सरकारी अस्पताल परिसर में दाखिल हुआ है? क्या यह महज इत्तेफाक है या फिर अंदरखाने चल रहा कोई सेटिंग-गेम? वायरल वीडियो में साफ दिख रहा कि प्राइवेट एम्बुलेंस दुदही क्षेत्र के महन्थ शिवानंद हॉस्पिटल की बताई जा रही है। अगर यह सच है, तो मामला और भी संगीन हो जाता है। क्या सरकारी अस्पताल मरीजों के लिए ह्यट्रांजिट पॉइंटह्व बन चुका है, जहां से उन्हें निजी अस्पतालों की ओर धकेला जा रहा है? हैरानी की बात यह है कि वीडियो वायरल होने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी और भूमिका दोनों संदिग्ध नजर आ रही हैं। अब निगाहें सीएचसी परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों पर टिकी हैं। यदि फुटेज की निष्पक्ष जांच हो जाए, तो यह साफ हो जायेगा कि प्राइवेट एम्बुलेंस, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में कैसे और क्यों पहुंची, और इसके पीछे किसका हाथ है।

## फरार अभियुक्त के घर धारा 82की कार्यवाही

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय पुलिस ने हत्या के मामले में फरार वांछित अभियुक्त के विरुद्ध धारा 82की कार्यवाही करते हुए मुनादी कराकर उसके घर व गाँव के सार्वजनिक स्थान पर नोटिस चस्पा की। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व अन्य अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी )सुनील कुमार सिंह के कुशल निर्देशन व पुलिस क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी अंशुमान श्रीवास्तव के पर्यवेक्षक में थाना भटनी के पंजीकृत मुकदमा संख्या 67/23धारा 302 में फरार थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा दीक्षित जनपद देवरिया निवासी अभियुक्त सुनील प्रसाद पुत्र स्व बन्धु प्रसाद के घर न्यायालय के आदेश के क्रम में नियमानुसार बुधवार को थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार राय अपने हमराहियों के घर जाकर धारा 82के तहत उदघोषणा की गयी। तथा ग्राम के चौकीदार से डुग्गी पिटवायी गयी। साथ ही अभियुक्त के घर व सार्वजनिक व दृष्यमान स्थान पर नोटिस चस्पा की गयी। ज्ञातब्य है कि अभियुक्त तीन वर्ष से फरार चल रहा था। कानूनी प्रक्रिया पुरी करने के बाद दफा 82की कार्यवाही की गयी।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मेधावी पुरस्कृत



**लालगंज, रायबरेली।** सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में प्रबंधक कैलाश वाजपेई और प्रधानाचार्य सुरेश पाठक के नेतृत्व में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया और उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी

गगन दीप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि असफलता हमें आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावकों के सामूहिक सहयोग से ही किसी संस्थान की सच्ची प्रगति संभव है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की सराहना की और बच्चों को निरंतर मेहनत करने की सलाह दी। वही प्रबंधक कैलाश वाजपेई ने कहा कि सनातन संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में सरस्वती शिशु मंदिर जैसी संस्थाओं की भूमिका को रेखांकित करता है। ये विद्यालय न केवल आधुनिक शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों एवं नैतिक शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देते हैं। भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने कहा ऐसे आयोजन बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ सहयोग, अनुशासन और संस्कार भी विकसित करते हैं। प्रबंधक कैलाश बाजपेई ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में भी विद्यालय इसी उत्कृष्टता को बनाए रखते हुए और अधिक मेधावी छात्रों को तैयार करेगा। समारोह के दौरान अवकाश प्राप्त करने वाले शिक्षक रामनारायण सिंह ,रमेश मिश्रा और रामशरण अग्निहोत्री को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामशरण अग्निहोत्री, जगदेव प्रसाद, रमेश मिश्र, सुरेश वर्मा, दिवाकर सिंह, रामनारायण सिंह, रमेश वाजपेयी, शालिनी, शिवांगी विश्वकर्मा, आर्या श्रीवास्तव, शिवांकरी, लक्ष्मी विश्वकर्मा, मनीषा, रामनाथ, अशोक यादव आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था।

## पुलिस ने बचायी छात्र की जान

**रायबरेली।** मेटा कंपनी के सुसाइडल अलर्ट के आधार पर उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर मिलएरिया पुलिस ने मात्र 12 मिनट में पहुंचकर एक 18 वर्षीय कक्षा 12 के छात्र की जान बचा ली। छात्र ने महिला मित्र से दोस्ती टूटने के कारण उत्पन्न अवसाद में इंस्टाग्राम पर आत्महत्या संबंधी वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें वह चूहेमार दवा खाते हुए दिखाई दे रहा था। घटना 29 मार्च की है जब रात्रि 8:58 बजे मेटा कंपनी की ओर से पुलिस महानिदेशक कार्यालय स्थित सोशल मीडिया सेंटर को ई-मेल अलर्ट प्राप्त हुआ। अलर्ट में छात्र द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो का विवरण था, जिसमें उसने लिखा था- दोस्तों मैं एक लड़की की वजह से मर रहा हूँ, घर में भी ताने सुनता हूँ और बाहर के भी ताने सुनता हूँ, इसलिए मैं मर ही जाता हूँह्व तथा ह्णमिस यू यार।

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण के निर्देश पर मुख्यालय की टीम ने तत्काल मोबाइल नंबर के आधार पर छात्र की लोकेशन ट्रेस की और जनपद रायबरेली पुलिस को सूचना भेज दी। थाना मिल एरिया की टीम, उप निरीक्षक के नेतृत्व में मात्र 12 मिनट में छात्र के घर पहुंच गई।

पुलिस कर्मियों ने देखा कि छात्र जोर-जोर से अपना पेट पकड़ रहा था और उसके पास चूहेमार दवा का खाली पैकेट तथा पानी की बोतल पड़ी थी। पुलिस ने तुरंत परिजनों के साथ छात्र को निकटवर्ती अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार कर एडमिट किया। छात्र को समय पर इलाज मिलने से उसकी जान बच गई। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद छात्र ने पूछताछ में बताया कि वह एक लड़की से प्रेम संबंध में था। कुछ दिनों पहले दोनों में विवाद हो गया और लड़की ने बातचीत बंद कर दी, जिससे वह गहरे अवसाद में चला गया और आत्महत्या का कदम उठा लिया। पुलिस कर्मियों ने छात्र को काउंसलिंग दी, जिसमें उसने भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने का आश्वासन दिया।

## मेडिकल कॉलेज में टीकाकरण का आयोजन



**देवरिया।** शहर के देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान की शुरूआत हुई। मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। महर्षि देवरहा बाबा स्वायत्तशासी चिकित्सा महाविद्यालय के महिला चिकित्सा विभाग में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। इस अवसर पर जिन युवतियों और किशोरियों को वैक्सीन लगाई गई उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया गया। मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ रजनी पटेल ने बताया महिलाओं में बड़ी संख्या में सर्वाइकल कैंसर की समस्या देखने को मिल रही है। इस टीकाकरण से ऐसे गम्भीर बीमारी से बचाव हो सकेगा। इस दौरान सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता, सीएमएस डॉ एच के मिश्र, डॉ राकेश कुमार समेत बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## मारपीट के मामले में 12 लोगों पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज, पुलिस विवेचना में जुटी

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मखोर बाबू में एक मारपीट की घटना मे न्यायालय के आदेश पर दो माह छःदिन बाद भटनी थाने मे एकही गाँव के एक दर्जन लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना में जूट गयी है। इस सम्बन्ध में मंजू देवीपत्नी सूर्यनारायण यादव ने न्यायालय में दिये गये घटना क्रम का हवाला देते हुए आवेदन पत्र में लिखी है कि मेरे ही गाँव के 22जनवरी 26को राजेश ठाकुरपुत्र भागवत ठाकुर पुत्रभागवत ठाकुर हरिकेश ठाकुर पुत्र रामयादी झुगुर पुत्र दुखी धर्मेश पुत्र झुगुर योगेन्द्र उर्फ जोगेंद्र पुत्रझब्बर अपने साथ श्रीकिशन पुत्र रामनाथवरन पुत्र रामनाथराज पुत्र भागवत निखिल पुत्र राजा ठाकुररामु पुत्र योगेन्द्र 10-12लोगों के साथ लाठी डण्डाकुदाल के साथ गोल बनाकर मुझ पर मारने के लिए टुट पडे। इस कार्य में ग्राम प्रधान आशुतोष यादव पुत्र रामप्रवेश भी इसमें सहयोग कर रहे थे। मना करने पर भद्दी भद्दी गाली देते हुएमारने के साथ अंदरूनी अंग के साथ छेडछाड भी किये। शोर सुनकर प्रिन्स व संदीपमौके पर पहुंचे तो मुझको छोडकर सारे लोगों मेरे पुत्र प्रिनस व संदीप पर टुट गये। जान मारने की नियत से पीछे से हमला किये। शोर सुनकर गाँव के लोग आ गये। उपचार के लिए घाँटी ले गये। जहां उन लोगों की जान बच गयी। इन लोगों के आतंक से गाँव छोडकर सभी लोग बाहर चले गये। केवल घर पर मै ही रह रही हुँ। थाने पर सूचना देने के बाद घर चली आयी। फिर 23जनवरी 26को फिर वही लोग लाठी डण्डा व कुदाल हाथ में लिए गोल बनाकर आ गये। अचानक घर में घुसकर तोड फोड व मारने पीटने लगे। जेठानी तारा देवी को मारपीट कर बूरी तरह से घायल कर दिये। शोर सुनकर ग्रामीण आ गये बचाव किये और उपचार के लिए सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी ले गये। भटनी से मेडिकल कालेज देवरिया और वहां से मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। जहां मौत से जुझ रही है वही पुलिस मेरी सुनवाई न कर दुसरे पक्ष से मुकदमा दर्ज करबच्चों को गिरफ्तार कर कार्यवाही कर दी। मेरे प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही नही की तब न्यायालय की शरण में गयी।

## दुर्घनाओं की रोकथाम के लिए वाहनों की चेकिंग में 136 का चालान 2 वाहन सीज




**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में आज यातायात प्रभारी गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर रुद्रपुर मोड़, बस स्टैंड एवं कसया ओवर ब्रिज पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले बस, आटो एवं ई रिक्शा वाहनों, बस स्टैण्ड पर अभियान चलाकर बिना ड्राईविंग लाइसेंस/फिटनेस, नो हेलमेट एवं तीन सवारी बाइक से चलने वालों, बाइक पर अवैध हुटर का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी। साथ ही कोतवाली क्षेत्र के ई रिक्शा वाहनों की चेकिंग कर सही कागजात होने पर नंबरिंग किया गया। इस प्रकार अभियान के दौरान यातायात पुलिस देवरिया द्वारा कुल 136 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों को सीज किया गया।

# कुशीनगर फायरिंग केस में वायरल ऑडियो से खाकी कटघरे में

**कुशीनगर।** जनपद के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बभनौली फायरिंग कांड कानून-व्यवस्था पर सबसे बड़ा सवाल बनकर उभरा है। 9 नवंबर 2025 को हुई गोलीबारी की घटना, अब एक ऐसे मोड़ पर आ खड़ी हुई है जहां ह्णइंसाफ बिकनेह्व के आरोप, हवा में नहीं, बल्कि वायरल हो रहे ऑडियो के रूप में तैर रहा हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे ऑडियो क्लिप्स ने यह सनसनी फैला दी है कि मुकदमे से नाम हटाने के लिए खुलेआम पैसों की डील की जा रही थी। अगर यह आडियो सच है, तो यह सिर्फ एक भ्रष्टाचार का मामला नहीं, बल्कि कानून की रीढ़ पर सीधा प्रहार है।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बभनौली निवासी पीड़ित कमलेश पुत्र नथुनी के अनुसार, घटना की शाम करीब साढ़े छह बजे पांच से सात की संख्या में हमलावर बाइक और चार पहिया वाहनों से आए और घर में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग की। पुलिस ने मामले में चार नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे ऑडियो जो सामने आए हैं, वह पूरे मामले की दिशा ही बदल दी




है। पहले 2.5 लाख रुपये की मांग की गई, मोलभाव के बाद रकम 1 लाख 80 हजार रुपये पर फाइनल होने की बात आडियो में स्पष्ट कही जा रही है। बातचीत में सिपाही नगद धनराशि लेने के बात कर रहा है और गारंटी दे रहा है कि कैश धन देना नाम हट जायेगा। ऑडियो में कथित तौर पर हिस्ट्रीशीटर ऋषि पासवान उर्फ राहुल और सिपाही सत्येंद्र चौबे के बीच बातचीत बताई जा रही है। जिस शख्स का नाम हटाने की बात हो रही है, वह पहले से कई मामलों में नामजद बताया जा रहा है और थाना स्तर पर हिस्ट्रीशीटर है। ऐसे में सवाल गंभीर हो है कि क्या अपराधियों को कानून से नहीं, ह्णसेटिंगह्व से राहत मिल रही है? क्या मुकदमा अब सबूत से नहीं, सौदे से लिखी व मिटाई जा रही है? सवाल यह भी है क्या खाकी के भीतर ही ह्यदलाली तंत्रह्व सक्रिय है? सिपाही और हिस्ट्रीशीटर के बीच बातचीत का आडियो सार्वजनिक होने के बाद स्थानीय स्तर पर आक्रोश साफ दिख रहा है। स्थानीय लोगो ने जिले के तेज-तर्रार व ईमानदार छवि वाले पुलिस अधीक्षक केशव कुमार से ऑडियो की फॉरेंसिक जांच, आरोपी पुलिसकर्मी पर तत्काल कार्रवाई व पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की मांग की है। सिपाही व हिस्ट्रीशीटर के बीच बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने मामले को गंभीर मानते हुए स्वतः संज्ञान लिया है और जांच के आदेश दिए हैं। मामले की जांच एडिशनल एसपी को सौंपी गई है। सूत्रो की माने तो कथित आरोपी सिपाही के छुट्टी पर चले जाने की बात सामने आ रही है।

## युद्ध के एक माह

मध्यपूर्व संकट का कोई ओर-छोर फिलहाल नहीं दिख रहा है। ट्रंप के बदलते बयान, संकट को और बढ़ा रहे हैं। अमेरिका-इजरायल तथा ईरान के बीच युद्ध को एक महीना पूरा हो चुका है। अभी तक इसके समाप्त होने के आसार नहीं नजर आते। दोनों पक्षों ने ऐसी शर्तें रखी हैं जिन्हें पूरा करना उन दोनों के लिए लगभग नामुमकिन ही है। अमेरिका की 15 बिंदुओं वाली योजना में ईरान से ऐसी गारंटी मांगी गई है जो उसे शत्रुतापूर्ण क्षेत्र में भविष्य के हमलों से बचाव करने में असमर्थ बना देगी। इसके जवाब में ईरान ने भी शर्तें रखीं, जैसे प्रतिबंध हटाना, नेतृत्व करने वालों की हत्याओं को रोकना और भविष्य में अमेरिकी आक्रामकता के खिलाफ गारंटी देना। पाकिस्तान, मिस्त्र, तुर्किये और सऊदी अरब द्वारा समझौता कराने के प्रयासों के बावजूद दोनों पक्षों का अड़ियल रवैया वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारी आर्थिक बोझ डालने वाला है। पहले से ही एशियाई देश, जो पश्चिम एशियाई जीवाश्म ईंधन पर अत्यधिक निर्भर हैं, मुद्रास्फीति के प्रभाव और ईंधन की कमी से उत्पन्न कठिनाइयों को नियंत्रित करने के लिए जूझ रहे हैं, जिसका उनकी अर्थव्यवस्था और सरकारी वित्त पर दीर्घकालिक प्रतिकूल असर पड़ेगा। उदाहरण के लिए, तेल विपणन कंपनियों को राहत देने के लिए पेट्रोल और डीजल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को 10 रुपये प्रति लीटर कम करना, भारतीय सरकारी राजस्व को वार्षिक आधार पर 1.2 लाख करोड़ रुपये से 1.7 लाख करोड़ रुपये तक घटा सकता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए और अधिक कठिनाई सामने है, क्योंकि प्रतिशोधी हमलों की दोबारा शुरुआत और यमन के हूतियों द्वारा इजरायल के खिलाफ अप्रत्याशित आक्रामकता ने एक नया मोर्चा खोल दिया है। यह नया मोर्चा स्वेज नहर और लाल सागर होकर चलने वाले एक अन्य प्रमुख वैश्विक व्यापार मार्ग को खतरे में डाल सकता है। होर्मुज स्ट्रेट से समुद्री तेल और गैस व्यापार का एक चौथाई हिस्सा होता है और यह पश्चिम एशियाई जीवाश्म ईंधन उत्पादकों का मुख्य मार्ग है। अब तक ईरान द्वारा होर्मुज स्ट्रेट में खनन और नाकेबंदी ने तेल की कीमतों को 73 डॉलर प्रति बैरल (बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड) से बढ़ाकर 110-119 डॉलर तक पहुंचा दिया है, साथ ही इसकी भारी कमी भी पैदा की है। पूर्वी एशिया पर इसका विशेष रूप से गंभीर असर पड़ा है क्योंकि 80 से 90 फीसदी कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस इसी मार्ग से आते हैं। सऊदी अरब ने नाकेबंदी का सामना करने के लिए अपने पूर्व-पश्चिम स्थलीय पाइपलाइन से लाल सागर के यनबू बंदरगाह तक तेल प्रवाह बढ़ाने की कोशिश की, जिससे कच्चे तेल की कीमतों पर दबाव कम हुआ। लेकिन अब वह मार्ग भी खतरे में है। स्वेज नहर/ लाल सागर दुनिया के कंटेनर यातायात का एक-तिहाई हिस्सा संभालता है, और दुनिया पहले ही 2023 और 2024 में हूती व्यवधानों का असर देख चुकी है। जहाजों को अफ्रीका के पश्चिमी तट से नीचे और केप ऑफ गुड होप के चारों ओर लंबा मार्ग लेना पड़ा, जिससे शिपिंग लागत, बीमा प्रीमियम सहित, तेजी से बढ़ गई और वैश्विक मुद्रास्फीति दबाव तथा आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और गहरा गया। यह लगातार स्पष्ट होता जा रहा है कि अमेरिका और इजरायल ने ईरान की प्रतिक्रियाओं और क्षमताओं का गंभीर रूप से गलत आकलन किया है। ईरान के राजनीतिक और सुरक्षा नेतृत्व की हत्या ने भी उसे आत्मसमर्पण करने के लिए प्रेरित नहीं किया। इसके विपरीत, उसने बार-बार अपने विरोधियों को चकमा देने वाले विभिन्न हथियारों का इस्तेमाल किया है। दुनिया के सबसे उन्नत हथियारों से एक महीने तक ईरान पर हमले करने के बावजूद, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का अनुमान है कि उसके मिसाइल भंडार और ड्रोन क्षमता का केवल लगभग एक-तिहाई ही नष्ट हुआ है। बाकी की स्थिति को लेकर वे अनिश्चित हैं। एक ऐसा देश जिसने ठीक इसी परिस्थिति के लिए योजना बनाई है और जिसे लंबे युद्ध और कठिनाइयों का अनुभव है, उसके लिए लंबा, असमान और थकाऊ युद्ध कोई नुकसान नहीं माना जाता। लेकिन अमेरिका और इजरायल के लिए सम्मानजनक निकास का रास्ता न मिलने से पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की संभावना लगातार दूर होती जा रही है।



**भयानक होते युद्ध के बीच ट्रंप के बदलते बयान और व्यापारिक मार्गों को अवरुद्ध करने की कोशिश से स्पष्ट है कि संकट और बढ़ सकता है।**

विचार

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

–गुरुनानक.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

अस्पृश्यता का कोई शास्त्रीय आधार नहीं। परमेश्वर का दरवाजा किसी के लिए बंद नहीं और यदि वह बंद हो जाये तो परमेश्वर, परमेश्वर नहीं।

–तिलक.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

–ड्रायन एडवर्ड.

# ध्वस्त हो रही नियम आधारित विश्व व्यवस्था

डॉ. अनिता राठौर



यह संभवतः बहुत बड़ी राहत है कि ईरान ने भारत को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को इस्तेमाल करने की अनुमति दी है, जिससे न सिर्फ रुके हुए भारतीय झंडे वाले 20 कार्गो जहाज उसे पार कर लेंगे बल्कि यह उम्मीद भी बंधी है कि अन्य 18 एलपीजी टैंकर जंग-प्रभावित 52-किमी स्ट्रेट से कार्गो लोड करने के लिए जा सकेंगे। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागाची ने भारत को 'दोस्त राष्ट्रों' की सूची में शामिल करते हुए, दोस्तों को स्ट्रेट का प्रयोग करने की इजाजत दी है। हालांकि यह सभी 20 कार्गो जहाज भारत नहीं आयेंगे, क्योंकि कुछ को अन्य बंदरगाहों पर जाना है, लेकिन जितने भी आयेंगे, उनसे भारत में एलपीजी, एलएनजी व क्रूड की उपलब्धता में सुधार आयेगा। अगर 18 एलपीजी टैंकर भी भरकर आ जाते हैं, जिसकी संभावना प्रबल है, तो कुकिंग गैस की एक सप्ताह की पूर्ति हो जायेगी, क्योंकि उनमें लगभग 8 लाख टन गैस आती है। यह सही है कि तनाव के दौरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से जहाजों को निकालना असंभव नहीं तो कठिन अवश्य है, लेकिन इससे भी अधिक चिंताजनक यह ट्रेंड है कि अमेरिका, यूक्रेन, ईरान आदि मर्चेंट जहाजों को निशाना बना रहे हैं, जोकि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरनाक है। अमेरिका व अन्य सुपर पॉवर्स की गुंडागर्दी की वजह से नियम-आधारित विश्व व्यवस्था का तो कोई अर्थ रह नहीं गया है।

जिसकी लाठी उसकी भैंस का असभ्य दौर लौट आया है। जैसा कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति को अगवा करना, क्यूबा की घेराबंदी करना, ईरान पर बेमतलब युद्ध थोपना (इजरायल के अवैध परमाणु हथियारों को अनदेखा करते हुए), यूक्रेन पर युद्ध लादना, ताइवान पर कब्जा करने की धमकी, आदि से स्पष्ट है। साथ ही वीटो के अधिकार ने संयुक्त राष्ट्र को ऐसा बूढ़ा शेर बनाकर रख दिया है, जिसके पास दांत न खाने के लिए हैं और न दिखाने के लिए। आज संयुक्त राष्ट्र में ऐसे लोगों का जमावड़ा होता है, जो अकेले कुछ नहीं कर सकते और मिलकर तय करते हैं कि कुछ नहीं किया जा सकता। गजा का नरसंहार सबके सामने है; संयुक्त राष्ट्र तो पीड़ितों को खाने-पीने की रसद भी न पहुंचा सका। इसके बावजूद मानवीय दृष्टि से ऐसी विश्व व्यवस्था की उम्मीद तो की ही जा सकती है, जिसमें युद्ध के पागलपन के दौरान भी मर्चेंट जहाजों को बख्श दिया जाये ताकि जिनका जंग से कुछ लेना देना नहीं, उनकी अर्थव्यवस्था सुरक्षित रहे और उनके लोग चैन की सांस ले सकें। ईरान पर अमेरिका व इजरायल द्वारा थोपी गई अवैध जंग के पहले दो सप्ताह के दौरान 16 कार्गो जहाजों को निशाना बनाया गया, जिनमें तेल टैंकर भी शामिल थे। इससे डरकर सैंकड़ों जहाजों ने खाड़ी में लंगर डाल दिये क्योंकि वह वेसल्स, कार्गो व जीवन को खतरे में नहीं डालना चाहते थे। वह जहाज वहीं अटके हुए हैं। इस बीच तेल, गैस, खाद, एलुमिनियम, सल्फर, हीलियम और ऐसी ही अन्य चीजों की दुनियाभर में कमी पड़ गई है। समुद्री व्यापार को रेहन पर रख दिया गया है। रायटर्स के अनुमान के अनुसार उत्तर में यूक्रेन ने रूस के 40 प्रतिशत तेल निर्यात उपकरण को निष्क्रिय कर दिया है। बंदरगाहों व पाइपलाइनों पर यूक्रेन ने जो हमले किये हैं उससे रूस के तेल फ्लो में 2 मिलियन बैरल प्रति दिन की कमी आयी है- भारत के दैनिक उपभोग के एक-तिहाई से अधिक।

**समुद्री व्यापार की सुरक्षा के लिए नई वैश्विक सहमति का गठन करना आवश्यक है। लेकिन यह तभी मुमकिन हो सकेगा जब सुपरपॉवर्स की गुंडागर्दी व वीटो पॉवर पर विराम लगे और किसी को भी नियमों के विरुद्ध मन-मर्जी न करने दी जाये।**

यूरोप ने जो रूस के 'शैडो फ्लीट' टैंकरों को जब्त किया है, उससे भी फ्लो में कमी आयी है। उधर अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति को अगवा करने से पहले जो भी तेल टैंकर कराकास से निकलता था, उसे अपनी मिसाइलों का निशाना बनाया। अब अमेरिका क्यूबा की घेरेबंदी किये हुए है और किसी भी कार्गो जहाज को आने जाने नहीं दे रहा है, जिससे क्यूबा में अंधेरा है और आवश्यक वस्तुओं की भारी कमी हो रही है। इन सभी हरकतों को बहस की क्षमता से तार्किक ठहराया जा सकता है, लेकिन दुनिया पर जो इनका प्रभाव पड़ रहा है, उसे उचित ठहराना कठिन है, बल्कि वह उचित है ही नहीं। यह बात तो सबकी समझ में आनी ही चाहिए कि अगर मर्चेंट जहाज सैन्य ऑपरेशन में शामिल नहीं हैं तो उन पर हमला नहीं किया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए कि पानी के जहाज ही तो आधुनिक संसार को जीवित रखे हुए हैं।

### मध्य पूर्व युद्ध

वैश्विक जीडीपी का लगभग 60 प्रतिशत व्यापार से बनता है; जहाज गुड्स व्यापार का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा संभालते हैं। कुछ ही जहाजों पर हमला करने का अर्थ होता है कि जल के सारे मार्गों पर ताले पड़ जाते हैं। इस समय हम यह स्ट्रेट ऑफ होर्मौज में देख रहे हैं, लेकिन ज्यादा पुरानी बात नहीं है जब हमने यह लाल सागर में देखा था। हूती ने टैंकर मरलिन लुआंडा पर हमला किया था और कार कैरियर गैलेक्सी लीजेंड पर कब्जा कर लिया था, जिसकी वजह से शिपिंग कम्पनियों को अपने मार्ग बदलने पड़े। दो साल गुजर गये हैं, लेकिन लाल सागर का ट्रैफिक सामान्य नहीं हुआ है। इस बीच लम्बे मार्ग के कारण भाड़ा खर्च बहुत बढ़ गया है, फलस्वरूप महंगाई। अमेरिका व इजरायल ने सोचा था कि वह बम बरसाकर हूती के जल मार्ग को नियंत्रित करने की क्षमता पर विराम लगा देंगे। लेकिन हुआ कुछ नहीं और अमेरिका को हूती से समझौता करना पड़ा। यही गलती अमेरिका व इजरायल खाड़ी में दोहरा रहे हैं और नतीजा यह निकल रहा है कि ईरान स्ट्रेट ऑफ हौर्मौज से जहाजों को सुरक्षित निकलने देने के लिए फीस लेने लगा है, जबकि उस पर युद्ध थोपे जाने से पहले वह ऐसा नहीं करता था। दरअसल, युद्ध के दौरान मर्चेंट जहाजों को निशाना बनाने के जो खराब परिणाम निकलते हैं वह दुनिया भूल गई है, कम से कम प्रतीत तो ऐसा ही होता है। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन ने 2,426 मर्चेंट जहाज गंवाये थे, अमेरिका ने 1,768। जापान, जिसने युद्ध से पहले यात्री व कार्गो शिप्स की तीसरी सबसे बड़ी फ्लीट निर्मित की थी, ने 2,346 मर्चेंट जहाज खोये। युद्ध के अंत होने पर उसके पास एक भी जहाज ऐसा नहीं बचा था, जिसकी क्षमता 1,000 टन से अधिक की हो। उस समय सिर्फ सेना के पास ही बड़े जहाजों को डूबोने की ताकत थी। आज तो यह काम बहुत आसान हो गया है। ईरान, यूक्रेन व हूती ने दिखाया है कि चंद हजार डॉलर के सस्ते ड्रोन से भी घातक वार करके विशाल जहाज को समुंद्र में दफन किया जा सकता है।

राज्य और उनके प्रायोजित पिट्ठू क्या तबाही मचा सकते हैं, वह जग जाहिर है। इसलिए समुद्री व्यापार की सुरक्षा के लिए नई वैश्विक सहमति का गठन करना आवश्यक है। लेकिन यह तभी मुमकिन हो सकेगा जब सुपरपॉवरों की गुंडागर्दी व वीटो पॉवर पर विराम लगे और किसी को भी नियमों के विरुद्ध मनमर्जी न करने दी जाये। अमेरिका से इस संदर्भ में पहल करने की उम्मीद की जा सकती थी, लेकिन उसने जनवरी 2026 में वेनेजुएला के टैंकरों पर गोलाबारी की और वार्ता के बीच में दो बार ईरान पर हमला किया, उसकी वजह से उस पर कोई विश्वास करने के लिए तैयार नहीं है, कम से कम उस समय तक जब तक डोनाल्ड ट्रम्प वाइट हाउस में हैं, जिनकी बेवकूफियों के कारण ईरान ने फिलहाल के लिए तो अमेरिका के नायकत्व पर विराम लगा दिया है। जब आवश्यक चीजों की कमी पड़ जाती है, तो विकासशील देशों को उसका व महंगाई का सबसे अधिक खमियाजा भुगतना पड़ता है, इसलिए उन्हें ही मर्चेंट व कमर्शियल जहाजों की आजादी के संदर्भ में पहल करनी चाहिए। जरूरत गुटनिरपेक्ष आंदोलन को बहाल करने की है।

### सोशल मीडिया



आदिवासियों को सिर्फ एक पद देना ही काफी नहीं है बल्कि जरूरत इस बात की है कि हर स्तर पर उनकी भागीदारी हो, जमीनी स्तर पर उनकी आवाज क्यों नहीं है? असदुद्दीन ओवैसी.



सोनिया की अध्यक्षता में बनी एनएसी में नक्सल समर्थक भरे पड़े थे। अब चाहे नक्सलियों से मिलना हो या समर्थन करना हो, राहुल गांधी हमेशा उनके साथ खड़े होते हैं। अमित शाह.



यूपी, देश का राजनीतिक इतिहास इस बात का गवाह है कि जब-जब और जहां-जहां बीएसपी मजबूत हुई तब-तब सर्वसमाज, दलितों, ओबीसी, अल्पसंख्यकों का भला हुआ। मायावती.

## जीवन से प्रेम करो

अंतर्दृष्टि

जब तुम प्रेम में होते हो और खुश होते हो तो भूल जाते हो। लेकिन, जब संघर्ष, नफरत और गुस्सा होता है तो तुम उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने लगते हो। ऊपर से वे अक्षम लोग, वे नैतिकतावादी, वे पुरोहित, वे राजनेता, वे मिल कर चिल्लाते हैं एक स्वर से कि देखो, हमने तुमसे पहले ही कहा था, और तुमने हमारी नहीं सुनी। प्रेम को त्यागो। प्रेम दुख बनाता है। इसे त्यागो, उसे त्यागो, जीवन को त्यागो। इन बातों को अगर बार-बार दोहराया जाता रहता है तो उनका असर होने लगता है। लोग उनके सम्मोहन में फँस जाते हैं। तुम कहते हो कि तुम उपवास करते रहे हो, तुमने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया है। उपवास का भला बुद्धत्व से क्या ताल्लुक हो सकता है? ब्रह्मचर्य का बुद्धत्व से कोई संबंध नहीं हो सकता? बेतुकी बात है। जो भी तुम करते हो जैसे कि तुम कहते हो कि मैं बुद्धत्व प्राप्त करने के लिए रात-रात भर जागता रहता हूँ। दिन में बुद्धत्व प्राप्त करने की कोशिश क्यों नहीं करते? रात भर जागने की क्या जरूरत है? ये कुदरत के विरोध में तुम कयों खड़े हुए हो? बुद्धत्व प्रकृति के खिलाफ नहीं होता। वह प्रकृति की परितृप्ति है। वह तो प्रकृति की चरम अभिव्यक्ति है। वह तो जितना संभव हो सकता है, उतनी प्रकृति है। प्रकृति के खिलाफ होने पर नहीं, बल्कि साथ होने पर ही तुम बुद्धत्व तक पहुँचते हो। वह बहाव के खिलाफ तैरने से नहीं, बल्कि उसके साथ बहने से मिलता है। नदी की यात्रा तो पहले से ही समुद्र की तरफ है। तुम्हें उसके खिलाफ तैरना शुरू करने की कोई जरूरत नहीं, जबकि तुम करते यही रहे हो। अब तुम पूछोगे कि तो मुझे क्या करना चाहिए? मैं कहूँगा कि दुख के प्रति अपनी आसक्ति त्याग दो। तुम बुद्धत्व की खोज नहीं कर रहे हो, बल्कि तुम तो दुख की खोज में लगे हुए हो। बुद्धत्व तो सिर्फ एक बहाना है। जीवन से प्रेम करो, और अधिक खुश रहो। जब तुम एकदम प्रसन्न होते हो, संभावना तभी होती है, वरना नहीं। कारण यह है कि दुख तुम्हें बंद कर देता है, सुख तुम्हें खोलता है। क्या तुमने यही बात अपने जीवन में नहीं देखी? जब भी तुम दुखी होते हो, बंद हो जाते हो, एक कठोर आवरण तुम्हें घेर लेता है। तुम खुद की सुरक्षा करने लगते हो, तुम एक कवच-सा ओढ़ लेते हो। वजह यह है कि तुम जानते हो कि तुम्हें पहले से काफी तकलीफ है और अब तुम और चोट बर्दाश्त नहीं कर सकते। दुखी लोग हमेशा कठोर हो जाते हैं। उनकी नरमी खत्म हो जाती है, वे चट्टानों जैसे हो जाते हैं। एक प्रसन्न व्यक्ति तो एक फूल की तरह है। उसे ऐसा वरदान मिला हुआ है कि वह सारी दुनिया को आशीर्वाद दे सकता है।

– वीओएल.

## कमेटी मेंबर बनने की खुशी

व्यंग्यलोक

आपको खुशी होगी या नहीं, यह तो मैं नहीं जानता, लेकिन मुझे इस बात की अपार खुशी है कि मुझे एक समिति का सदस्य बनाया गया है। लोग अपने व्यक्तित्व निर्माण के लिए समिति का सदस्य बनने के लिए बड़ी बड़ी तिकड़में लगाते हैं, मैं बिना तिकड़म के ही कमेटी में आ गया हूँ। हमारे यहाँ कमेटी निर्माण की परम्परा वैसे तो प्राचीनकाल से है, लेकिन वर्तमान काल में कमेटी बनाना, आयोग गठित करना आम घटनायें हैं। वर्तमान में कमेटियाँ मामले को टालने अथवा जिम्मेदारियों से बचने का माध्यम बन गयी हैं। लोकतन्त्र में इससे बढ़िया अपने को बचाने का लोकतान्त्रिक ढंग दूसरा नहीं है। इस दृष्टि से जिस कमेटी का मै सदस्य बना हूं। वह भी गालियाँ सुनाने के अलावा अन्य कुछ नहीं दे पायेगी। पर भाई कुछ भी हो आखिर कमेटी में लिया तो गया। हर ऐसे गैरे, नत्थू खैरे को तो नहीं लिया जाता या आपको तो नहीं लिया गया। मुझे लिया गया इसलिए मैं महत्वपूर्ण व्यक्ति तो हूं ही। कमेटियों की कार्य शैली पर प्रकाश डालना भी समीचीन होगा। पहली बात तो कमेटी की बैठक नहीं होती और हो जाती है तो निर्णय नहीं होता। इस प्रकार एक अनन्त सिलसिला निष्क्रियता का जारी रहता है तथा सदस्य जलपान तथा आवागमन भत्ता लेने के कुछ भी नहीं कर पाते। कई बार तो कमेटी पर कमेटी और कमेटी, बस कमेटी ही कमेटी, इतनी कमेटी कि पता ही नहीं चलता कि किस कमेटी को किस बात पर निर्णय करना है? पहली मूल कमेटी को खोजना मुश्किल हो जाता है। कमेटियों की कार्य-सूची और विवरण नहीं मिलते तथा इस प्रकार एक अनावश्यक अराजकता का माहौल रहता है। भारत में यह परम्परा निरन्तर फल-फूल रही है तथा लोगों का कमेटियों में प्रवेश का क्रेज बना हुआ है। आदमी जितनी कमेटियों का सदस्य होता है उतना ही बड़ा और महत्त्वपूर्ण माना जाता है। यह नहीं देखा जाता कि उसने निर्णय क्या किये हैं, किये भी हैं या नहीं अथवा टालू मिक्चर मिलाता रहा है। लेकिन कौन ध्यान देता है, चलता रहता है। मुझे जिस कमेटी में लिया गया है, वह कमेटी उल्लेखनीय तो नहीं है लेकिन भाई है तो कमेटी? क्या बड़ी और क्या छोटी। हमें भी एक अदद कमेटी चाहिए थी सो मिल गयी है। वैसे आपसे क्या छिपाना, हमें मोहल्ले की विकास समिति ने सफाई समिति में शामिल किया है। मोहल्ले की सफाई की चुनौती को स्वीकारने का मतलब अपना पारिवारिक जीवन विषाक्त बनाना। इधर आपने सफाई कराई कि मिसेज धारकर आयेंगी और फलों के छिलके गलियारे में फैला जायेंगी। फिर खाने के लिए महाभोज होगा- कुत्ता, सुअर, गाय और साँडों का। आपसी खींचतान, लड़ाई-झगड़ा समाप्त होने से पहले ही माथुर साहब अपना एंटिक काठ-कबाड़ डाल जायेंगे।



पूरन सरमा

## जापानियों की सांस्कृतिक पहचान बन गयी स्वच्छता



पर्यटन

समीर चौधरी

छुट्टियां मनाने के लिए मैं अपने परिवार के साथ जापान में था। मुझे दो चीजों ने विशेषरूप से प्रभावित किया। पहली यह कि पूरे देश आईने की तरह साफ-सुथरा है। बड़े शहरों से ग्रामीण क्षेत्रों तक यात्रा करते हुए हमने देखा कि सार्वजनिक स्थल जैसे पार्क, बाजार व रेलवे स्टेशन और समुद्र तट, रिवर फ्रंटस, तालाब व सड़क किनारों के नाले सभी एकदम साफ-सुथरे थे, कहीं न कूड़ा था और हद तो यह थी कि बोतल, कैन या कागज का टुकड़ा कहीं पड़ा हुआ नहीं मिला। आश्चर्यजनक तो यह था कि हमें कुछ कॉफी कप्स फेंकने थे, लेकिन कहीं भी हमें कूड़ेदान दिखायी नहीं दिया। हमारे पास कोई विकल्प नहीं था सिवाये इसके कि पेपर कप्स को अपने बैकपैक्स में डाल दें।

पूरा जापान इतना साफ-सुथरा कैसे रह पाता है? आगे यात्रा करते हुए हमें एहसास हुआ कि स्वच्छता गहरे नागरिक बोध से हासिल की गई है जोकि प्रत्येक व्यक्ति ने इस तरह से अपनायी हुई है जैसे वह उनकी सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हो। कोई भी व्यक्ति सड़क पर पैदल चलते हुए या सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करते हुए खा या पी नहीं सकता है। जो दुकानें स्नैक्स बेचती हैं वह अपने ग्राहकों से आग्रह करती हैं कि फूड को अपने साथ ले जायें और उनके परिसर में न खाएं। हमें कुछ ही जगहों पर कूड़ेदान दिखायी दिए जो प्लास्टिक्स, पेट् बोतल, बोतल व कैन और दहनशील कूड़ा लेबल किये हुए थे। इस प्रकार के विभाजन का पालन घरों, दुकानों के साथ हर जगह किया जाता है। कूड़ा व्यवस्थित अंदाज में सफेद पारदर्शी प्लास्टिक बैग में एकत्र किया जाता है व सड़क के किनारे रख दिया जाता है, जिसे नगर पालिका का स्टाफ उठा कर ले जाता है। अधिकतर देशों में कूड़े को लैंड फिलिंग के जरिये ठिकाने लगाया जाता है, लेकिन जापान में भूमि की कमी है, इसलिए दहनशील कूड़े को इंसीनेटर (कचरा जलाने वाला उपकरण) में डाला जाता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि हवा में कम से कम टोक्सिन ही पहुंच पाएं। कम करो, पुनः प्रयोग करो व री-साइकिल करो, आम नारा है प्लास्टिक वेस्ट को कम करने के लिए। इसे हर कोई जानता है, लेकिन इसका पालन बहुत कमी से ही किया जाता है। मुझे फरोशीकी के बारे में जानकर बहुत खुशी हुई। यह कपड़े में उपहारों को लपेटने व बैग बनाने का परम्परागत जापानी तरीका है। इससे कागज, प्लास्टिक, टेप व रिबन की जरुरत समाप्त हो जाती है। जापान के जिस दूसरे पहलू ने मुझे प्रभावित किया वह टॉयलेट्स थे। इस संदर्भ में जापानियों ने पूरब व पश्चिम की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं का संगम करा दिया है। यह जानना निश्चितरूप से प्रेरणादायक पल था। स्वच्छ व सूखे फ्लोर के टॉयलेट में प्रवेश करते ही लाइट्स अपने आप जल उठती हैं और सीट की लिड भी अपने आप ही ऊपर उठ जाती है। आरामदायक सीट और पानी की कल कल ध्वनि जैसा कि तालाब से आ रही हो, सुकून का एहसास कराती है। जापान में टॉयलेट्स हर जगह स्वच्छ, काम करते हुए और पर्याप्त स्टॉक के साथ थे। ओलंपिक 2020 से पहले विख्यात आर्किटेक्टस से संपर्क किया गया था टोक्यो में विशिष्ट पब्लिक टॉयलेट्स बनाने के लिए। इनमें से एक था योयोगी पार्क के निकट पारदर्शी ग्लास टॉयलेट। उसका दरवाजा अंदर से बंद करने के बाद ग्लास अपारदर्शी हो जाता है यानी बाहर से कुछ दिखायी नहीं देता है। कोविड महामारी के कारण ओलंपिक को स्थगित कर दिया गया था और बाद में उनका आयोजन बिना दर्शकों के किया गया। लेकिन टोक्यो के टॉयलेट प्रोजेक्ट को परफेक्ट डेज फिल्म के जरिये दुनिया को दिखाया गया। इसमें जिस एक्टर ने टॉयलेट क्लीनर की भूमिका अदा की थी, उसे कांस में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

जापानी हर चीज में परफेक्शन लाने का प्रयास करते हैं। उनके व्यवहार में शालीनता होती है और वह सार्वजनिक दिखावे में विश्वास नहीं करते हैं। उनके यह गुण गजब के हैं। टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट की मदद से जापानियों ने दूसरे विश्व युद्ध के बाद अपने उत्पादन को बेहतर किया। इस प्रबंधन तकनीक का जमशेदपुर, भारत में 1990 पालन करना शुरू किया गया। तब जाकर हम पांच एस- सिरी (छांटो), सीटन (क्रम से लगाओ), सिसो (चमकाओ), सिकेत्सू (मानक बनाओ) और शित्सुके (बरकार रखो) के महत्व को समझ पाये। लेकिन सामाजिक नियमों व अनुशासन के जरिये पूरे देश को स्वच्छ रखना कमाल की बात है।

## आप की बात

### भारत की नीति स्पष्ट

आतंकवाद को लेकर भारत की नीति अब पूरी तरह से स्पष्ट है। नया भारत किसी भी रूप में आतंकवाद को बर्दास्त नहीं करता है। आतंकवाद के मुद्दे पर न तो घरेलू राजनीति की परवाह करता है और न ही अंतर्राष्ट्रीय दबाव का। अपनी बात साफ-साफ और दो-टूक दुनिया के सामने रखता है। अभी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से मुलाकात किया और उनको हर तरह से मानवीय सहायता का वायदा किया। इजराइल भारत का घनिष्ठ और विश्वसनीय मित्र है, इसके बावजूद फिलिस्तीनियों के अधिकारों को लेकर भारत की स्पष्ट नीति है और भारत स्वतंत्र फिलिस्तीन का समर्थन करता है। लेकिन जब बात आतंकवाद की आती है, तो इजराइल पर हमास के हमले की निंदा करता है और हमास व हिजबुल्लाह के खिलाफ इजराइल के अभियान का भी समर्थन करता है। ईरान के साथ भी भारत के मधुर रिश्ते हैं। ईरान के साथ भारत का व्यापार करता है और हमारी ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी ईरान महत्वपूर्ण है।

**अशोक कुमार चौधरी, लखनऊ.**

### कृषि क्षेत्र में निवेश

कृषि को लेकर लफ्फाजी अधिक और काम बहुत कम किया गया जिसका परिणाम आज देश के करोड़ों किसानों को गरीबी, कम आय और कृषि के लिए पर्याप्त बुनियादी संरचना की अनुपलब्धता के रूप में भुगतना पड़ रहा है। जिन्होंने अस्सी-नब्बे के दशक में पढ़ाई की है उन्होंने यह जरूर पढ़ा होगा कि, भारत कृषि प्रधान देश है, देश की सत्तर-अस्सी प्रतिशत लोगों की जीविका खेती पर निर्भर करती है, खेती से सर्वाधिक रोजगार मिलता है और तुर्रा यह भी कि 'देश की आत्मा गांवों में बसती है।' कृषि, गांव और ग्रामीण जीवन के बारे में इतना अच्छा-अच्छा किताबों में बताकर एक गुलाबी वातावरण जरूर बनाने का प्रयास किया गया लेकिन खुरदुरा सचाई यह है कि खेती और ग्रामीण जीवन को संवारने के लिए, कृषि के साथ भावनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाते हुए इसे एक लाभप्रद व्यवसाय में बदलने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। शायद इसके पीछे एक कारण यह भी रहा हो कि यह एक लंबी प्रक्रिया थी, इसमें भारी निवेश की जरूरत थी और एक लंबे समय तक इससे कोई सियासी लाभ भी मिलने मिलने वाला नहीं था।

आज जब देश में ऐसा चुनावी वातावरण बन गया है कि 'कर्ज माफी, मुफ्त बिजली' जैसे चुनावी वायदे सियासी जमातों को कुछ ही सप्ताहों, महीनों में फर्श से अर्श पर पहुंचा देते हैं, तब भला ग्रामीण विकास के लिए एक लंबी, शतत् और निवेश साध्य प्रक्रिया में उलझकर कोई भी अपने आपको घनचक्कर क्यों बनाना चाहेगा। वह भी तब जबकि मतदाता इतना सूझ-बूझ वाला है कि वह लंबे निवेश और विकास की ठोस योजनाओं के बजाय मुफ्त के माल पर ज्यादा आकर्षित होता है। बहरहाल यह सब तो सियासी हथकंडा है। असलियत यह है कि हर चुनाव में कर्जमाफी का वायदा किया जाता है, इसके बावजूद देश का किसान गंभीर कर्ज संकट के दौर से गुजर रहा है। यह सही है कि भारत की प्रगति का रास्ता गांवों से गुजरता है और इसके लिए सरकार को बड़े निवेश और दीर्घकालिक योजनाओं के साथ शतत् प्रयास की जरूरत है। अगर सरकार इस दिशा में पहल करती है, तो निश्चय ही एक-दो दशक बाद ग्रामीण भारत के साथ ही संपूर्ण देश की तकदीर बदल सकती है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा की है वह ऐसी ही एक योजना है जो भारत की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल सकती है। देश में खाद्य सुरक्षा को लेकर भी बहुत लफ्फाजी की गयी है, गैर जिम्मेदाराना तरीके से कानून बनाये गये हैं, लेकिन यह सोचने का प्रयास नहीं किया गया कि खाद्य सुरक्षा कानून बनाने से कैसे मजबूत होगी। क्या लोग कानून खायेंगे?

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## भाजपा स्थापना दिवस 6 को, सौंपी जिम्मेदारी



बांदा। भाजपा स्थापना दिवस की तैयारी बैठक जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने विश्व में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में पहचान बनाई है जिसमें पार्टी पदाधिकारी सेवा व समर्पण भाव से अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं। उन्होंने जिला व मण्डल के नवनियुक्त पदाधिकारियों व सदस्यों से अनुशासन में रहकर पार्टी को आगे बढ़ाने में सहयोग की अपेक्षा की। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि आगामी 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा जिसके लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला महामंत्री ममता मिश्रा ने संचालन करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिसमें 6 अप्रैल को घर-घर पार्टी का ध्वज फहराया जायेगा तथा गोष्ठीयाँ आयोजित की जायेंगी। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव, लवलेश सिंह, बालमुकुंद शुक्ला, मालती बासु, देशराज सिंह, संतोष नायक, उत्तम सक्सेना, दुर्गा चैरसिया, सुधीर सिंह, निखिल सक्सेना, अमित सेठ भोलू, संतोष गुप्ता संतू, पंकज रैकवार, आनंदी साहू, राजभवन उपाध्याय व मण्डल अध्यक्ष मौजूद रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

बांदा। शराब के नशे में पिता से झगड़ने के बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पैलानी थाना क्षेत्र के खपटिहा कला गांव में बीती रात 11 बजे शीलू पुत्र शीतला कहार 25 रात को शराब पीकर आया और पिता से झगड़ने लगा, कहा सुनी होने पर वह घर के पीछे चला गया और उसने बाबुल के पेड़ पर फांसी लगा ली। जब परिजनो ने देखा तो तुरंत उसे नीचे उतारकर जिला अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टर ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। पिता शीतला ने बताया कि शीलू की शादी जुलाई 2024 में महोबा में हुई थी। कहा कि एक लड़का व दो लड़की हैं, दोनों लड़की की शादी कर दी थी एक ही लड़का था जो घर का चिराग था। मां पहले ही गुजर चुकी है, पिता गांव में किसानी का कार्य करते हैं। घटना से परिजनों, पत्नी संजू का रो-रो कर बुरा हाल है।

## बैलगाड़ी से बाइक टकरायी, 2 की मौत

बांदा। बैलगाड़ी व मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गयी। पैलानी थाना क्षेत्र के इछावर गांव के मजरा धरी खेड़ा के पास अचानक बैलगाड़ी सामने आ जाने से मोटरसाइकिल उससे भिड़ गई। एक ही मोटरसाइकिल पर चार लोग सवार थे, जिसमें से दो की मृत्यु हो गई जबकि दो घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। कालका पुत्र मेवालाल निवासी व दोस्त संदीप पुत्र लाखन निवासी धनूवन डेरा थाना ललौली मोटरसाइकिल में फतेहपुर से चंदवारा अपने पारिवारिक चाचा के यहां तेरही में जा रहे थे। कालका की बहन इछावर पर ब्याही है, कालका अपनी बहन व भांजे आयुष्मान को लेकर चंदवारा गांव कार्यक्रम में पहुंचा। जब वह बहन को इछावर गांव छोड़ने जा रहा था तभी इछावर के मजरा धरी खेड़ा मोड़ के पास सामने से अचानक बैलगाड़ी आ गई और बाइक टकरा गयी। कालका व संदीप की मौत हो गई जबकि कालका की बहन व लड़का आयुष्मान दूर गिर गए। कालका के भाई छोटू ने बताया कि कालका की मां मिर्जा व पत्नी श्यामा का रो-रो कर बुरा हाल है। संदीप की शादी नहीं हुई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## वांछित गिरफ्तार

ललितपुर (वीओएल)। जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना जखौरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमें में पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त दयानन्द पुत्र गज्जू अहिरवार उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम पारा थाना तालबेहट जनपद ललितपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरूद्ध तहरीर के आधार पर थाना जखौरा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। टीम गठित कर, थाना जखौरा पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त दयानन्द उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है।

# लूट के दो आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

## कोतवाली पुलिस ने किया चौबीस घंटे में लूट का खुलासा



ललितपुर (वीओएल)। कोतवाली सदर पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए झपटमारी की घटना का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए दो मोबाइल फोन, जेवरात समेत शत-प्रतिशत माल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत यह सफलता हासिल हुई है। बताया गया है कि घटना 30 मार्च 2026 की है, जब एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने मसौरा बैरियर के पास निरभान पेट्रोल पंप के निकट चलती टैक्सी से उसका पर्स झपट लिया। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमें गठित की गईं। सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना को लेकर थाना बानपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम तेरा निवासी कुलदीप बैस पुत्र मुकेश बैस व रोहित परिहार पुत्र गजराज परिहार बताये गये हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शराब और अन्य शौक पूरे करने के लिए पैसों की जरूरत थी, इसलिए उन्होंने झपटमारी की योजना बनाई। निरभान पेट्रोल पंप के पास टैक्सी में बैठी महिला के पैर पर रखा पर्स देखकर उन्होंने मोटरसाइकिल से झपट्टा मारकर पर्स छीन लिया और फरार हो गए। पीछा होने पर पकड़े जाने के डर से उन्होंने गोविंद सागर बांध के जंगल में पर्स का सामान छिपा दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 02 मोबाइल फोन, एक सफेद धातु की करधौनी, एक जोड़ी पायल, काले मोतियों की माला में पीले धातु का लॉकेट, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। इस सफलता में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, सदर चौकी इंचार्ज उ.नि.प्रशांत राणा, नेहरू नगर चौकी इंचार्ज उ.नि.अंकित कौशिक, उ.नि. योगेश यादव, हेड कांस्टेबल गोविंद सिंह, कांस्टेबल अमित, सूरज सिंह व राहुल कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## यूपीआई फ्रॉड से युवक के खाते से 2.17 लाख रुपये पार

ललितपुर (वीओएल)। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत साइबर अपराध का एक बड़ा मामला सामने आया है। एक युवक के मोबाइल पर अज्ञात साइबर अपराधियों ने यूपीआई फ्रॉड के जरिए उसके बैंक खातों से कुल 2,17,000 रुपये उड़ा लिए। पुलिस द्वारा शुरूआत में कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली, जिसके आदेश के बाद अब कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ?महावीरपुरा निवासी उमेश झां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 फरवरी 2026 को उनके मोबाइल नंबर पर साइबर अपराधियों ने संपर्क किया और यूपीआई के माध्यम से धोखाधड़ी की। अपराधियों ने उनके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा सिविल लाइन के दो अलग-अलग खातों से संयुक्त रूप से 2,17,000 रुपये अपने खातों में ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित ने घटना के तुरंत बाद भारत सरकार के साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद 10 सितंबर 2025 को उन्होंने पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में गुहार लगाई।

## युवक का शव पानी की टंकी पर रस्सी के फंदे पर लटका मिला, पुलिस जांच में जुटी

नगीना, बिजनौर। आईटीआई के सामने पानी की टंकी पर एक युवक को रस्सी के फंदे पर लटका देखकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अवनीत मान व सीओ डॉ अंजनी कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो फोरेंसी टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर शंव को पीएम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार नगीना थाना क्षेत्र के आजाद कॉलोनी कालाखेड़ी रोड पर स्थित आईटीआई के सामने पानी की टंकी पर मंगलवार की सुबह एक 22 वर्षीय युवक का शव लटका देख लोग चैंक गए और सोशल मीडिया पर भी यह घटना वायरल हो गई। मृतक युवक की पहचान मोहल्ला लाल सराय निवासी नवेद पुत्र स्वर्गीय अकबर के रूप में हुई। मृतक के परिजन सभासद पति सद्दीक मुल्तानी के साथ मौके पर पहुंच गए। टंकी के नीचे घास में हाथ से लिखा हुआ कागज भी मिला जिस पर लिखा था कि मेरा नाम नवेद है और में लाल सराय में डॉक्टर नसीम के पास का रहने वाला हूं। मेरी मां का ख्याल रखना। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी अवनीत मान पुलिस बल व फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। सीओ डॉ अंजनी कुमार भी मौके पर पहुंचे और हस्तलिखित कागज को अपने कब्जे में लिया। मृतक के बड़े भाई नईम की मौजूदगी में मृत युवक नवेद के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा। मृतक के नईम ने बताया कि नवेद अविवाहित था और वह कल शाम करीब 6 बजे घर से निकला था। घर में कोई बात नहीं हुई थी और न ही कोई तनाव था। नवेद को टाइफाइड बुखार था कोई गंभीर बीमारी भी नहीं थी। मृतक नवेद मुंबई में बिजली फिटिंग का काम करता था और ईद से चार दिन पहले ही मुंबई से नगीना अपने घर आया था। बदहवास हालत में मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है और वह कह रहे हैं कि उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था कि नवेद के साथ ऐसा होगा।

## खनन पट्टे की जांच, बिना प्रपत्र के मिले 23 वाहन



बांदा। अवैध खनन, परिवहन व ओवरलोडिंग की प्राप्त शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील बबेरू स्थित ग्राम मकार्खादर के खण्ड संख्या-03 में संचालित खनन पट्टे की सोर्स प्वाइंट में बीती देर रात 1 बजे उपखनिज बालू लोड वाहनों की औचक चेकिंग की गई। अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर, उपजिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी पैलानी, खान निरीक्षक, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी तथा सम्बन्धित थाने की फोर्स की संयुक्त चेकिंग में कुल 23 वाहन ओवरलोड, बिना परिवहन प्रपत्र के पाये गये। इन वाहनों को अग्रिम आदेशों तक सम्बन्धित थाने की अभिरक्षा में दिया गया। ओवरलोड वाहनों के साथ-साथ प ?ट्टाधारक के विरुद्ध उत्तर प्रदेश उपखनिज, परिहार नियमावली-2021 के नियम-60 (6) के तहत कार्यवाही की जायेगी। पकड़े गये वाहनों से खनिज, परिवहन, वाणिज्य कर विभाग से कुल 44 से 45 लाख राजस्व प्राप्त होने की सम्भावना है। जांच के दौरान कुछ वाहन रारते पर ही बालू खाली कर भाग गये। रास्ते पर गिरायी गयी बालू की मात्रा 135 घन मी० थी, जिसे एकत्रित कराकर पुलिस की अभिरक्षा में दिया गया है।

## चोरी के 3 आरोपी जेवर समेत 12 घंटे मे गिरफ्तार



बांदा। थाना कोतवाली देहात के छनेहरा लालपुर गांव में हुई चोरी की वारदात की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 12 घंटे के अन्दर 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से चोरी के लगभग 3.5 लाख रुपए के आभूषण, रुपए व अवैध तमंचा बरामद हुआ है। 30 मार्च को छनेहरा लालपुर निवासी मुखिया पुत्र भुरईया ने घर में 25 मार्च को व मुन्ना पुत्र मइयादीन ने 28 मार्च को अज्ञात चोरों के घर का ताला तोडकर चोरी करने के बारे में तहरीर दी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीमों का घटन किया गया। कोतवाली देहात पुलिस ने वैज्ञानिक व तकनीकी साक्ष्यों का प्रयोग कर आरोपियों की पहचान की। मुखबिर की सूचना पर सोमवार को 3 आरोपियों को छनेहरा लालपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने पूंछताछ करने पर चोरी की घटना को स्वीकार किया। आरोपियों के पास से चोरी के जेवर व नगद रुपए बरामद किये गये। गिरफ्तार आरोपियों में विवेक कुमार पुत्र रामेश्वर, सुरेश उर्फ मोती पुत्र दुर्जन व संतोष कुमार पुत्र बद्दू सभी निवासी छनेहरा लालपुर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश तिवारी, उपनिरीक्षक राजेश चन्द्र, कांस्टेबल सचिन पटेल व अभिषेक मिश्रा रहे।

## राष्ट्रीय महिला परिषद की बैठक का आयोजन

फतेहपुर जिले में राष्ट्रीय महिला परिषद की बैठक का आयोजन किया गया बैठक राम मंदिर गोपाल पेट्रोल पंप गोपाल नगर नौवाबाग में संपन्न हुई इस मौके पर प्रांतीय पदाधिकारी एवं विभागीय जिला स्तरीय पदाधिकारी कीउपस्थिति रही जिसमें 26 अप्रैल को डॉक्टर प्रवीण तोगड़िया जी के प्रवास को लेकर रणनीति बनाई गई तथा सुरक्षित हिंदू, सम्मान युक्त हिंदू के लक्ष्य को प्राप्त करने एवं हनुमान चालीसा केंद्र के विस्तार के संबंध में बैठक की गई और संगठन विस्तार को लेकर भी चर्चा की गई जिसमें प्रमुख रूप से महामंत्री शिवजी यादव राष्ट्रीय महिला परिषद के अध्यक्ष चित्रकूट विभाग गुड़िया सिंह चौहान व जिला अध्यक्ष ग्रीष्मा देवी राष्ट्रीय महिला परिषद फतेहपुर ओजस्विनी परिषद की जिला अध्यक्ष अल्पना वर्मा, आरती सिंह चौहान , बीना सिंह,प्रभा मिश्रा, पूनम तिवारी,विमल तिवारी समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे है।

## सफलता का मूल मंत्र है कड़ी मेहनत और अनुशासन




फतेहपुर। नगर के प्रतिष्ठित सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, वी आई पी रोड में आज वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हो गए। इंग्लिश मिडियम विभाग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आराध्या राज के अथर्व सिंह और सृष्टि गुप्ता ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। इन होनहारों ने न केवल अपने माता-पिता का सिर ऊँचा किया, बल्कि पूरे फतेहपुर को गौरवान्वित भी किया। परिणाम घोषणा समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की भारी भीड़ उमड़ी। इन विद्यार्थियों की इस असाधारण उपलब्धि पर सभी ने हार्दिक बधाई दी। आराध्या राज ने बताया, मम्मी-पापा की प्रेरणा और शिक्षकों के मार्गदर्शन से मैंने रात-दिन मेहनत की। अथर्व सिंह ने कहा, यह सफलता मेरे संकल्प का फल है, अब आईएएस बनने का सपना साकार करूँगा। सृष्टि गुप्ता ने अपनी लगन का राज खोला, नियमित पढ़ाई और समय प्रबंधन ने मुझे यह मुकाम दिलाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कल्प राज सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, सफलता का मूल मंत्र है कड़ी मेहनत और अनुशासन। आप जैसे बच्चे भविष्य के भारत निमार्ता हैं। विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने विद्यालय की प्रगति की सराहना की और अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को उचित मार्गदर्शन दें। अध्यक्ष हरेश प्रताप सिंह, प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव, निवर्तमान प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह, नवीन प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह, जगदीश सिंह एवं समस्त आचार्यगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में प्रथम तीनों स्थान प्राप्त करने वाले अन्य छात्रों को भी सम्मानित किया गया।

## फसल कटाई के पैसे मांगने पर हार्वेस्टर स्टाफ को पीटा

ललितपुर (वीओएल)। जखौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिरसी में फसल कटाई के पैसे मांगने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि खेत मालिक और उसके साथियों ने मिलकर हार्वेस्टर मालिक को गालियां दीं और बीच-बचाव करने आए स्टाफ के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में चार नामजद अभियुक्तों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सदर विधायक रामरतन के सतत प्रयासों से संपर्क मार्गो को 265 लाख की मिली बड़ी स्वीकृति



ललितपुर (वीओएल)। सदर विधानसभा क्षेत्र ललितपुर में आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। क्षेत्र के विभिन्न मंडी समिति से जुड़े संपर्क मार्गों की लंबे समय से लंबित मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों को अब गति मिलने जा रही है। यह सफलता सदर विधायक ललितपुर रामरतन कुशवाहा के निरंतर प्रयासों, सशक्त पैरवी और क्षेत्रीय समस्याओं के प्रति गंभीर प्रतिबद्धता का परिणाम है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत गड्ढामुक्तिकरण योजना में इन मार्गों को शामिल कर शासन स्तर से स्वीकृति प्रदान की गई है। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने लगातार क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं आमजन से संवाद स्थापित कर इन मार्गों की जर्जर स्थिति को प्रमुखता से चिन्हित किया और प्राथमिकता के आधार पर शासन के समक्ष प्रस्तुत किया। उनकी सक्रिय पहल के फलस्वरूप 10 जगहों जिनमें पिपरिया वंशा से परौंदा तक, बांसी बार मार्ग पर स्थित गढ़िया प्रतीक्षालय से बार गदयाना मार्ग तक, टेटा सम्पर्क मार्ग की मरम्मत कार्य, बुढ़ेरा से राजपुर तक, पाली रोड से चीराकोडर तक, बांसी जखौरा रोड से नगवास तक, देवगढ़ रोड से खिरिया तक, बार पारौन मार्ग पर बम्हौरी खडैत से चुआना तक मरम्मत कार्य, मथुरा - सेमराडांग से कसर तक एवं भैलानी सुआ से रोड तक सहित अनेक महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों के कार्यों को स्वीकृति मिली है। इन मार्गों के सुदृढ़ीकरण से क्षेत्रीय विकास को बहुआयामी लाभ प्राप्त होंगे। विशेष रूप से किसानों को अपनी उपज मंडियों तक समय पर और सुरक्षित पहुँचाने में सुविधा होगी, जिससे कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित होगा, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

## रिजर्व पुलिस लाइंस में नवनिर्मित सम्मेलन कक्ष का उद् घाटन

### सराहनीय सेवा काल के लिए एसपी ने किया सम्मानित



ललितपुर (वीओएल)। रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर में स्थित सम्मेलन कक्ष के जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने के उपरांत मंगलवार को पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक द्वारा उसका विधिवत उद्घाटन किया गया। खास बात यह रही कि उद्घाटन सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के हाथों फीता कटवाकर और शिला पट्टिका का अनावरण कर कराया गया, जिससे कार्यक्रम भावनात्मक और यादगार बन गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह नया सम्मेलन कक्ष विभागीय बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और विभिन्न गोष्ठियों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे पुलिस कार्यप्रणाली में और अधिक दक्षता, पारदर्शिता और समन्वय सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके लंबे और सराहनीय सेवा काल के लिए सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और सुखद जीवन की कामना करते हुए उनके योगदान को सराहा। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन सुनील कुमार भारद्वाज, मुख्य अग्निशमन अधिकारी तवारक हुसैन, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं सेवानिवृत्त हो रहे उपनिरीक्षक सुरेश चन्द्र, उपनिरीक्षक रामशंकर और फॉलोवर सियाराम को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## नगर निकाय डोर-टू-डोर कूडा सेग्रीगेशन पर विशेष फोकस रखे : डीएम





बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में स्थानीय निकाय के कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने सभी नगर निकायों को निर्देश दिए कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर छापेमार कार्रवाई करना सुनिश्चित करते हुए उसकी रिपोर्ट प्रभारी अधिकारी नगर निकाय को ससमय प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट सभागार में बीते दिन आयोजित बैठक में सभी अधिशासी अधिकारियों की बैठक लेते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं डोर-टू-डोर कूडा सेग्रीगेशन सहित सम्मिलित निर्धारित बैठक एजेंडे में शामिल कर-करेत्तर राजस्व की वसूली सम्बन्धित विवरण पत्र, राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत निकायों को प्राप्त धनराशि के उपभोग की स्थिति,15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत निकायों को प्राप्त धनराशि के उपभोग की स्थिति, विभिन्न योजनाओं में प्राप्त धनराशि के उपभोग की स्थिति, नगरीय निकायों में पेयजल पुर्नगठन योजना एवं सार्वजनिक/शासकीय सम्पत्तियों पर अवैध अतिक्रमण से सम्बन्धित विवरण पत्र, कान्हा गौ-आश्रय स्थलों से सम्बन्धित विवरण पत्र नगरीय निकायों में नाला सफाई की अद्यतन स्थिति,नगरीय निकायों में पेयजल व्यवस्था की अद्यतन स्थिति सहित स्वच्छ भारत मिशन सहित सभी विंदुओं पर गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं डोर-टू-डोर कूडा सेग्रीगेशन पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्रों में सफाई कार्य, स्ट्रीट लाइट आदि सहित का विवरण मिलान करते हुए अद्यतन करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में मुस्तैद रहकर कार्यो की मॉनिटरिंग करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम स्वनिधि के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## बजरंग बली के मंदिर में चोरी

ललितपुर (वीओएल)। मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम धुरवारा में स्थित बजरंग बली मंदिर को बीती रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने मंदिर के परिसर में रखी दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी पार कर दी। घटना की जानकारी सोमवार सुबह तब हुई जब मंदिर के सेवादार पूजा-अर्चना के लिए वहां पहुंचे। मंदिर की देख-रेख करने वाले 70 वर्षीय रामदयाल पटेल ने बताया कि वे रोज की तरह सोमवार सुबह करीब 5 बजे मंदिर में सफाई और पूजा के लिए गए थे। वहां उन्होंने देखा कि दान पेटी का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखी नकदी गायब थी। हैरानी की बात यह रही कि चोरों ने पेटी में रखे लगभग 1500 रुपये (सिक्के और कुछ नोट) वहीं छोड़ दिए और बाकी बड़ी राशि लेकर फरार हो गए।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम



महोबा। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में आगामी 6 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण जिला कार्यशाला का आयोजन जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री श्रीप्रकाश अनुरागी द्वारा किया गया। कार्यशाला में स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें 5 अप्रैल को जिला कार्यालय में सजावट एवं ध्वजारोहण, 7 अप्रैल को रंगोली एवं सजावट कार्यक्रम, 8 व 9 अप्रैल को जिला स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन, 7 से 12 अप्रैल ग्राम बस्ती संपर्क अभियान। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने कहा कि हम विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के कार्यकर्ता हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। निवर्तमान जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा का अर्थ केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का संकल्प है। कार्यक्रम के दौरान नव नियुक्त जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों का सम्मान किया गया। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सत्येन्द्र प्रताप ने दी।


## डीएम ने शिकायत का लिया संज्ञान

## झोलाछाप कमरु व अशरफ के क्लीनिक सील

जिला संवाददाता

नगीना, बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग ने अपनी फजीहत बचाने के लिये ग्राम मंझेडा सकरु पहुंचकर बिना डिग्री के धडल्ले से प्रेक्टिस करने वाले झोलाछाप कमरुददीन उर्फ कमरु व सील हुई क्लीनिक पर लगातार प्रेक्टिस करने वाले झोलाछाप अशरफ की दुकान सील कर दी है। क्लीनिक सील करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सील से छेडछाड करने पर दोनो झोलाछाप को कार्रवाही की चेतावनी दी है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर के आदेश पर पूरे जनपद में चल रहे अवैध नर्सिंग होम एवं झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाही लगातार जारी है। नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी कुमारी शगुफ्ता अंजुम ने सोमवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर को शिकायती पत्र देकर ग्राम मंझेडा सकरु में अवैध रुप से क्लीनिक चलाकर ईलाज के नाम पर भोले-भाले लोगो को मौत की पुडिया देने वाले झोलाछाप कमरुददीन उर्फ कमरु पुत्र अशरफ व सील हुई क्लीनिक पर



लगातार प्रेक्टिस करने वाले झोलाछाप अशरफ अंसारी पुत्र लियाकत के खिलाफ कार्रवाही की मांग करते हुए कहा था कि समय रहते इन झोलाछाप पर कार्रवाही नही की गई तो इन झोलाछाप की पुडिया खाकर किसी गरीब की जान जा सकती है। डीएम के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मात्र सात घंटे में कार्रवाही करते हुए सोमवार की रात नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम मंझेडा सकरु पहुंचकर अवैध रुप से क्लीनिक चलाकर ईलाज के नाम पर भोले-भाले लोगो को मौत की पुडिया देने वाले झोलाछाप कमरुददीन उर्फ कमरु पुत्र अशरफ व बीती 10 मार्च 2026 को सील हुई क्लीनिक का ताला तोडकर गुंडई प्रेक्टिस करने वाले झोलाछाप अशरफ की दुकान सील कर दी है। क्लीनिक सील करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सील से छेडछाड करने या बिनी किसी डिग्री के फिर से क्लीनिक खोलने पर दोनो झोलाछाप को कार्रवाही की चेतावनी दी है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का साफ कहना है कि झोलाछाप चिकित्सक या तो अपना कारोबार बदल दें नही तो उनके खिलाफ लगातार कार्रवाही जारी रहेगी। छापेमार कार्रवाई से नगर एंव ग्रामीण क्षेत्र के अन्य झोलाछाप चिकित्सकों में हड़कंप मचा हुआ है।

संक्षेप

## गैलेक्सी ए57 5जी एआई फीचर्स के साथ लॉन्च

नयी दिल्ली। सैमसंग ने अपने नए स्मार्टफोन गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी को भारत में लॉन्च कर दिया है। ये डिवाइस यूजर्स को बेहतरीन एआई अनुभव, वॉइस और ट्रांसलेशन क्षमताएं और एडवांस फोटोग्राफी फीचर्स प्रदान करते हैं। ये फोन 'ऑन-डिवाइस प्रोसेसिंग' (फोन के भीतर ही प्रोसेसिंग) को प्राथमिकता देते हैं, जिससे स्पीड, सुरक्षा और एफिशिएंसी में सुधार होता है। गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी में एआई का सबसे नया और खास फीचर डायरेक्ट वॉइसमेल है। अगर आप कॉल नहीं उठा पाते, तो यह सुविधा कॉलर को मैसेज छोड़ने का विकल्प देती है, और खास बात यह है कि वह मैसेज आपको बिल्कुल कॉलर की असली आवाज में सुनाई देता है। एआई इसे तुरंत टेक्स्ट में बदल देता है और फोन में सुरक्षित सेव कर लेता है, यानी इसके लिए आपको नेटवर्क ऑपरेटर पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है।

## फिलिप मॉरिस इंडिया को लगातार पाँचवें साल ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में प्रमाणित किया गया

नयी दिल्ली। फिलिप मॉरिस इंडिया ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड को ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट द्वारा लगातार पाँचवें साल ग्रेट प्लेस टू वर्क 2026-27 चुना गया गया है। इस सर्टिफिकेशन से प्रदर्शित होता है कि पीएम इंडिया कार्यस्थल पर लगातार एक प्रगतिशील संस्कृति का निर्माण करने पर केंद्रित है, ताकि कर्मचारियों को सबसे बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके। अपनी पीपल-फर्स्ट स्ट्रेटेजी के तहत पीएम इंडिया अपने कर्मचारियों को काम करने का सही वातावरण, बेहतर संसाधन और करियर एवं प्रोफेशनल विकास के अवसर प्रदान करके उन्हें लगातार आगे बढ़ने में सहयोग देने तथा एक बेहतर जीवन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम इंडिया की संस्कृति पीएमआई डीएनए - वी केयर, वी आर बैटर टुगैदर, वी आर गेम चेंजर्स पर आधारित है, जो हमारी टीमों द्वारा सहयोग करने, इनोवेट करने और नेतृत्व करने की बुनियाद बनाती है।

## शिक्षानेक्स्ट: 170 करोड़ की मल्टी पार्टनर पहल का हुआ लॉन्च

नई दिल्ली। एक बोल्ड, मल्टी-डोनर एवं बहु क्षेत्रीय पहल शिक्षानेक्स्ट, जिसका उद्देश्य देश के एडटेक एवं एआई का सदुपयोग कर वंचित समुदायों के बच्चों के लर्निंग के परिणामों में सुधार लाना है। शिक्षानेक्स्ट 170 करोड़ रुपये की तीन वर्षीय पहल है, जिसका उद्देश्य देश भर में 13 मिलियन से अधिक बच्चों को 2029 तक टेक्नोलॉजी एवं एआई-इनेबल्ड लर्निंग के अवसरों के साथ सशक्त बनाना है। इस पहल को कई परोपकारी संगठनों एवं साझेदारों का समर्थन प्राप्त है, जो टेक्नोलॉजी के जरिए लर्निंग के परिणामों को बेहतर बनाना चाहते हैं। इस गठबंधन में माइकल एंड सुसन डेल फाउंडेशन, रिलायंस फाउंडेशन और गेट्स फाउंडेशन - फाउंडिंग स्ट्रैटेजिक पार्टनर हैं, जबकि सेंट्रल स्क्वेयर फाउंडेशन मैनेजिंग पार्टनर की भूमिका में हैं।

## एजीजी ने भारत का पहला एडल्ट डायपर पैंट पेश किया

नई दिल्ली। एजीजी ने हाल ही में स्मार्ट लिक्विड डिस्ट्रिब्यूशन तकनीक से युक्त देश का पहला एडल्ट डायपर पैंट पेश किया है। विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के लिए पुनः डिजाइन किए गए इन डायपरों में एक अनूठा तीन-स्तरीय डिजाइन है, जो अवशोषण को मापनीय रूप से बेहतर बनाता है, झुकाव को कम करता है और रोजमर्रा के उपयोग के लिए अधिक विश्वसनीय सुरक्षा प्रदान करता है। एजीजी ने हर लेयर और उनके आपसी तालमेल को नए सिरे से डिजाइन किया है, जिससे एक ऐसी तकनीक तैयार हुई है जो अब तक किसी और ने नहीं देखी है।

## नोवो नॉर्डिस्क इंडिया ने की सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन की कीमतों में कमी की घोषणा

नयी दिल्ली। नोवो नॉर्डिस्क इंडिया ने आज टाइप 2 मधुमेह और मोटापे या अधिक वजन से जूझ रहे लोगों के लिए अपनी भरोसेमंद सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन की कीमतों में कमी की घोषणा की। 1 अप्रैल 2026 से, भारत में ओजेम्पिक की शुरुआती खुराक की कीमत में 36प्रतिशत और वेगोवी की शुरुआती खुराक की कीमत में 48प्रतिशत की कमी की जाएगी। ओजेम्पिक (0.25 एमजी) और वेगोवी (0.25 एमजी) अब 202 रुपये प्रतिदिन या 1,415 रुपये प्रति सप्ताह (टैक्स सहित) की कीमत पर उपलब्ध होंगे। इसका उद्देश्य इन आधुनिक और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित दवाओं को भारत में मधुमेह और मोटापे से जूझ रहे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है।

# युद्ध तय करेगा बाजार की दिशा




नयी दिल्ली। वैश्विक अनिश्चितताओं और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच घरेलू शेयर बाजारों ने वित्त वर्ष 2025-26 का समापन भले ही सात प्रतिशत की गिरावट के साथ किया है, लेकिन विश्लेषकों की नजर में अगले वित्त वर्ष में बाजारों के लिए परिदृश्य संरचनात्मक रूप से सकारात्मक बना हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में बीएसई सेंसेक्स 5,467.37 अंक यानी करीब सात प्रतिशत टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 1,187.95 अंक यानी पांच प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

समाप्त वित्त वर्ष के दौरान घरेलू शेयर बाजार पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, कच्चे तेल के बढ़े हुए दाम, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और भू-राजनीतिक तनाव का दबाव रहा। इस दौरान पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद बाजारों में तेज गिरावट देखी गई। 28 फरवरी से अब तक सेंसेक्स 9,339.64 अंक यानी 11.48 प्रतिशत तक लुढ़क चुका है। इस दौरान ब्रेंट कच्चा तेल 115 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया जिससे मुद्रास्फीति और ब्याज दरों को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। मौजूदा गिरावट घरेलू अर्थव्यवस्था की कमजोरी के बजाय बाहरी कारकों से प्रेरित है। कच्चे तेल के दाम, पश्चिम एशिया में तनाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली ने जोखिम से बचने का माहौल बना दिया है। मार्च में ही विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की, जो अब तक का सबसे बड़ा मासिक बहिर्वाह है। निकट अवधि में बाजारों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, लेकिन मजबूत घरेलू निवेश प्रवाह और कंपनियों की आय वृद्धि से आगे चलकर गिरावट को सीमित रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की वापसी के लिए कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, रुपये की स्थिरता और पश्चिम एशिया तनाव में कमी जरूरी होगी। विश्लेषकों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान बाजार दो चरणों में बंटा रहा। पहले हिस्से में बाजारों ने मजबूत प्रदर्शन किया और दिसंबर, 2025 में सेंसेक्स 86,159 अंक के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। लेकिन वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में वैश्विक झटकों के कारण इसमें तेज गिरावट आई। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारतीय बाजार के परिदृश्य को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक परिस्थितियों में सुधार होने पर बाजारों में धीरे-धीरे स्थिरता लौटेगी और आय आधारित वृद्धि के दम पर दूसरी छमाही में सुधार देखने को मिल सकता है। हालांकि, निकट अवधि में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।

# अमेरिका में पेट्रोल की कीमत चार डॉलर प्रति गैलन के पार, 2022 के बाद सबसे अधिक




न्यूयॉर्क। ईरान युद्ध के बीच वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से अमेरिका में पेट्रोल की कीमत 2022 के बाद पहली बार औसतन चार डॉलर प्रति गैलन से अधिक हो गई है।

वाहन कंपनियों के संघ एएए के अनुसार, नियमित पेट्रोल की राष्ट्रीय औसत कीमत अब 4.02 डॉलर प्रति गैलन हो गई है जो युद्ध शुरू होने से पहले की तुलना में एक डॉलर से अधिक है। इससे पहले रूस के यूक्रेन पर हमला करने के दौरान करीब चार वर्ष पहले अमेरिका में पेट्रोल इतना महंगा हुआ था। यह कीमत राष्ट्रीय औसत है जिसका अर्थ है कि कुछ राज्यों में लोग काफी समय से चार डॉलर प्रति गैलन से अधिक का भुगतान कर रहे हैं। राज्यों के बीच कीमतें कर दरों में अंतर के कारण अलग-अलग होती है। अमेरिका और इजराइन के 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ संयुक्त सैन्य कार्वाई शुरू होने के बाद से कच्चे तेल की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव और बढ़ोतरी हुई है। इस संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला में गंभीर व्यवधान उत्पन्न हुए हैं और पश्चिम एशिया के प्रमुख तेल उत्पादकों ने उत्पादन में कटौती भी की है जिससे कीमतों पर दबाव बढ़ा है। एएए के अनुसार, डीजल अब औसतन 5.45 अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन पर बिक रहा है, जो युद्ध शुरू होने से पहले लगभग 3.76 अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन था। डीजल का इस्तेमाल कई मालढुलाई और डिलिवरी ट्रक में ईंधन के रूप में किया जाता है।

## कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड ने नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की

मुंबई। कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड ने अपने निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की है। कंपनी के बोर्ड ने सूरज राजप्पन को तीन वर्षों के लिए मैनेजिंग डायरेक्टर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 1 जून 2026 से प्रभावी होगी (जो शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है)। सूरज राजप्पन ने अपने करियर की शुरूआत कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड से ही की थी और उनके पास इस संस्थान में अलग-अलग विभागों में काम करने का 24 वर्षों का लंबा अनुभव है। वर्तमान एमडी और सीईओ शाहरुख टोडीवाला 31 मई 2026 को रिटायर होंगे। उन्होंने कोटक समूह के साथ तीन दशकों से अधिक समय तक अपनी सेवाएं दी हैं।

## आज 500 मिलियन से उपयोग करते हैं ट्रूकॉलर

नई दिल्ली। दुनिया में संचार को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने वाले सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने आज घोषणा की है कि दुनिया भर में उसके यूजर्स की संख्या 500 मिलियन के पार पहुँच गई है। यह लोगों के बीच संचार को भरोसेमंद बनाने के कंपनी के सफर में एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्लेटफॉर्म पर यूजर्स की संख्या लगातार काफी तेजी से बढ़ रही है, और केवल साल 2025 में ही 50 मिलियन से ज्यादा नए यूजर्स इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं। अकेले भारत में ही ट्रूकॉलर का उपयोग करने वालों की संख्या 350 मिलियन से ज्यादा हो गई है, और भारत के बाहर इसके यूजर्स की संख्या 150 मिलियन से ज्यादा है।

# कर प्रावधानों में बदलाव का रास्ता साफ

नयी दिल्ली। सरकार ने वित्त अधिनियम 2026 को अधिसूचित कर दिया है। इसके साथ कर प्रावधानों में बदलाव का रास्ता साफ हो गया है।

विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा 30 मार्च को राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार, यह अधिनियम 2026-27 के लिए केंद्र सरकार के वित्तीय प्रस्तावों को प्रभावी बनाता है। इसमें कहा गया, संसद के इस अधिनियम को 30 मार्च, 2026 को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली और इसे आम सूचना के लिए प्रकाशित किया जाता है। संसद ने पिछले सप्ताह वित्त विधेयक 2026 को मंजूरी दे दी और राज्यसभा ने ध्वनि मत से इसे लोकसभा को वापस भेज दिया। इसके साथ एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष के लिए बजट प्रक्रिया पूरी हो गई। लोकसभा ने 25 मार्च को 32 संशोधनों के साथ विधेयक पारित किया था। राज्यसभा ने संक्षिप्त चर्चा के बाद विधेयक को वापस भेज दिया। केंद्रीय बजट 2026-27 में कुल व्यय 53.47 लाख करोड़ रुपये रखा गया है जो 31 मार्च को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तुलना में 7.7 प्रतिशत अधिक है। अगले वित्त वर्ष के लिए प्रस्तावित कुल पूंजीगत व्यय 12.2 लाख करोड़ रुपये है। इसमें 44.04 लाख करोड़ रुपये के सकल कर राजस्व संग्रह और 17.2 लाख करोड़ रुपये की सकल उधारी का प्रस्ताव है।

## पूरे भारत में मासिक 5जी ट्रैफिक 12.9 ईबी पर पहुंचा

नई दिल्ली। नोकिया ने अपने वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स के 13वें संस्करण से आज निष्कर्ष जारी किए जिसमें भारत के 5जी अंगीकार और डेटा उपभोग एवं रुख में सतत मजबूत गति रेखांकित की गई है। यह रिपोर्ट इस बात का खुलासा करती है कि पूरे भारत में मासिक 5जी डेटा ट्रैफिक साल दर साल 70 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2025 में 12.2 एक्साबाइट पहुंच गया और इस प्रकार से कुल मोबाइल ब्रॉडबैंड ट्रैफिक में करीब 47 प्रतिशत योगदान यह कर रहा है। प्रति यूजर औसत मासिक मोबाइल डेटा उपभोग 2025 में बढ़कर 31जीबी से अधिक पहुंच गया जो पिछले पांच वर्षों में 18 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा।

# यूरोपीय देशों में मुद्रास्फीति बढ़ी

फ्रैंकफर्ट। ईरान युद्ध के कारण ईंधन की कीमतों में तेज वृद्धि होने से यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में मुद्रास्फीति दर मार्च में बढ़कर 2.5 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी में यह 1.9 प्रतिशत थी। यूरोपीय संघ की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, ईरान युद्ध के बीच फारस की खाड़ी क्षेत्र से तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होने के बाद मुद्रास्फीति दर में यह उछाल आया है। यूरोपीय सांख्यिकी एजेंसी यूरोस्टैट के मुताबिक, मार्च में ऊर्जा संसाधनों की कीमतें 4.9 प्रतिशत बढ़ गईं जबकि फरवरी में इनमें 3.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। मार्च में खाद्य वस्तुओं की महंगाई अपेक्षाकृत कम 2.4 प्रतिशत रही।

## न्युबर्ग डायग्नोस्टिक्स को मिली एनएबीएल की मान्यता

नईदिल्ली। न्युबर्ग डायग्नोस्टिक्स वाराणसी लैब को मेडिकल परीक्षण हेतु नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। लैब को यह मान्यता आईएसओ 15189:2022 मेडिकल लेबोरेटरी मानक के अंतर्गत मिली है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, लंका की बिल्डिंग की दूसरी मंज़िल पर स्थित उच्चीकृत न्युबर्ग डायग्नोस्टिक्स लैब को यह मान्यता डायग्नोस्टिक परीक्षणों में गुणवत्ता, सटीकता और विश्वसनीयता के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत मानकों का पालन करने के लिए दी गई है। वाराणसी और आस-पास के इलाकों में मरीजों और उनके परिवारों के लिए, इस मान्यता का मतलब, डायग्नोस्टिक रिपोर्ट पर पहले से अधिक विश्वास है।

# नया आयकर कानून आज से होगा लागू

नयी दिल्ली। नए आयकर कानून और अन्य बजटीय प्रावधान एक अप्रैल से लागू होंगे।

इन बजटीय प्रावधान में वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) व्यापार पर उच्च प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और चिकित्सा तथा शिक्षा उद्देश्यों के लिए विदेशी पर्यटन पैकेज एवं एलआरएस प्रेषणों पर कम टीसीएस शामिल हैं। इसके अलावा, भारत में डेटा सेंटर सेवाएं लेने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक 20 वर्ष की कर छूट और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए सेफ हार्बर प्रावधानों की सीमा बढ़ाने से संबंधित बजट घोषणाएं भी वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ बुधवार से प्रभावी हो जाएंगी। आयकर अधिनियम, 2025 एक अप्रैल 2026 से आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। नए कानून का उद्देश्य उसी कर नीति को अधिक तार्किक, सुलभ एवं पाठक-अनुकूल प्रारूप में प्रस्तुत करना है। आयकर विभाग ने कहा कि बदलाव अवधि के दौरान उसका ई-फाइलिंग मंच पुराने और नए दोनों आयकर कानूनों के तहत अनुपालन की सुविधा देगा। साथ ही, पिछले वर्षों से संबंधित सभी आकलन, अपील एवं अन्य कार्यवाही अंतिम निपटान तक पुराने कानून के तहत ही जारी रहेंगी। आकलन वर्ष 2026-27 के लिए जुलाई 2026 में रिटर्न दाखिल करने वाले करदाता पुराने कानून के तहत निर्धारित प्रपत्रों का ही उपयोग करेंगे।

## कमजोर वर्गों के छात्रों को 1500 शैक्षणिक छात्रवृत्तियां प्रदान की गयी

लखनऊ। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने आज लखनऊ में अपना सीएसआर कार्यक्रम आयोजित किया, जो वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कंपनी की 200 करोड़ की राष्ट्रीय सीएसआर प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उत्तर प्रदेश में यह पहल समूह के व्यापक राष्ट्रीय सीएसआर ढांचे के तहत राज्य-स्तरीय क्रियान्वयन को दर्शाती है, जिसका फोकस शिक्षा, स्वास्थ्य, भूख उन्मूलन, आवास और पर्यावरणीय स्थिरता पर है। यह कार्यक्रम लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्य भर के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को 1,500 शैक्षणिक छात्रवृत्तियां प्रदान की जा रही हैं। मलाबार समूह के चेयरमैन एम. पी. अहमद ने कहा कि हमारी सीएसआर पहलें समुदायों में दीर्घकालिक और संरचित प्रभाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से डिजाइन की गई हैं।

## ईसीएमएस विजन को आगे बढ़ाने के लिए अहम है डिजाइन सामर्थ्य और गुणवत्ता

बंगलुरु। अशोक चांडक, प्रेसिडेंट, आईईएसए ने बताया है कि ईसीएमएस स्कीम की सफलता दशार्ती है कि भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में इरादे से अमल की ओर एक निर्णायक परिवर्तन आया है। लिथियम-आयन सैल और फ्लेक्सिबल पीसीबी से लेकर कनेक्टर और डिस्प्ले मॉड्यूल तक मंजूरियां 16 प्रोडक्ट सैगमेंटों में हैं, और ये 8 राज्यों में फैले हुए हैं, जिसमें कर्नाटक और महाराष्ट्र प्रोजेक्ट की तदाद में सबसे आगे हैं। इन निवेशों से 14,000 से ज्यादा नौकरियां पैदा होने और 84,515 करोड़ रुपये का उत्पादन होने की उम्मीद है, जो इस स्कीम के तहत बन रहे मजबूत मोमेंटम को दिखाता है। मोटे तौर पर, ईसीएमएस प्रोग्राम में 12 राज्यों से 23 उत्पाद श्रेणियों में 75 आवेदन आए हैं।

# नालंदा विश्वविद्यालय का पुनरुद्धार गौरव पुनर्स्थापित करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक: मुर्मू



राजगीर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नालंदा विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान कीं और कहा कि इस संस्थान से शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को मानवता की साझा विरासत प्राप्त होती है।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, यहां से स्नातक की डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थियों को दो चीजें मिलती हैं डिग्री और विरासत। डिग्री जहां उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, वहीं उन्हें मानवता की साझा विरासत भी मिलती है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष स्नातक की डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थियों में आधे से अधिक अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी हैं, जो 30 से अधिक देशों से आए हैं। राष्ट्रपति ने समारोह से पहले पौधारोपण अभियान में भी हिस्सा लिया और विश्वविद्यालय की नेट-जीरो लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। नेट जीरो उत्सर्जन का मतलब है कि जो जितना कार्बन उत्सर्जन करता है, उतना ही कार्बन खत्म करने की व्यवस्था भी करे। नेट जीरो का मतलब यह नहीं है कि कार्बन का उत्सर्जन शून्य हो जाएगा। यह परिसर नेट-जीरो कैंपस बनने की दिशा में स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उच्च शिक्षण संस्थानों को उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेतृत्व करना चाहिए। राष्ट्रपति ने अपने दौरे की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर में बने विश्व मित्रालय भवन के उद्घाटन से की। यह अत्याधुनिक भवन लगभग दो हजार लोगों की क्षमता वाला है और अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राष्ट्रपति नालंदा विश्वविद्यालय की विजिटर भी हैं। नालंदा विश्वविद्यालय का पुनरुद्धार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसके गौरवशाली विरासत को आधुनिक स्वरूप में पुनर्स्थापित करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## पेज एक का शेष

### निवेश, नवाचार

स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश का पूरा ढांचा तीन प्रमुख स्तंभों 'अर्थशक्ति, जनशक्ति और जीवनशक्ति' पर आधारित है, जिन्हें मजबूत करने के लिए कृषि, उद्योग, सेवाएं, बुनियादी ढांचा, सामाजिक क्षेत्र और सुशासन को एकीकृत रूप से आगे बढ़ाना होगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि विजन डॉक्यूमेंट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए रीयल-टाइम डैशबोर्ड के माध्यम से नियमित समीक्षा व्यवस्था विकसित की जाए, ताकि प्रगति की सतत निगरानी हो और आवश्यक सुधार समय पर सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दस्तावेज स्थिर नहीं, बल्कि एक डायनामिक और एक्शन-ओरिएंटेड मार्गदर्शिका होनी चाहिए।

### हर जनपद

विकास की प्रवृत्तियों को नियमित रूप से बैठकों में प्रस्तुत किया जाए। ओटीडी मुख्यमंत्री फेलो के चयन मानदंडों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पदों के लिए उच्च शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी दक्षता सुनिश्चित की जाए। नियोजन विभाग की ओर से बताया गया कि आर्थिक विकास विशेषज्ञ के लिए अर्थशास्त्र, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, इकोनोमेट्रिक्स या फाइनेंस/डेटा साइंस में परास्नातक अथवा एमबीए तथा डेटा विश्लेषक के लिए सांख्यिकी, एप्लाइड स्टैटिस्टिक्स, इकोनोमेट्रिक्स या बिजनेस एनालिटिक्स/डेटा साइंस में परास्नातक अथवा एमबीए की योग्यता निर्धारित की जा सकती है।

### कानपुर में

अस्पताल में भर्ती था, जबकि गुर्दा लेने वाली मरीज़ को किसी दूसरे अस्पताल में रखा गया था। उन्होंने बताया कि छह आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं-- 143 (तस्करी) और 3(5) (किसी एक ही मकसद को पूरा करने के लिए सामूहिक रूप से कोई आपराधिक काम करना) तथा मानव अंग और ऊतक प्रतिरोपण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सेमीकंडक्टर

श्रृंखलाओं को बाधित किया तो भारत ने सेमीकंडक्टर निर्माण का केंद्र बनने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत सक्रिय रूप से एक मज़बूत सेमीकंडक्टर तंत्र बना रहा है और साथ ही कच्चे माल के लिए एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। पैक्स सिलिका में भारत की भागीदारी इसी प्रयास का एक प्रमाण है। अपने वैश्विक भागीदारों के साथ मिलकर काम करते हुए हमारा लक्ष्य एक सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करना है।

भारत हाल ही में पैक्स सिलिका में शामिल हुआ है। यह अमेरिका के नेतृत्व वाला एक रणनीतिक गठबंधन है जिसे दिसंबर 2025 में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था जिसमें सेमीकंडक्टर, एआई और दुर्लभ मृदा तत्वों पर विशेष ध्यान दिया गया है। मोदी ने कहा, इसके अलावा, महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए भारत ने राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मिशन महत्वपूर्ण खनिजों के खनन और उत्पादन पर ज़ोर देता है।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि खनिजों के पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने के लिए 1,500 करोड़ रुपये की एक योजना शुरू की गई है। मोदी ने इस साल के बजट में रेयर अर्थ कॉरिडोर की घोषणा का ज़िक्र किया, जिसमें ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे तटीय राज्य शामिल हैं। उन्होंने कहा, यह कॉरिडोर एक एकीकृत नेटवर्क के रूप में कार्य करेगा, जो खनन, शोधन और विनिर्माण तक फैली एक सुदृढ़ मूल्य श्रृंखला का निर्माण करेगा। हमारा उद्देश्य देश के भीतर महत्वपूर्ण खनिजों का एक राष्ट्रीय भंडार स्थापित करना है।

### बिहार के

सहायक पुलिस अधीक्षक नूरुल हक ने कहा मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में भगदड़ के दौरान कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गयी, जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं। इस घटना में कई श्रद्धालु घायल भी हुए हैं। पुलिस बल और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और राहत एवं बचाव कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान की जा रही है। नालंदा के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शुभम कुमार ने पत्रकारों से कहा कि मंदिर में अत्यधिक भीड़ के कारण यह हादसा हुआ होगा। उन्होंने कहा इस घटना में आठ श्रद्धालुओं की मौत हुई है और पांच से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंदिर में हुई भगदड़ में श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ स्थित शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ में हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया है। वह श्रद्धालुओं की मौत से बेहद दुखी हैं। उन्होंने मृतकों के निकटतम परिजनों को छह-छह लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

### पेट्रोल-डीजल

पूरी तरह सामान्य है। राज्य में 12,888 पेट्रोल पंप संचालित हैं। 27 से 29 मार्च के बीच हजारों किलोलीटर ईंधन की बिक्री हुई है वहीं वर्तमान में प्रदेश में करीब 91 हजार किलोलीटर पेट्रोल और 1.15 लाख किलोलीटर डीजल का स्टॉक उपलब्ध है।

### ईरान के

के लिए कूटनीतिक प्रयास जारी हैं। इस बीच, ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में हमले तेज करते हुए दुबई के जलक्षेत्र में एक कुवैती तेल टैंकर को ड्रोन से निशाना बनाया, जिससे उसमें आग लग गई। हालांकि बाद में आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में दुबई में चार लोग घायल भी हुए। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि ईरान केवल अमेरिकी बलों को निशाना बना रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि अमेरिकी बलों को क्षेत्र से बाहर किया जाना चाहिए।

### विविध सांस्कृतिक

प्रदान और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर अपने प्रश्न रखे, जिन पर मुख्यमंत्री ने विस्तार से अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने उत्तर-पूर्वी राज्यों को अष्टलक्ष्मी बताते हुए कहा कि वहां की समृद्ध परंपराएं और सांस्कृतिक धरोहर देश की पहचान को और अधिक सशक्त बनाती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे संवाद कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों के बीच आपसी समझ और एकता को बढ़ावा देते हैं। तीन दिवसीय यात्रा के दौरान यह दल देहरादून से उत्तरकाशी तक विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर राज्य की संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य से रूबरू हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड और उत्तर-पूर्वी राज्यों के बीच भौगोलिक परिस्थितियों के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों में भी काफी समानता है, जो राष्ट्रीय एकता को मजबूती प्रदान करती है। छात्रों की ओर से उठाए गए सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि राज्य में अध्ययनरत सभी बाहरी छात्रों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और हेल्पलाइन सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। महिला सशक्तिकरण पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लखपति दीदी योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं के समग्र विकास के लिए 19 हजार करोड़ रुपये का जेंडर बजट निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने उत्तर-पूर्व के प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता की सराहना करते हुए कहा कि वहां की पर्वतमालाएं, चाय बागान, झीलें और परंपराएं देश की सांस्कृतिक समृद्धि को नई ऊंचाई देती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र तेजी से प्रगति कर रहे हैं। नीति के माध्यम से कनेक्टिविटी, व्यापार, पर्यटन और डिजिटल क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास हुआ है।

### सेवा, संकल्प

विराज सागर दास द्वारा लोगों के लिए तमाम निःशुल्क सेवाएं आज संजीवनी बन चुकी हैं। धार्मिक विरासत की पहचान ऐतिहासिक गणेश महोत्सव बन चुका है। बीबीडी ग्रुप समाज सेवा के अपने संकल्प के तहत सर्दियों में शहर के प्रत्येक चौराहों पर अलाव जलवाने, गरीबों को कम्बल वितरण करने, तपती गर्मियों में प्याऊ लगवाकर ठंडे पानी से लोगों की प्यास बुझाने और समय- समय पर भण्डारे का आयोजन कर भोजन वितरण के कार्यक्रमों के जरिए समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कहना अतिशयोक्ति न होगा कि समाजसेवा ही बीबीडी ग्रुप का एकमात्र ध्येय है।

उन्होंने कहा कि डॉ. अखिलेश दास गुप्ता का योगदान केवल राजनीति और सामाजिक सेवा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने शिक्षा और खेल के क्षेत्र में भी स्थायी और प्रभावशाली विरासत स्थापित की। उनके मार्गदर्शन में वर्ष 2003 में बाबू बनारसी दास एजुकेशनल सोसाइटी लखनऊ द्वारा नई दिल्ली में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (पूर्व में एडीजीआईटीएम) की स्थापना की गई, जो आज उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित संस्थान के रूप में स्थापित है। खेल प्रशासन के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा, जिसने युवाओं को नई दिशा और अवसर प्रदान किए। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ने विशेष रूप से बैडमिंटन के क्षेत्र में भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के रूप में उनके नेतृत्व में भारत ने न केवल अपना पहला ओलंपिक पदक जीता, बल्कि 2013 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक सहित कई अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियां हासिल कीं। एक पूर्व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी होने के नाते उन्होंने खिलाड़ियों को केंद्र में रखकर नीतियां बनाईं। इसके साथ ही सामाजिक सरोकारों को केंद्र में रखते हुए ऑल इंडिया वाल्मीकि महासभा द्वारा दोपहर अच्छे लाल वाल्मीकि सामाजिक चेतना वाटिका, परिवर्तन चौक, हजरतगंज में कोऑपरेटिव सोसाइटी, नगर निगम लखनऊ के पूर्व चेयरमैन कमल वाल्मीकि और पूर्व पार्षद प्रत्याशी आयुष वाल्मीकि द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।

इसके अलावा संत मदर टेरेसा आश्रम, सप्रू मार्ग, हजरतगंज में दोपहर जय श्री बिजनेस कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अजय दीप एवं एमडी जयश्री प्रिया गुप्ता के नेतृत्व में फल वितरण और केक काटकर जयंती मनाई गयी। दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य महेश चंद्र राठौर एवं स्पर्श दरबारी द्वारा सिविल अस्पताल, हजरतगंज में दोपहर मरीजों और उनके तीमारदारों को भोजन एवं फल वितरित किया गया।

संदीप अग्रवाल द्वारा नरही में 250 स्कूली बच्चों को स्कूली बैग एवं किट वितरित किया गया। इन विविध आयोजनों के माध्यम से न केवल डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के योगदान का स्मरण किया गया बल्कि उनकी उस सोच को भी आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया जिसमें शिक्षा, सेवा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच ही सबसे बड़ी प्राथमिकता थी। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की जयन्ती के अवसर पर देश की राजधानी नई दिल्ली एवं लखनऊ के साथ साथ पूरे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में राजनीतिज्ञ, शिक्षाविद् व खेल जगत से जुड़ी तमाम हस्तियों, बीबीडी परिवार के सभी सदस्यों ने डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी को श्रद्धा के साथ याद किया। इस मौके पर सर्वश्री कैलाश पाण्डेय, अरुण गुप्ता, राजीव बाजपेयी, अशोक सिंह, रेहान अहमद खान, सुबोध श्रीवास्तव, निहाल खान, अचल मेहरोत्रा, डॉ. पीएस जायसवाल, वंदना राज अवस्थी, शान बख्शी, आशा मौर्या, कमलेश गुप्ता, उमा गुप्ता, ऊषा बाल्मीकि, चन्द्र रावत सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।




# पंजाब ने गुजरात को तीन विकेट से हराया

## आईपीएल : डेब्यू मैच में कूपर कोनोली की फिफ्टी, विजयकुमार वैशाख ने लिए 3 विकेट

एजेंसी



मुल्लांपुर। आईपीएल के चौथे मैच में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 3 विकेट से हरा दिया। मुल्लांपुर में मंगलवार को पंजाब ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। गुजरात ने 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए। पंजाब ने 19.1 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल किया। डेब्यू मैच खेलने उतरे ऑस्ट्रेलिया के कूपर कोनोली ने पंजाब से फिफ्टी लगाई। उनकी पारी ने ही टीम को जीत दिलाई। विजयकुमार वैशाख ने 3 और युजवेंद्र चहल ने 2 विकेट लिए। गुजरात से शुभमन गिल ने 39 और जोस बटलर ने 38 रन बनाए। प्रसिद्ध कृष्णा को 3 विकेट मिले। पंजाब ने 109 रन तक 2 ही विकेट गंवाए थे। यहां प्रसिद्ध बॉलिंग करने आए, उन्होंने 2 ओवर में 3 विकेट झटक लिए। पंजाब ने 118 रन तक 6 विकेट गंवा दिए। 144 पर 7वां विकेट भी गिर गया। यहां से कोनोली आखिर तक टिके रहे और टीम को जीत दिला दी।

आईपीएल के चौथे मैच में गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को 163 रन का टारगेट दिया। मुल्लांपुर में पंजाब ने बॉलिंग चुनी। गुजरात ने 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 39 और जोस बटलर ने 38 रन बनाए। पंजाब से विजयकुमार वैशाख ने 3 और युजवेंद्र चहल ने 2 विकेट लिए। अर्शदीप सिंह ने 20वें ओवर में 11 गेंदें फेंकीं। ओवर में 4 वाइड और 1 नो-बॉल शामिल रहीं। यह आईपीएल के किसी एक ओवर में सबसे ज्यादा गेंदें फेंकने के रिकॉर्ड की बराबरी रही। अर्शदीप सिंह ने 20वें ओवर में 11 गेंदें फेंक दीं। ओवर में 4 वाइड और 1 नो-बॉल शामिल रहीं। यह आईपीएल के किसी एक ओवर में सबसे ज्यादा गेंदें फेंकने के रिकॉर्ड की बराबरी रही। उनसे पहले शार्दूल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा और हार्दिक पंड्या भी 11-11 गेंदें फेंक चुके हैं। 19वें ओवर में विजयकुमार वैशाख ने 2 विकेट लिए। ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने शाहरुख खान को अर्शदीप सिंह के हाथों कैच कराया।

शाहरुख 4 रन ही बना सके। वैशाख ने वॉशिंगटन सुंदर और ग्लेन फिलिप्स को भी पवेलियन भेजा। 19वें ओवर में गुजरात ने पांचवां विकेट गंवाया। ओवर की पहली बॉल विजयकुमार वैशाख ने स्लोअर बाउंसर फेंकी। वॉशिंगटन सुंदर ने शॉट खेला, लेकिन एक्स्ट्रा कवर्स पोजिशन पर कैच हो गए। वे 18 रन ही बना सके। 18 ओवर के बाद गुजरात ने 4 विकेट खोकर 144 रन बना लिए। टीम से वॉशिंगटन सुंदर और शाहरुख खान पिच पर मौजूद रहे। 16वें ओवर में गुजरात ने चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बॉल युजवेंद्र चहल ने गुड लेंथ पर फेंकी। जोस बटलर ने आगे निकलकर बड़ा शॉट खेला, लेकिन लॉन्ग ऑन पर जैवियर बार्टलेट के हाथों कैच हो गए। बटलर ने 38 रन बनाए। 14वें ओवर में गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया। ओवर की आखिरी बॉल विजयकुमार वैशाख ने फुलर लेंथ फेंकी। ग्लेन फिलिप्स ने सामने की ओर शॉट खेला, लेकिन लॉन्ग ऑफ पर मार्को यानसन के हाथों कैच हो गए। फिलिप्स ने 17 गेंद पर 25 रन बनाए। 12वें ओवर में गुजरात टाइटंस ने अपनी सेंचुरी पूरी कर ली।

ग्लेन फिलिप्स ने युजवेंद्र चहल के खिलाफ चौका लगाया और टीम के 100 रन पूरे करा दिए। 10वें ओवर में गुजरात ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की तीसरी बॉल युजवेंद्र चहल ने गुड लेंथ पर फ्लाइटेड फेंकी। शुभमन गिल ने स्लॉग स्वीप खेला, लेकिन डीप मिड-विकेट पोजिशन पर कैच हो गए। शुभमन ने 39 रन बनाए।

गुजरात टाइटंस ने 7वें ओवर में पारी का पहला छक्का लगाया। जोस बटलर ने विजयकुमार वैशाख की स्लोअर गेंद को सामने की दिशा में बाउंड्री के बाहर भेज दिया। गुजरात टाइटंस ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। टीम ने 6 ओवर में एक भी छक्का लगाए बिना 54 रन बना लिए। जोस बटलर और कप्तान शुभमन गिल पिच पर मौजूद रहे। वहीं साई सुदर्शन 13 रन बनाकर आउट हुए। चौथे ओवर में पहली बार बॉलिंग करने आए मार्को यानसन ने पंजाब को पहला विकेट दिलाया। ओवर की चौथी बॉल उन्होंने गुड लेंथ पर फेंकी।

साई सुदर्शन हवा में शॉट खेलने गए, लेकिन मिड ऑफ पर कैच हो गए। उन्होंने 11 गेंद पर 13 रन बनाए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात ने 3 ओवर में 35 रन बना लिए। शुभमन गिल और साई सुदर्शन हर ओवर में औसतन 12 रन बना रहे हैं। गुजरात टाइटंस के लिए शुभमन गिल और साई सुदर्शन ओपनिंग करने उतरे। दोनों ने अर्शदीप सिंह के खिलाफ पहले ओवर में 9 रन बनाए। तेज गेंदबाज अशोक शर्मा को गुजरात टाइटंस के लिए आईपीएल डेब्यू का मौका मिला। दूसरी ओर पंजाब किंग्स के कूपर कोनोली भी डेब्यू कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ का मानना है कि आईपीएल 2026 के पहले मैच में वैभव सूर्यवंशी ने जिस तरह विश्व स्तरीय गेंदबाजों को दबाव में ला दिया, वह उसकी खास प्रतिभा और निडर खेल का परिचायक है। पंद्रह वर्ष के सूर्यवंशी ने 15 गेंद में अर्धशतक जमाकर राजस्थान रॉयल्स को चेन्नई सुपर किंग्स पर शानदार जीत दिलाई। पिछले साल आईपीएल शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने सूर्यवंशी ने मैट हेनरी और नूर अहमद जैसे गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। बांगड़ ने स्टार स्पोटर्स से कहा, वैभव सूर्यवंशी अलग ही खिलाड़ी है। उसने गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ दी। मैट हेनरी और खलील अहमद जैसे गेंदबाजों पर दबाव बनाया।

वहीं नूर अहमद जैसे गेंदबाज के लिये भी परेशानी का सबब बना। उन्होंने कहा, उसने पंद्रह वर्ष की उम्र में चार बेहतरीन गेंदबाजों पर अपनी बेखौफ बल्लेबाजी से दबाव बनाया। यह उसकी खासियत है और मुझे बहुत पसंद है। जिस तरह से उसने इस सत्र में शुरूआत की है, यह उसके लिये यादगार रहने वाला है। वहीं दूसरी ओर आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि कैमरन ग्रीन से आईपीएल और आस्ट्रेलिया क्रिकेट में काफी उम्मीदें हैं लेकिन इस हरफनमौला में वह काबिलियत है जिससे वे इन उम्मीदों को संतुलित करते हुए अपने कैरियर को लगातार उंचाइयों की ओर ले जा सकते हैं।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स का पहला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से आज

एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ सुपर जाइंट्स बुधवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 में अपने अभियान की शुरूआत करेगी तो कप्तान ऋषभ पंत पर प्रदर्शन में सुधार का काफी दबाव रहेगा। पिछले साल लखनऊटीम के साथ बतौर कप्तान और स्टार बल्लेबाज अपने पहले साल में पंत अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके थे। प्रमुख खिलाड़ियों खासकर तेज गेंदबाजों की चोटों ने उनकी मुश्किलें और बढा दी थी। इस साल उनके पास पूरी तरह से फिट टीम है और मोहम्मद शमी तथा एनरिच नॉर्किया जैसे अनुभवी गेंदबाजों के आने से आक्रमण मजबूत हुआ है। अक्सर चोटिल रहने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पिछले एक साल में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है और लखनऊको उम्मीद होगी कि वह उस भरोसे पर खरे उतरें जो टीम ने उन पर किया है। तेज गेंदबाज मोहसिन खान भी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं जबकि प्रिंस यादव ने भी अपनी मध्यम तेज गेंदबाजी से प्रभावित किया है। स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी ने पहले साल में ही अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी थी और वह उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। गेंदबाजी की तुलना में लखनऊकी बल्लेबाजी बेहतर लग रही है। मिचेल मार्श और एडेन माक्रम आईपीएल की सबसे खतरनाक सलामी जोड़ियों में से है। पिछले सत्र में चौथे नंबर पर कोई कमाल नहीं कर सके पंत ने तीसरे नंबर पर शतक जमाया था।

वह तीसरे नंबर पर ही उतरेंगे जबकि निकोलस पूरन चौथे नंबर पर खेलेंगे। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले सत्र में सात सलामी जोड़ियों को आजमाया लेकिन बात नहीं बनी। इस सत्र में उन्हें शीर्षक्रम में स्थिरता की उम्मीद होगी। केएल राहुल पारी का आगाज करेंगे लेकिन उनके साथ पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल या पाथुम निसांका में से कौन होगा, अभी तय नहीं है। मध्यक्रम को मजबूती देने के लिये डेविड मिलर को लाया गया है जबकि दक्षिण अफ्रीका के ट्रस्टिन स्टब्स भी टीम में हैं। चोट के कारण मिचेल स्टार्क पहला मैच नहीं खेल सकेंगे लेकिन दिल्ली का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत है। कप्तान अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे दो मैच विनर उसके पास है। उनके साथ लुंगी एंगिडि भी हैं जो टी20 विश्व कप में जबर्दस्त फॉर्म में थे। मैच का समय : शाम 7.30 से।

टीमें :

लखनऊसुपर जाइंट्स : ऋषभ पंत (कप्तान), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीज्के, एडेन माक्रम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश महाराज सिंह, आवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन तेंदुलकर, मयंक यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिच नॉर्किया, जोश इंगलिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, मनिमारन सिद्धार्थ, मुकुल चौधरी

दिल्ली कैपिटल्स : अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नीतिश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी दर, पाथुम निसांका, लुंगी एंगिडि, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करूण नायर, साहिल पारख।

## संक्षेप

### चैम्पियनशिप : प्रिया की शानदार जीत

उलानबटोर। भारत की प्रिया ने एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को 5 . 0 से जीत दर्ज की जबकि जादूमणि सिंह जुझारू प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। महिलाओं के 60 किलो वर्ग में प्रिया ने कजाखस्तान की रिम्मा वोलोस्सेंको को 5 . 0 से हराया। अब उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की चेंजू यांग से होगा। जादूमणि को जापान के रिम्मा यामागुची ने 3 . 2 से हराया। यामागुची ने अस्ताना में हुए टूर्नामेंट में रजत और मुक्केबाजी विश्व कप फाइनल्स में कांस्य पदक जीता था।

### सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप में 29 टीमें

रांची। यहां बुधवार से शुरू हो रही 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में तीन श्रेणियों में 29 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट 12 अप्रैल तक चलेगा और टीमें ए, बी तथा सी श्रेणियों में भाग लेंगी। ए श्रेणी की टीमें चैम्पियनशिप खिताब के लिये खेलेंगी जबकि बी श्रेणी की शीर्ष दो टीमों और सी श्रेणी की विजेता टीम को प्रमोशन मिलेगा। ए और बी श्रेणी की आखिरी दो टीमें अगले साल क्रमशः बी और सी श्रेणी में खिसक जायेंगी। ए श्रेणी में बारह टीमों को चार पूल में बांटा गया है और नॉकआउट चरण नौ अप्रैल से खेला जायेगा। पूल ए में मेजबान हॉकी झारखंड, बिहार और महाराष्ट्र हैं जबकि पूल बी में ओडिशा, हॉकी पंजाब और हॉकी आंध्र प्रदेश हैं। पूल सी में हॉकी हरियाणा, हॉकी मध्यप्रदेश और मणिपुर हॉकी हैं। सभी टीमों को जीतने पर तीन अंक और ड्रॉ पर एक अंक मिलेगा।

### भारत का सामना सैफ अंडर 20 सेमीफाइनल में भूटान से

माले। गत चैम्पियन भारतीय टीम सैफ अंडर 20 फुटबॉल चैम्पियनशिप क सेमीफाइनल में बुधवार को भूटान से खेलेगी। दूसरा सेमीफाइनल नेपाल और बांग्लादेश के बीच खेला जायेगा। भारतीय टीम को ग्रुप चरण के बाद तीन दिन का ब्रेक मिला था जिसके बाद टीम तरोताजा होकर सेमीफाइनल में उतरेगी। खिलाड़ियों ने एक पूरा दिन बीच पर बिताया।

# किसी और को अपनी सीमाएं तय मत करने दो : शीतल देवी

एजेंसी

नयी दिल्ली। वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुनी गई दुनिया की नंबर एक शीतल देवी का मानना है कि यह सम्मान बरसों की कड़ी मेहनत, नाकामियों और चुपचाप किये गए बलिदानों को दर्शाता है और उनका फलसफा यही है कि किसी और को अपनी सीमायें तय करने नहीं दें। दुनिया की नंबर एक पैरा तीरंदाज शीतल को विश्व तीरंदाजी ने सोमवार को वर्ष 2025 का सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना जो उनकी असाधारण उपलब्धियों में एक और इजाफा है।

बैंकॉक में एक टूर्नामेंट में भाग ले रही शीतल ने भाषा से खास बातचीत में कहा यह अद्भुत है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाजों में नामांकन मिलना ही खास था और यह पुरस्कार जीतना यादगार और बहुत खास है। यह हर घंटे की कड़ी मेहनत, हर नाकामी और चुपचाप किये गए बलिदानों को दर्शाता है। जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ की 19 वर्ष की पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने दक्षिण कोरिया में 2025 विश्व पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में गत चैम्पियन और तत्कालीन नंबर एक तीरंदाज तुर्की की ओजनुर क्यूरे को हराकर खिताब जीता था। वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने वाली पहली भुजाहीन महिला तीरंदाज भी बनी।

शीतल ने कहा, यह माता रानी का आशीर्वाद है और उनकी कृपा मुझ पर हमेशा रहती है। मैं अपने परिवार, कोच, टीम और मेरे साथ विकट परिस्थितियों में भी खड़े रहने वाले हर व्यक्ति को इसका श्रेय देती हूं। उदीयमान खिलाड़ियों को क्या सुझाव देंगी, यह पूछने पर उन्होंने कहा कि सभी को संयम के साथ प्रक्रिया पर भरोसा करते हुए आगे बढना चाहिये। उन्होंने कहा किसी और को अपनी सीमायें तय मत करने दो। आपका सफर अपना है जिसमें संयम बनाये रखते हुए प्रक्रिया पर भरोसा रखो और हर दिन बेहतर करने की कोशिश करो। किसी में कोई कमी नहीं होती बस थोड़ी मेहनत की कमी होती है।

# केआईटीजी : शिव व पृथ्वी को स्वर्ण पदक



एजेंसी

रायपुर। झारखंड के स्प्रिंटर शिव कुमार सोरेन और पृथ्वी उरांव ने मंगलवार को यहां आयोजित पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (केआईटीजी) की 100 मीटर स्पर्धा में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मेजबान छत्तीसगढ़ के लिए सिद्धार्थ नागेश ने गोला फेंक में स्वर्ण और चक्का फेंक में रजत पदक जीता जबकि तिलक बारसेल ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। शिव कुमार और पृथ्वी ने अपने वर्गों की 100 मीटर की दौड़ में अपने राज्य के लिए गोल्डन डबल (दो स्वर्ण पदक) हासिल किया। शिव कुमार ने 10.58 सेकंड का समय लिया जबकि बारसेल ने 10.87 सेकंड से रजत पदक जीता। ओडिशा के आतिश किंडो (10.91 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ के फाइनल में 16 वर्षीय पृथ्वी ने 12.73 सेकंड का अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। नगालैंड की रुडुओल्हुनुओ बेल्हो (12.90 सेकंड) और झारखंड की पुतुल बख्शी (13.03 सेकंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। जगदलपुर में बेमौसम बारिश के कारण कल शाम का एथलेटिक्स सत्र रद्द हो गया था इसलिए आज सुबह का सत्र काफी व्यस्त रहा जिसमें सात फ़ाइनल मुक़ाबले हुए। पदक तालिका में कर्नाटक 19 स्वर्ण, सात रजत और सात कांस्य पदक के साथ पहले स्थान पर बना हुआ है जबकि ओडिशा 13 स्वर्ण, आठ रजत और 15 कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर है। झारखंड ने सात स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य पदक के साथ रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। छत्तीसगढ़ दो स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में 10वें स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर चेन्नई लायंस की जगह यूपी प्रोमेथियंस को अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में शामिल किया गया। आयोजकों ने मंगलवार को लीग के सातवें सत्र से पहले यह घोषणा की। यूपी टीम के मालिक उद्यमी मुकेश शर्मा हैं। यूटीटी के सातवें सत्र का आयोजन जुलाई में गोवा में होगा।

### मापारा, यादनिक व दांडेकर की लगातार चौथी जीत

मुंबई। पलाश मापारा, प्रतीक यादनिक और अमेया दांडेकर ने मंगलवार को यहां अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स के तीसरे सत्र के चौथे दौर में लगातार चौथी जीत दर्ज की। अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स मुंबई चेस सेंटर द्वारा आयोजित फिडे रेटिड क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट है। मापारा ने ध्रुव मुथे को और यादनिक आदित्य सिद्धार्थ को हराया। वहीं अमेया दांडेकर ने विराज राठी को शिकस्त देकर चौथी जीत दर्ज की।

# निःशुल्क प्ले एन फिट टेनिस ट्रेनिंग कैंप का हुआ समापन

खेल संवाददाता



लखनऊ। बिजनौर रोड स्थित ओमेक्स सिटी में प्ले एन फिट टेनिस अकादमी द्वारा आयोजित निःशुल्क टेनिस प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन हुआ। यह विशेष कैंप 26 मार्च से 31 मार्च 2026 तक चला, जिसमें 4 साल से लेकर 14 साल तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान हर दिन के लिए एक विशेष तकनीकी कौशल निर्धारित किया गया था। कैंप के पहले दिन खिलाड़ियों को 'फोरहैंड' की तकनीक सिखाई गई, वहीं दूसरे दिन 'बैकहैंड' शॉट पर ध्यान केंद्रित किया गया। अगले दिन खिलाड़ियों को सही तरीके से 'सर्व' करना सिखाया गया तथा नेट पर 'वॉली' मारने का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दो दिनों प्रतिभागियों के बीच रोमांचक मैच करवाए गए, ताकि वे अपनी सीखी हुई तकनीकों का मैदान पर प्रयोग कर सकें। टेनिस के तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ बच्चों के शारीरिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया। हर दिन 'फन गेम्स' के माध्यम से बच्चों को फिटनेस ट्रेनिंग दी गई, जिससे प्रशिक्षण मनोरंजक बना रहा। 31 मार्च 2026 को कैंप के अंतिम दिन, अकादमी के संस्थापक मोहम्मद उबैद द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

इस तरह के निःशुल्क कैंप समाज में स्वास्थ्य और खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। मोहम्मद उबैद ने बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का संचार होता है। आज के डिजिटल युग में, जहाँ बच्चे मोबाइल और स्क्रीन के करीब हैं, यह पहल उन्हें खेल के मैदान तक लाने और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती है।

# अंशुमान व एकलव्य एकल के क्वार्टर फाइनल में

खेल संवाददाता



लखनऊ। पांचवीं वरीय उत्तर प्रदेश के अंशुमान सिंह व एकलव्य सिंह ने प्रथम स्वर्गीय डॉ केएसएम यूनुस आइटा प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट में मुख्य ड्रा के दूसरे दिन जीत दर्ज करते हुए एकल के क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। इरम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा प्रायोजित टूर्नामेंट का आयोजन उत्तर प्रदेश टेनिस

- प्रथम स्वर्गीय डॉ केएसएम यूनुस आइटा प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट

एसोसिएशन के तत्वावधान में एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में किया जा रहा है। पुरुष एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीय उत्तर प्रदेश के अंशुमान सिंह ने उत्तर प्रदेश के ही वंश यादव को 6-4, 6-4 से हराया। वहीं उत्तर प्रदेश के एकलव्य सिंह ने उत्तर प्रदेश के ऋषि यादव के खिलाफ थोड़े संघर्ष के बाद 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की। वहीं एकल में अन्य मेजबान खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। अन्य प्री क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय महाराष्ट्र के अथर्व शर्मा ने दिल्ली के वंश बिष्ट को टाईब्रेक तक खिंचे मुकाबले में 6-4, 2-6, 7-6(10) से शिकस्त दी।

इसी के साथ दूसरी वरीय दिल्ली के सार्थक सूदन ने दिल्ली के आदित्य कोठारी को 6-3, 6-1 से और चौथी वरीय तमिलनाडु के मुकिल रामानन ने बिहार के वैभव सिंह को 6-3, 6-3 से मात दी। इसके अलावा क्वालीफायर हरियाणा के सुनील कुमार ने केरल के अरुण कुमार कौशिक को 6-1, 6-1 से, क्वालीफायर राजस्थान के अमित ने महाराष्ट्र के पार्थ आर पाटिल को 6-4, 6-3 से और क्वालीफायर हरियाणा के हर्ष मलिक ने पश्चिम बंगाल के आदित्य कुमार को 1-6, 6-1, 6-0 से पराजित करते हुए अंतिम आठ में स्थान सुरक्षित किया।

दूसरी ओर आज से शुरू हुए पुरुष पुरुष युगल के प्री क्वार्टर फाइनल में कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। अरुण कुमार कौशिक व यशार्थ चड्ढा ने शोभित टंडन व सौरभ कुमार सिंह को सुपर टाईब्रेक में 6-1, 3-6, 14-12 से हराया। वहीं राजेश्वर व पांशुल ओबोवेजा ने सुपर टाईब्रेक तक खिंचे रोमांचक मुकाबले में वंश यादव व ऋषि यादव को 0-6, 6-4, 10-3 से हराया।

### पहले लिटिल अंडमान प्रो 2026 से सर्फिंग सत्र की होगी शुरुआत

नई दिल्ली। भारत के बेहतरीन सर्फर और स्टैंड-अप पैडर नौ से 12 अप्रैल तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में होने वाली पहली लिटिल अंडमान प्रो 2026 - राष्ट्रीय सर्फ़ और एसयूपी चैंपियनशिप में पहला स्थान हासिल करने के लिए मुकाबला करेंगे। भारतीय सर्फिंग महासंघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडल (एसयूपी) दोनों स्पर्धायें होंगी। साथ ही इस प्रतियोगिता से प्रतिभागियों को इस साल के एशियाई खेलों से पहले अनुभव भी मिलेगा। भारत ने 2024 एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में अपना पहला एशियाई खेलों का कोटा हासिल किया था और महाबलीपुरम में हुए 2025 के चरण में उस लय को बनाए रखते हुए आखिरकार जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए अधिकतम चार स्थान सुनिश्चित किए जिसमें पुरुष और महिला दोनों वर्गों में दो-दो स्थान शामिल हैं।

# अभय और अनाहत ने एशियाई स्क्वाश 2025 के पुरस्कार जीते

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के अभय सिंह को एशियाई स्क्वाश महासंघ (एएसएफ) ने 2025 का उत्कृष्ट पुरुष खिलाड़ी घोषित किया जबकि उभरती हुई युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह को लड़कियों के वर्ग (जूनियर) में शीर्ष सम्मान के लिए चुना गया। एएसएफ द्वारा जारी विजेताओं की सूची के अनुसार भारतीय लड़कों की टीम को पुरुष टीम पुरस्कार के लिए चुना गया है जिसने मिस्र में आयोजित 2025 विश्व जूनियर टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

अभय वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज हैं। वह कई बार एशियाई खेलों में पदक जीत चुके हैं और एशियाई चैंपियनशिप के विजेता भी हैं। वह उस टीम का भी हिस्सा थे जिसने पिछले साल भारत को पहला विश्व कप मिश्रित टीम खिताब दिलाया था। विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत भी कई बार एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीत चुकी हैं। 2025 में उन्होंने काहिरा में आयोजित विश्व जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था और वह भारत की स्वर्ण पदक विजेता विश्व कप मिश्रित टीम का भी हिस्सा रही थीं।

### कनाडा सुपर 60 का दूसरा सत्र 29 सितंबर से शुरू

मुंबई। कनाडा सुपर 60 लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सत्र इस साल के आखिर में आयोजित किया जाएगा जिसमें पिछले सत्र की पुरुष वर्ग की विजेता ब्रैम्पटन ब्लिट्ज अपना खिताब बरकरार रखने की कोशिश करेगी जबकि टोरंटो सिक्सर्स महिलाओं के वर्ग में अपने मजबूत प्रदर्शन को बेहतर करने के लिए प्रयासरत होगी। यह लीग 29 सितंबर से चार अक्टूबर तक वैंकुवर के बीसी प्लेस स्टेडियम में होगी। लीग के साझेदार और भारत के मशहूर क्रिकेटर युवराज सिंह ने कहा कि क्रिकेट की दुनिया इस टूर्नामेंट की ओर बड़े उत्साह के साथ ध्यान दे रही है।

### पारंपरिक केंद्रों ही नहीं हर जगह खेले जायें टेस्ट : गांगुली

कोलकाता। भारत के पूर्व कप्तान और बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली चाहते हैं कि ईडन गार्डंस पर ज्यादा से ज्यादा टेस्ट हों लेकिन उन्हें यह देखकर भी खुशी होती है कि पारंपरिक प्रारूप के मैच गुवाहाटी और रांची जैसे केंद्रों पर खेले जा रहे हैं। बीसीसीआई ने पिछले सप्ताह भारतीय क्रिकेट टीम के 2026 . 27 के घरेलू सत्र का ऐलान करते हुए आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के टेस्ट कोलकाता और मुंबई जैसे पारंपरिक केंद्रों पर नहीं कराने का फैसला किया है। ये मैच 21 जनवरी से 25 फरवरी तक नागपुर, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में खेले जायेंगे। गांगुली ने स्पोटर्सस्टार की किताब मिरेकल एट ईडन के विमोचन से इतर कहा ईडन गार्डंस पर बड़े टेस्ट मैच होते देखना हमेशा अच्छा लगता है। कैब के अध्यक्ष और पूर्व खिलाड़ी होने के नाते मैं चाहता हूं कि यहां टेस्ट मैच हो लेकिन हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट की मेजबानी की थी। इसके बाद टी20 विश्व कप के मैच हुए और अब आईपीएल के मैच भी यहां हो रहे हैं।

# डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 65वीं जयंती पर हुए विविध आयोजन


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 65वीं जयंती पर वीपीसीएल में पुष्प अर्पित करते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास


फार्च्यून होटल के बाहर भंडारे का प्रसाद लेते लोग



पुष्प अर्पित करती अखिलेश दास गुप्ता स्कूल की शिक्षिका


परिवर्तन चौक पर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 65वीं जयंती पर उनको याद करते लोग


सिविल अस्पताल में मरीजों को बांटा गया फल


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता स्टेडियम में गायिका कनिका कपूर के गानों का आनंद लेते विराज सागर दास, श्रीमती अलका दास, देवांशी दास व सोनाक्षी दास


बीबीडी बैडमिंटन एकेडमी में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के चित्र पर पुष्प पर अर्पित करते डॉ. सुधर्मा सिंह


डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हिन्दी दैनिक वॉयस ऑफ लखनऊ परिवार के सदस्य


एल्डिको ग्रीन चौराहे पर आयोजित भंडारे में प्रसाद लेते लोग

फोटो : समीर भटनागर

## इंटरटेनमेंट...

## तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग बॉलीवुड फिल्म बनी 'धुरंधर 2'

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधरः द रिवेंज बॉलीवुड की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म का इंडियन कलेक्शन 846.87 करोड़ हो चुका है, जबकि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1350 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिक्ल के अनुसार, 29 मार्च यानी रिलीज के दूसरे रविवार को फिल्म ने 68.10 करोड़ रुपए कमाए, जबकि 28 मार्च (शनिवार) को 62.85 करोड़ कमाए थे। ऐसे में 11 दिनों में फिल्म ने भारत में 846.87 करोड़ और वर्ल्डवाइड 1350 करोड़ कमा लिए। इस कलेक्शन के साथ धुरंधर 2 तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बन गई है। यह फिल्म पिछले पार्ट धुरंधर के 1428 करोड़ के ऑल टाइम कलेक्शन को पार करने के करीब है, जो बॉलीवुड की दूसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म है। फिलहाल आमिर खान की दंगल पहले नंबर पर है। बॉलीवुड की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म धुरंधरः द रिवेंज, सभी भाषाओं में भारत की 5वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। यह आरआरआर और केजीएफ चैप्टर 2 का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है, लेकिन अब भी पुष्पा-2 और बाहुबली 2 से पीछे है। दंगल भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है, लेकिन भारत में इसका कलेक्शन सिर्फ 511 करोड़ था और ज्यादातर कमाई ओवरसीज से हुई।

**महज 11 दिनों में वर्ल्डवाइड कमाये 1350 करोड़, आमिर की दंगल को भी कर सकती है पीछे**



भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में बाहुबली 2 पहले स्थान पर है, जिसने 1429 करोड़ कमाए। दूसरे नंबर पर अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 और तीसरे पर धुरंधर है। इन बॉक्स ऑफिस आंकड़ों के साथ धुरंधर और धुरंधर 2 के डायरेक्टर आदित्य धर बॉलीवुड के इकलौते निर्देशक बन गए हैं, जिन्होंने 1000 करोड़ से ज्यादा कमाई वाली दो फिल्में दी हैं। उनसे पहले एसएस राजामौली भी बाहुबली और बाहुबली 2 जैसी दो 1000 करोड़ कमाने वाली फिल्में बना चुके हैं।

## ईरान-इजरायल वॉर के बीच किंग का शूटिंग शेड्यूल बिगड़ा

मुंबई। ईरान-इजरायल वॉर के बढ़ते तनाव का असर शाहरुख खान की फिल्म किंग पर पड़ा है। एक बड़ा एक्शन सीक्वेंस दुबई के रेगिस्तान में शाहरुख खान, सुहाना खान और अनिल कपूर के साथ शूट होना था, लेकिन सुरक्षा कारणों से शेड्यूल रद्द कर दिया गया। अब मुंबई में रेगिस्तान का सेट बनाया जा रहा है। मिड-डे की रिपोर्ट के अनुसार, किंग की दुबई शूटिंग का शेड्यूल महीनों पहले तय था और सभी परमिशन व फॉर्मेलिटीज पूरी हो चुकी थीं। शूटिंग 9 अप्रैल से एक हफ्ते के लिए शुरू होने वाली थी, लेकिन सुरक्षा को देखते हुए डायरेक्टर ने इसे रद्द कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, दुबई के सीन अब मुंबई के विले पार्ले स्थित स्टूडियो में शूट होंगे।

## फिल्म फ्लॉप हुई तो पनौती कहने लगे लोग : दिया मिर्जा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीया मिर्जा की फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' आज भले ही कल्ट क्लासिक मानी जाती हो, लेकिन रिलीज के वक्त इस फिल्म के फ्लॉप होने का खामियाजा एक्ट्रेस को भुगतना पड़ा था। दीया ने एक लेटेस्ट इंटरव्यू में खुलासा किया कि कैसे एक दौर में उन्हें इंडस्ट्री में 'पनौती' और 'बदकिस्मत' मान लिया गया था और उन्हें काम मिलना बंद हो गया था। इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में दीया ने बताया कि करियर की शुरूआत में उनकी तुलना ऐश्वर्या राय से की जाती थी। एक्ट्रेस ने कहा, मुझे याद है कि मेरी एक बड़ी फिल्म फ्लॉप हुई और अचानक सब बदल गया।

**ऐश्वर्या राय से होती थी तुलना फिर राजकुमार हिरानी से कॉल पर मांगना पड़ा काम**



## सलमान खान की नयी फिल्म का ऐलान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। इस बार वे साउथ के फिल्ममेकर वामशी पेडिपल्ली और प्रोड्यूसर दिल राजू के साथ काम करेंगे। सोमवार को सलमान खान और प्रोडक्शन हाउस 'श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स' ने सोशल मीडिया पर प्रोजेक्ट की घोषणा की। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन ड्रामा है, जिसकी शूटिंग अप्रैल से शुरू होगी। सलमान ने वामशी पेडिपल्ली के साथ फोटो शेयर कर लिखा, 'दिल, दिमाग, जिगर से अप्रैल से वामशी पेडपिल्ली और दिल राजू के साथ।' फिल्म का अस्थायी नाम एसबीसी63 है। एसबीसी63 बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर है, जिसे बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। इसमें हिंदी और दक्षिण भारतीय इंडस्ट्री के कलाकार शामिल होंगे। बताया गया है, 'यह फिल्म सलमान खान को पर्दे पर एक ऐसे अवतार में पेश करेगी, जैसा उनके फैंस ने इससे पहले कभी नहीं देखा होगा। फिल्म की शूटिंग पूरे भारत में अलग-अलग लोकेशन पर होगी और 14 अप्रैल से मुंबई के सेट से शुरू होगी।

**साउथ के फिल्ममेकर वामशी पेडिपल्ली काम करेंगे; अप्रैल से शुरू होगी शूटिंग**



फिल्म का निर्देशन वामशी पेडिपल्ली करेंगे। वे साउथ सिनेमा के ऐसे डायरेक्टर हैं जो अपनी फिल्मों में इमोशन और स्टारडम को प्रभावी ढंग से पेश करते हैं। उन्होंने प्रभास के साथ 'मुन्ना' से करियर शुरू किया और बाद में 'येवादु' व 'महार्षि' जैसी हिट फिल्में दीं। थलापति विजय के साथ उनकी फिल्म 'वारिसु' सफल रही थी। खास बात यह है कि फिल्म 'महार्षि' के लिए वामशी नेशनल अवॉर्ड जीत चुके हैं। फिल्म का निर्माण दिल राजू के बैनर तले होगा।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : **voiceoflucknow@gmail.com**